
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र



# देशबन्धु



नई दिल्ली, शुक्रवार, 27 अक्टूबर, 2023 | वर्ष-16 | अंक-202 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा ... 02

■ दिल्ली में डेंगू पर लगी लगाम, ब्रीडिंग 7 फीसदी से...
■ स्कूल गेम्स शुरू, 3545 स्कूलों ने लिया हिस्सा... 03

■ इजरायली टैंकों ने उत्तरी गजा पट्टी पर हमला किया
■ अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 22 की मौत 07

कंगना रनौत ने की रामलला के दर्शन 10

## सार संक्षेप

### सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में सजा पर सुनवाई 7 को



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने गुरुवार को 2008 में टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में दोषी ठहराए गए पांच व्यक्तियों के खिलाफ सजा की मात्रा पर बहस की सुनवाई 7 नवंबर के लिए तय की है। 18 अक्टूबर को, अदालत ने चार आरोपियों को महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) प्रावधानों के तहत और एक को चोरी की संपत्ति प्राप्त करने के लिए दोषी ठहराया था।

### बीएस येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा



बेंगलुरु। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुए जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे।

### इंद्र सेना रेड्डी नल्लू बने त्रिपुरा के राज्यपाल



अगरतला। तेलंगाना के पूर्व भाजपा नेता इंद्र सेना रेड्डी नल्लू ने गुरुवार को यहां राजभवन में एक समारोह में त्रिपुरा के 20वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। त्रिपुरा हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने नए राज्यपाल को पद की शपथ दिलाई। उन्होंने सत्यदेव नारायण आर्य की जगह ली है।

### लूटे गए 6 अत्याधुनिक हथियार बरामद



इंफाल। मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में लूटे गए छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं और दो आतंकवादियों और दो हथियारबंद लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा बलों ने थौबल जिले में दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए।

### सेना कमांडर ने सर्दियों की तैयारियों की समीक्षा की

**श्रीनगर।** लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने गुरुवार को सर्दियों के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए दक्षिण कश्मीर के कई इलाकों का दौरा किया। अधिकारियों ने कहा कि सेना के उधमपुर मुख्यालय के उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने घाटी स्थित चिनार कोर कमांडर के साथ शीतकालीन रणनीति की तैयारी की समीक्षा करने के लिए पुलवामा, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में राष्ट्रीय राइफल्स बटालियन का दौरा किया।

---

राजस्थान में ईडी की ताबड़तोड़ कार्रवाई

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डोटासरा के घर छापा

## मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे को हाजिर होने का समन

■ राजस्थान में 11 स्थानों पर छापेमारी की गईं
■ निर्दलीय विधायक हुडला के घर पर भी छापा

**जयपुर,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राजस्थान में ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। ईडी ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद डोटासरा के घर छापेमारी की है। वहीं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव के खिलाफ समन जारी किया है। उन्हें यह समन विदेशी मुद्रा अधिनियम, 1999 की धारा 37(1) और (3) के अंतर्गत जारी किया गया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने एक्स पर किए एक पोस्ट में प्रवर्तन निदेशाल के समन को लेकर जानकारी दी है। साथ ही इसी पोस्ट में उन्होंने ईडी की सिलसिलेवार कार्रवाई को लेकर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना भी साधा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए लिखा 'भाजपा नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके।' मुख्यमंत्री



ने गुरुवार की घटना पर चर्चा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। छापेमारी की प्रतिक्रिया में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने एक्स पर कहा, सत्यमेव जयते। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम ने डोटासरा के सीकर को निजी आवास के साथ-साथ जयपुर के सिविल लाइंस स्थित उनके सरकारी आवास की भी तलाशी ली। कुल मिलाकर राज्य में 11 स्थानों पर छापेमारी



ईडी की रेड रोज इसलिए होती है क्योंकि भाजपा ये नहीं चाहती कि राजस्थान में महिलाओं को, किसानों को, गरीबों को कांग्रेस द्वारा दी जा रही गारंटियों का लाभ मिल सके: **अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री राजस्थान**



चुनाव आते ही ईडी, सीबीआई, आईटी आदि भाजपा के असली 'पन्ना प्रमुख' बन जाते हैं। राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए भाजपा ने अपना आखिरी दांव चला: **मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

की गई। सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब ईडी के अधिकारी पहुंचे, प्रदेश कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अपने सीकर आवास पर मौजूद थे, इसके बाद उनसे पूछताछ की गई।

---

राजस्थान विधानसभा चुनाव

## कांग्रेस ने 19 उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी की

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। भाजपा और कांग्रेस दोनों अब तक 2-2 सूचियां जारी कर चुके हैं। भाजपा की दो सूचियों में 124 नाम तय हुए हैं जबकि कांग्रेस ने अब तक 76 नाम घोषित किए हैं। लंबे इंतजार के बाद शनिवार 21 अक्टूबर को कांग्रेस ने अपनी पहली सूची जारी की। इसके बाद अगले ही दिन दूसरी लिस्ट जारी हुई। अब गुरुवार को तीसरी लिस्ट जारी कर दी गई है। पहली लिस्ट में पार्टी ने 33 उम्मीदारों के नामों का एलान किया था, जबकि दूसरी सूची में कांग्रेस ने 44 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया था। अब तीसरी सूची में

■ कांग्रेस ने अब तक 76 नाम घोषित किए हैं

19 उम्मीदवारों के नाम का एलान किया गया है। जहां पहली सूची में अशोक गहलोत के साथ ही सचिन पायलट, दिव्या मदेरणा, गोविंद सिंह डोटासरा, डॉ. अर्चना शर्मा, ममता भूपेश के साथ ही अशोक चांदना का नाम भी शामिल था। तीसरी सूची में झाडोल में हीरालाल दरांगी को सुनील भाजत की जगह मिली है। वहीं, रेवदर-नीरज डांगी की जगह मोतीराम कोली। केशोराय पाटन-राकेश बोयत की जगह प्रेम बैरवा। बारां अटरू-पाना चंद मेघवाल। रतनगढ़ से भंवर लाल पुजारी की जगह पूसाराम गांदारा। वहीं बसपा से कांग्रेस में आए वाजिब अली, भाजपा से कांग्रेस में शामिल हुई शोभारानी कुशवाह को उन्हीं की सीटों पर फिर से प्रत्याशी बनाया गया है। सहाड़ा से गायत्री त्रिवेदी की जगह उन्हीं के देवर राजेंद्र त्रिवेदी को टिकट मिला है।

---



## श्रीलंका ने भी चैंपियन इंग्लैंड को धो डाला

**बेंगलुरु,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। लाहिरू कुमारा (35 रन पर 3 विकेट) और एंजेलो मैथ्यूज (14 रन पर 2 विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद पथुम निसंका (नाबाद 77) और सदीरा समराविक्रमा (नाबाद 65) के बेहतरीन अर्धशतकों की बदौलत श्रीलंका ने डिफेंडिंग चैंपियन इंग्लैंड को विश्व कप मुकाबले में गुरुवार को आठ विकेट से धोकर अपनी दूसरी जीत दर्ज की। खराब दौर से गुजर रहे इंग्लैंड को पांच मैचों में अपनी चौथी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसके लिए सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। श्रीलंका ने इंग्लैंड को 33.2 ओवर में 156 रन पर समेटने के बाद 25.4 ओवर में दो विकेट पर 160 रन बनाकर एकतरफा जीत हासिल की।

---

# आचार समिति ने महुआ को 31 को किया तलब

## निशिकांत दुबे व जय अनंत देहाद्राई समिति के सामने हुए पेश

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पैसे लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले की जांच कर रही लोकसभा की एथिक्स कमेटी ने टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा को अपनी सफाई देने के लिए 31 अक्टूबर को तलब किया है। इससे पहले गुरुवार को महुआ मोइत्रा के खिलाफ लोकसभा स्पीकर से शिकायत करने वाले निशिकांत दुबे और एडवोकेट जय

कैश फॉर क्वेरी मामला



अनंत देहाद्राई ने विनोद सोनकर की अध्यक्षता वाली एथिक्स कमेटी के सामने पेश होकर महुआ मोइत्रा के खिलाफ अपना बयान दर्ज करवाया और सारे तथ्यों को कमेटी के सामने रखा। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ पैसे और गिफ्ट लेकर सदन में सवाल पूछने को लेकर की गई शिकायत को जांच के लिए सदन की एथिक्स कमेटी को भेज दिया था।

### निशिकांत दुबे पर उठे सवाल

सूत्रों ने बताया कि कमेटी में यह भी कहा गया कि निशिकांत दुबे ने निजी लड़ाई के चलते महुआ पर आरोप लगाए। कमेटी में शामिल विपक्ष के एक सदस्य ने कहा कि क्योंकि निशिकांत दुबे की डिग्री पर महुआ ने सवाल उठाए गए थे इसलिए यह मामला उन्होंने उठाया है। इस पर निशिकांत ने कहा कि इस मुद्दे पर कोर्ट से भी क्लीनचिट मिल चुकी है।

---

# कतर ने 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को सुनाई फांसी की सजा

## भारतीय दूतावास को गिरफ्तारी की तुरंत नहीं दी गई थी जानकारी

**दोहा,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। कतर की एक अदालत ने भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों को मौत की सजा सुनाई है। ये एक साल से कतर की अलग-अलग जेलों में कैद हैं। भारत सरकार ने इस पर हैरानी जाहिर की है। उन्हें छुड़ाने के लिए कानूनी रास्ते खोजे जा रहे हैं। कतर सरकार ने 8 भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनके नाम हैं- कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टेन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टेन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने इंडियन नेवी के 8 पूर्व अफसरों को 30 अगस्त 2022 को गिरफ्तार किया। हालांकि

■ भारत सरकार ने फैसले पर जताई हैरानी
■ छुड़ाने के कानूनी रास्ते खोज रही सरकार
■ एक साल से अलग-अलग जेलों में कैद



### पूर्णेन्दु को मिल चुका है प्रवासी भारतीय सम्मान

दाहरा कंपनी में मैनेजिंग डायरेक्टर रिटायर्ड कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी को भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाने में उनकी सेवाओं के लिए साल 2019 में प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार मिला था। यह पुरस्कार पाने वाले वे आर्म्स फोर्सेज के एकमात्र शख्स हैं। उस वक्त दोहा में तब के भारतीय राजदूत पी कुमारन और कतर डिफेंस फोर्सेज इंटरनेशनल मिलिट्री कॉर्पोरेशन के पूर्व प्रमुख ने भी पूर्णेन्दु का स्वागत किया था।

भारतीय दूतावास को सितंबर के मध्य में पहली बार इनकी गिरफ्तारी के बारे में बताया गया। 30 सितंबर को इन भारतीयों को अपने परिवार के सदस्यों के साथ थोड़ी देर के लिए टेलीफोन पर बात करने की अनुमति दी गई। पहली बार कॉन्सुलर एक्सेस 3 अक्टूबर को गिरफ्तारी के एक महीने बाद मिला। इस दौरान भारतीय दूतावास के एक अधिकारी को इनसे मिलने दिया गया। इसके बाद इन लोगों को हर हफ्ते परिवार के सदस्यों को फोन करने की अनुमति दी गई। दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस दिसंबर में दिया गया।

### कतर की निजी कंपनी में काम करते थे

भारत के 8 पूर्व नौसैनिक कतर में दाहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी नाम की निजी कंपनी में काम करते थे। यह कंपनी डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी 8 भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया।

---

जम्मू-कश्मीर में मिली बड़ी कामयाबी

# कुपवाड़ा के मच्छेल में पांच आतंकी ढेर



■ बाकी वापस भागने में रहे कायमाब
■ 5 दिन पहले उड़ी में मारे गए थे आतंकी

जम्मू, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय सेना ने कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में एलओसी पार करने का प्रयास कर रहे आतंकियों में से पांच को ढेर कर दिया है। कुछेक के साथ अभी भी मुठभेड़ जारी थी और कुछेक वापस पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में भागने में कामयाब रहे थे। पांच दिनों के भीतर एलओसी पर यह दूसरा घुसपैठ का प्रयास है। इससे पहले दो आतंकियों को उड़ी में मार गिराया गया था। सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा में एलओसी के पास सेना और पुलिस ने एक विशेष सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। सीमा पार से हो रही घुसपैठ को विफल किया गया है। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है। वहीं, कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा के मच्छेल सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अभी आप्रेशन चल रहा है। मुठभेड़ के बारे में मामले को लेकर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि सेना और पुलिस की तरफ से आप्रेशन जारी है। घुसपैठ के लिए इस क्षेत्र से बार-बार कोशिश की जाती है।

---

# कर्नाटक में खड़े ट्रक में एसयूवी घुसी, 13 की मौत

## धुंध की वजह से हुआ हादसा, मुआवजे की घोषणा

चिक्कबल्लापुर, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बेंगलुरु के पास चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार को एक एसयूवी खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने कहा कि वह मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करेंगे। इस दौरान सीएम ने सभी मृत व्यक्तियों के परिवारों के लिए 2-2 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा की। पुलिस ने 12



शवों की पहचान कर ली है और एक व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। शवों को चिक्काबल्लापुरा शवगृह के परिसर में रखा गया है। सुबह की धुंध ने ड्राइवर के विजन को अवरुद्ध कर दिया था, जिस कारण यह हादसा हुआ। चिक्कबल्लापुर के पुलिस अधीक्षक डी.एल. नागेश ने कहा कि एसयूवी पीछे से एक ट्रक से टकरा गई, जिसमें 13 लोगों की मौत हो गई। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया और एक की अस्पताल में मौत हो गई। टक्कर के कारण कार के दरवाजे जाम हो गए और पीड़ितों को बचाने के लिए स्थानीय लोगों और पुलिस को उन्हें तोड़ना पड़ा।

---

इजरायल ने की भारत से मांग

# हमास को घोषित करें आतंकवादी संगठन

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। हमास के आंतंकी हमले के बाद भारत से मिले समर्थन के बाद इजरायल ने एक बडी मांग की है। भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा है कि उनका देश चाहता है कि भारत हमास को आतंकवादी संगठन घोषित करें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि हमास को,भारत में भी आधिकारिक तौर पर एक आतंकवादी संगठन के रूप मे नामित किया जाना चाहिए, जैसा कि कई अन्य देशों ने किया है। इनमें अधिकांश यूरोपीय देश, अमेरिका और कनाडा जैसे लांकतंत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इस बारे में नई दिल्ली में संबंधित अधिकारियों से बातचीत हुई है।

---

प्रदूषण — *कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचंकाक 300 के पार*

# दिल्ली-एनसीआर की हवा हुई खराब

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। दिल्ली-एनसीआर में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार है। बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जबकि चार इलाकों में 300 के पार रहा जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, बुधवार के मुकाबले 12 सूचकांक की वृद्धि हुई है।**

वहीं, चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके साथ ही, 26 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई। एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बनी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली



का धुआं धीरे-धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे स्मॉग देखने को मिल रहा है। दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है।

सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद

■ आगे और होंगे हालात खराब, एनसीआर में ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित

खराब हवा दर्ज की गई। इनमें आनंद विहार व शादीपुर में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें आनंद विहार में सूचकांक 311, शादीपुर में 303, नेहरू नगर में 302 और बवाना में 301 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में 297, द्वारका सेक्टर-8 में 224, मुंडका में 291, एनएसआईटी द्वारका में 291, पंजाबी बाग में 273, नरेला में 265, पटपड़गंज में 259 समेत 26 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 171, डीटीयू में 193 व दिलशाद गार्डन में 198, पूसा में 184 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार दिल्ली-एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सबसे अधिक वायु गुणवत्ता सूचकांक दर्ज किया गया। यहां एक्यूआई 260 रहा। वहीं, दिल्ली में 256, फरीदाबाद में 254 गाजियाबाद में 235 व गुरुग्राम में 230 एक्यूआई दर्ज किया गया।

# देश

**उवाच** "वैज्ञानिक तरीके से फसलों के बीज उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश की जरुरतों को पूरा किया जा सकेगा और दुनिया को इनका निर्यात भी किया जा सकेगा जिसका सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलेगा। देश में वैज्ञानिक ढंग से तैयार बीज भरपूर मात्रा में किसानों को उपलब्ध नहीं है जिससे नुकसान हो रहा है। प्रमाणिक बीज किसानों तक उपलब्ध कराने के लिए इसका उत्पादन बढाना होगा:- **अमित शाह, गृह एवं सहकारिता मंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 31.8 | 15.8 |
| मुंबई | 36.1 | 22.4 |
| कोलकाता | 32.7 | 24.4 |
| चेन्नई | 32.6 | 24.1 |

# देश के हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों पर फोकस की जरूरत: राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हवाई युद्धनीति के क्षेत्र में नए रुझान सामने आए हैं और रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। सिंह ने भारतीय वायु सेना (आईएएफ) से देश के वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया। दिल्ली में गुरुवार को शुरू हुई दो दिवसीय एयरफोर्स कमांडर्स कॉन्फ्रेंस में राजनाथ ने यह बात कही। सत्र के दौरान वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी.आर. चौधरी ने रक्षा मंत्री को भारतीय वायुसेना की परिचालन तैयारियों के बारे में जानकारी दी। कमांडरों को संबोधित करते हुये राजनाथ सिंह ने परिचालन तैयारियों को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया और तीनों सेवाओं द्वारा संयुक्त योजना और संचालन के कार्यान्वयन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने वायुसेना कमांडरों से तेजी से बदलती वैश्विक भू-राजनीतिक स्थिति पर नजर रखने और भारतीय संदर्भ में उनका आकलन करने का आग्रह किया।



**रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए उनका विश्लेषण करने और उनसे सीखने की जरूरत है। देश के वायु क्षेत्र की रक्षा के लिए वायु रक्षा प्रणालियों को मजबूत करने, ड्रोन के उपयोग और एयरोस्पेस के क्षेत्र में प्रगति पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया:- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

रक्षा मंत्री ने कहा, 'वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य से नई चुनौतियां उत्पन्न हो रही हैं। हमें उनसे निपटने के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए।' सिंह ने हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और अन्य बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में हाल के मानवीय सहायता और आपदा राहत (एचएडीआर) मिशनों के दौरान भारतीय वायुसेना द्वारा निभाई गई शानदार भूमिका की सराहना की। उन्होंने प्रयागराज में वायु सेना दिवस परेड और एयर डिस्प्ले के सफल आयोजन के लिए भी भारतीय वायुसेना को बधाई दी, जिसे लोगों ने खूब सराहा। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि द्विवार्षिक रूप से आयोजित सम्मेलन में वर्तमान भू-राजनीतिक वातावरण और तकनीकी अनिवार्यताओं को देखते हुए एलएएफ के आगे का मार्ग तैयार करने पर चर्चा शामिल है। रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि सम्मेलन के दौरान प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सुरक्षा विशेषज्ञों और विभिन्न क्षेत्रों की निपुण हस्तियों को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

### खराब वाहनों की नीलामी से मिला 55 करोड़ रुपए का राजस्व : रक्षा मंत्रालय

रक्षा मंत्रालय के ऐसे वाहन जो खराब हो चुके हैं, उन्हें बेचकर 55 करोड रुपए से अधिक का राजस्व अर्जित किया है। यह प्रक्रिया रक्षा मंत्रालय द्वारा शुरू किए गए स्वच्छता अभियान का हिस्सा है। इसी अभियान के अंतर्गत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 26 अक्टूबर को नई दिल्ली के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय के सचिवालय में सफाई का निरीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि मंत्रालय ने साउथ ब्लॉक में फर्नीचर स्क्रैप और फोटोकॉपियर मशीनों जैसे अप्रचलित और बेकार आईटी उपकरणों के निपटान से 5.34 लाख रुपये का राजस्व अर्जित किया है। मंत्रालय ने बताया कि खराब हो चुके वाहनों की नीलामी से भी 55 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। स्वच्छता की इसी भावना को ध्यान में रखते हुए चल रहे विशेष अभियान 3.0 के दौरान एक पुराने अप्रयुक्त कमरे का कचरा साफ किया गया और उसका नवीनीकरण किया गया तथा उसे 'महिला विश्राम कक्ष' में रूपांतरित कर दिया गया, जहां कर्मचारी दोपहर के भोजन के दौरान खुद को तरोताजा कर सकते हैं।

**फलैग-कांग्रेस ने चुनावी राज्य राजस्थान में ईडी की छापेमारी की निंदा की, कहा**

# एजेंसियां बीजेपी की मुख्य 'पन्ना प्रमुख'

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। कांग्रेस ने गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा चुनावी राज्य राजस्थान में पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के परिसर सहित 11 स्थानों की तलाशी लेने और पूछताछ के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गेहलोत को तलब करने पर अपना गुस्सा व्यक्त किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में भाजपा की आलोचना करते हुए कहा, 'जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता है, ईडी, सीबीआई और आईटी भाजपा के लिए मुख्य 'पन्ना प्रमुख' बन जाते हैं। राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए, भारतीय जनता पार्टी ने अपना आखिरी दांव खेला।' उन्होंने कहा, 'छत्तीसगढ़ के बाद, ईडी ने विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए राजस्थान में भी कांग्रेस नेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मोदी सरकार की तानाशाही लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। हम एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे और जनता भाजपा को इसका कड़ा जवाब देगी।' कई स्थानों पर ईडी की तलाशी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, गहलोत ने कहा, 25 अक्टूबर को, कांग्रेस ने राज्य में महिलाओं के लिए गारंटी की शुरुआत की। 26 अक्टूबर को, राजस्थान कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के परिसरों की ईडी ने तलाशी ली। मेरे बेटे वैभव गहलोत की भी तलाशी ली गई। ईडी के सामने पेश होने के लिए समन भेजा गया।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'अब आप समझ सकते हैं कि मैं क्यों कह रहा हूं कि राजस्थान में ईडी की छापेमारी होती रहती है, क्योंकि भाजपा नहीं चाहती कि महिलाओं, गरीबों, किसानों को कांग्रेस द्वारा वादा किया गया गारंटी मिले।' उन्होंने अपने बेटे वैभव को फेमा के तहत ईडी के समन की प्रति भी संलग्न की।



**जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आता है, ईडी, सीबीआई और आईटी भाजपा के लिए मुख्य 'पन्ना प्रमुख' बन जाते हैं। राजस्थान में अपनी निश्चित हार को देखते हुए, भारतीय जनता पार्टी ने अपना आखिरी दांव खेला:-मल्लिकार्जुन खड़गे**

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने भी सरकार पर पलटवार करते हुए कहा, 'पिछले हफ्ते अशोक गहलोत ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी और केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाए थे., आज एक बार फिर राजस्थान में ईडी सक्रिय हो गई है, मोदी जी सीधे चुनाव लड़ें' केंद्रीय एजेंसियों की मदद न लें।'

## राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का है: कमलनाथ



छिंदवाड़ा। कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा है कि राम मंदिर पूरे देश और सनातनियों का मंदिर है। छिंदवाड़ा के शिकारपुर में अपने आवास पर अयोध्या राम मंदिर और भाजपा की बयानबाजी को लेकर पूछे गए सवाल पर कमलनाथ ने सवाल करते हुए कहा कि राम मंदिर क्या बीजेपी का मंदिर है, यह राम मंदिर पूरे देश का है, सनातनियों का है। राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस की ओर से घोषित किए गए उम्मीदवारों में बदलाव किए जाने के सवाल पर कमलनाथ ने कहा कि जिन उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने में असमर्थता जताई और जिन स्थानों को लेकर न्यायालय के फैसले आए हैं, वहां पर उम्मीदवारों को बदला गया है। दरअसल, राज्य में कांग्रेस अब तक सात उम्मीदवारों को बदल चुकी है और आने वाले दिनों में कुछ उम्मीदवारों को बदला जा सकता है। प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने आगे कहा कि प्रदेश की तस्वीर हर मतदाता के सामने है और वह भ्रष्टाचार से लेकर बेरोजगारी, कमीशनखोरी से परेशान हैं।

**सार संक्षेप**

### कांग्रेस से माकपा में आये प्रशांत को पिनाराई सरकार में बड़ा पद

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस छोड़कर सत्तारूढ़ माकपा में शामिल होने के तीन साल बाद पी.एस. प्रशांत को गुरुवार को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। प्रशांत एक अन्य माकपा नेता के. अनंतगोपन की जगह लेंगे जिनका कार्यकाल शीघ्र ही समाप्त होने वाला है। विजयन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ एलडीएफ के शीर्ष नेतृत्व ने प्रशांत को त्रावणकोर देवासम बोर्ड का नया अध्यक्ष बनाने का फैसला किया। त्रावणकोर देवासम बोर्ड एक प्रतिष्ठित मंदिर बोर्ड है जो प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर सहित दक्षिण केरल के जिलों में उसके सभी मंदिरों की देखरेख की जिम्मेदारी संभालता है। प्रशांत 2021 के विधानसभा चुनावों में राज्य के राजधानी जिले के नेदुमगाडु निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार थे। वह वर्तमान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्य मंत्री जी.आर. अनिल से 23 हजार से अधिक वोटों से हार गए थे।

### निशा बांगरे की स्थिति न घर के और न घाट के जैसी


**भोपाल।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने का फैसला कर चुकी पूर्व डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे की स्थिति न घर की और न घाट के जैसी हो गई है। कांग्रेस ने बैतूल जिले के आमला विधानसभा क्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। राज्य में विधानसभा चुनाव की घोषणा होने से पहले ही निशा बांगरे ने डिप्टी कलेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। वह छतरपुर जिले के लव कुश नगर में पदस्थ थी, वे आमला से चुनाव लड़ने का फैसला कर चुकी थी और संभावना यही थी कि उन्हें कांग्रेस यहां से उम्मीदवार बनाएगी। निशा का इस्तीफा सरकार की ओर से मंजूर नहीं किया गया और कांग्रेस ने 230 में से 229 क्षेत्र के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए और अमला के उम्मीदवार के फैसले को पेंडिंग रखा।

### नरोत्तम मिश्रा के 'हेमा मालिनी तक को नचवाने' के बयान पर कांग्रेस हमलावर

भोपाल। मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बदलते दतिया की कहानी सुनाते हुए मथुरा की सांसद 'हेमा मालिनी तक को नचवाने' की बात कह दी। उनके इस बयान पर कांग्रेस हमलावर है। इसे महिलाओं का अपमान करार दे रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा का एक बयान वायरल हो रहा है, जिसमें वे दतिया की विकास गाथा का जिक्र कर रहे हैं और कह रहे हैं कि मेरे दतिया ने उड़ान भरी तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर हेमा मालिनी तक को नचवा दिया। इस वीडियो को टैग करते हुए एक्स पर पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के मीडिया सलाहकार पियूष बबेले ने लिखा है कि यह मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा हैं। भाजपा सांसद ड्रीम गर्ल हेमा को नचवाने की बात कह रहे हैं। महिलाओं का अपमान ही भाजपा की पहचान है।

# भारत पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा : मोहन भागवत

**सहारनपुर,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। सरसंघचालक मोहन भागवत गुरुवार को सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में शिरकत करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सारी दुनिया का धर्म एक है, जबकि पंथ और संप्रदाय अलग हो सकते हैं। धर्म सभी को जोड़कर रखता है। धर्म शाश्वत है। इसका अंत होगा तो सृष्टि समाप्त होगी। संत भी अलग-अलग संप्रदाय के होते हैं, लेकिन अंदर से सब एक हैं। उन्होंने कहा कि भागवत गीता में भारत के जीवन का निचोड़ है। जिसमें कहा गया है कि कुशलता पूर्वक काम करो। जो भी करो उत्तम करो। जीवन में किसी भी स्थिति से भागना नहीं है। डटकर मुकाबला करना है। स्थिति बदलती रहती है। भारत में एक विशेषता है कि वह पूरी दुनिया को धर्म की राह दिखा रहा है। संघ प्रमुख ने कहा कि हम धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करता है। प्रकृति के साथ मानवता चले, यह भारत का कर्तव्य है। सृष्टि को धर्म की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि धर्म साश्वत है, अगर यह खत्म हुआ तो श्रृष्टि भी खत्म हो जाएगी। इसलिए कुशलतापूर्वक कार्य करें। कभी भी अपने अंदर अंहकार मत लाओ। पवित्रता जरूरी है। व्यक्ति को श्रद्धा, दान और त्याग की भावना रखनी होगी। जीवन मे आने वाली परिस्थितियों से भागना नहीं है, इनका मुकाबला करो।



# कांग्रेस ने दलितों के लिए कुछ नहीं किया: केसीआर

**अचम्पेट,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री श्री के चंद्रशेखर राव ने वृहस्पतिवार को अचम्पेट में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दलितों के लिए कुछ नहीं किया। दलित समाज को सोचना चाहिए कि जब कांग्रेस सत्ता में थी तो उसने दलितों के बारे में नहीं सोचा, उनका वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। यदि नेहरू के समय में दलित बंधु योजना लागू किया गया होता तो दलितों की स्थिति बेहतर होती। केसीआर ने दलित बंधु योजना को जन्म दिया। हमने आदिवासियों को पोडु भूमि दी। क्या किसी ने दिया है ? साथ ही आदिवासियों को भी रायथु बंधु का भुगतान किया।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि तेलगूदेशम और कांग्रेस के शासन के समय उन्होंने किसानों को एक रुपया भी नहीं दिया। केसीआर ने किसानों के चेहरे पर निखार लाने के लिए रायथु बंधु योजना शुरू की। हम रायतु बंधु योजना के लिए पंद्रह हजार करोड दे रहे हैं। हमने इसमें पांच हजार रुपये प्रति एकड़ की बढ़ोतरी की और हमने इसे घोषणा पत्र में रखा है। हमने इसे 16 हजार रूपए प्रति वर्ष तक बढ़ाने का वादा किया है। इसे एक निश्चित तरीके से बढ़ाने का वादा किया गया है। तेलंगाना में तीन करोड़ टन धान की कटाई कर देश को आपूर्ति की जायेगी। 93 लाख राशन कार्डधारी परिवारों को छोटा चावल देने का निर्णय लिया गया है।



मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि कांग्रेस ने तेलंगाना को बर्बाद कर दिया। जब भी तेलंगाना चाहिए था, कई लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। 1969 में चेन्ना रेड्डी के नेतृत्व में 400 लोगों को पीट-पीट कर मार डाला गया। लाखों लोगों को जेलों में डाल दिया गया। जनता को सही व्यक्ति को चुनाव जिताना चाहिए, तभी जीवन बेहतर बनेगा। जब तक मैने अपना सिर मौत के मुंह में नहीं डाल दिया और तेलंगाना जययात्रा का नारा लगाते हुए आमरण अनशन पर नहीं बैठ गया, तब तक तेलंगाना नहीं आया। मैने पूरे तेलंगाना में आंदोलन की लहर बना दी। तब तेलंगाना आया और पूरा राज्य बच गया। मैंने तेलंगाना और आपके बच्चे की रक्षा के लिए अपनी भूमिका निभाई है। क्या मुझे लड़ाई खुद ही लड़नी चाहिए ? अब आपको लड़ना होगा और तय करना होगा कि केसीआर जो कहते हैं वह सच है या झूठ। दस साल पहले तेलंगाना में न बिजली थी न पीने का पानी और न सिंचाई का पानी। बिजली आती थी तो भगवान की दया से आती थी। आज तेलंगाना एकमात्र राज्य है जो 24 घंटे बिजली प्रदान करता है। कर्नाटक में पांच घंटे भी बिजली भी नहीं दे रहे हैं। 24 घंटे का वादा करने वाले कर्नाटक में कांग्रेसी परेशान हैं। वहां फसलें सूख रही हैं। तेलंगाना को भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत के रूप में दस वर्षों में बनाया गया है। 30 नवंबर को बलराज की भारी बहुमत से जीत होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति बिजली खपत और सिंचाई क्षेत्र में तेलंगाना नंबर वन राज्य है। तेलंगाना में 60 लाख टन की फसल नहीं होती थी, आज तेलंगाना में तीन करोड़ टन धान पैदा होता है। अब चार करोड़ टन होना चाहिए, इसपर विचार किया जाना चाहिए। हमने कल्याण लक्ष्मी योजना शुरू की।

# कांग्रेस की मांग, अधिसूचना से पहले योजनाओं का नकद लाभ हस्तांतरित किया जाए

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव अगले महीने होने जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस ने गुरुवार को मांग की

**तेलंगाना चुनाव**

कि दक्षिणी राज्य में अधिसूचना की तारीख 3 नवंबर से पहले सभी नकद लाभ किसानों, दलितों, आवास लाभार्थियों, मुसलमानों और अन्य लाभार्थियों को तुरंत हस्तांतरित किए जाएं। पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, 'तेलंगाना में कांग्रेस की ओर से, हम मांग कर रहे हैं कि अधिसूचना की तारीख से पहले किसानों, दलितों, आवास लाभार्थियों, मुसलमानों और अन्य लाभार्थियों को सभी नकद लाभ तुरंत हस्तांतरित किए जाएं।'

जनता की लागत से बने मुख्यमंत्री आवास और विधायक कैंप कार्यालय जैसे आधिकारिक स्थानों का उपयोग बीआरएस राजनीतिक गतिविधियों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के समर्थक अधिकारियों को भी प्रमुख महत्वपूर्ण चुनाव जिम्मेदारियां नहीं सौंपी जानी चाहिए। रेड्डी ने कहा, 'हमने देखा है कि पिछले नौ सालों से राज्य में किस तरह पक्षपातपूर्ण माहौल रहा है और वे कई सालों से पार्टी के एजेंडे पर काम कर रहे हैं। हमने चुनाव आयोग को अधिकारियों के नाम दे दिए हैं।' इस बीच, तेलंगाना कांग्रेस प्रमुख ए. रेवंत रेड्डी ने कहा, 'तेलंगाना में भाजपा और बीआरएस कांग्रेस को हराने के लिए सरकारी संस्थानों का दुरुपयोग कर रहे हैं। कई अधिकारी कई वर्षों से एक ही स्थान पर तैनात हैं और वे बीआरएस के लिए चुनावी फंड इकट्ठा करने का काम कर रहे हैं' उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सेवानिवृत्त अधिकारियों को नियमित पोस्टिंग देकर उनसे ऐसे काम कराया जा रहा है, जैसे विपक्षी दलों को निशाना बनाने के लिए एक निजी सेना बनाई गई हो।



**राज्य में अधिसूचना की तारीख 3 नवंबर से पहले सभी नकद लाभ किसानों, दलितों, आवास लाभार्थियों, मुसलमानों और अन्य लाभार्थियों को तुरंत हस्तांतरित किए जाएं**

## येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को 'खतरे' को देखते हुये जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। एक सूत्र ने कहा, 'उनके आवास पर 10 सशस्त्र गार्ड तैनात किए जाएंगे और तीन शिफ्टों में 12 सशस्त्र गश्ती कमांडो तैनात किए जाएंगे। दो व्यक्ति चौबीसों घंटे सुरक्षा की निगरानी करेंगे।' येदियुरप्पा कर्नाटक में राज्यव्यापी दौरा शुरू कर रहे हैं और इंटेलिजेंस ब्यूरो (आईबी) द्वारा खतरे के आकलन के जवाब में सुरक्षा प्रदान की गई है। सुरक्षा घेरा केवल कर्नाटक तक ही सीमित रहेगा। इससे पहले, राज्य सरकार ने कर्नाटक राज्य रिजर्व पुलिस (केएसआरपी) के कर्मियों को येदियुरप्पा की सुरक्षा में तैनात किया था। येदियुरप्पा के नेतृत्व में भाजपा पहली बार दक्षिण भारत में सत्ता में आई थी। हालाँकि, उन्होंने चुनावी राजनीति से संन्यास की घोषणा कर दी थी, इसके बावजूद वह राज्य भाजपा में सबसे लोकप्रिय जन नेता बने हुए हैं।

## जेडीयू ने मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए जारी की 10 उम्मीदवारों की लिस्ट

**पटना,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा सीट नहीं दिए जाने से नाराज जेडीयू ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट भी जारी कर दी है। दूसरी लिस्ट में भी जेडीयू ने पांच सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। इससे पहले जेडीयू ने पहली लिस्ट जारी की थी, जिसमें भी पांच उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया था। अबतक कुल 10 उम्मीदवारों की लिस्ट जेडीयू जारी कर चुकी है और जल्द ही तीसरी लिस्ट भी जारी होने की बात कही जा रही है। दरअसल, मध्य प्रदेश चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर I.N.D.I.A गठबंधन में संग्राम छिड़ गया है। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी के बाद जेडीयू ने भी 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। सियासी गलियारे में इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू ने मध्य प्रदेश में चुनाव लड़ने के लिए पांच सीटों की मांग की थी लेकिन जब बात नहीं बनी तो जेडीयू ने पिछले दिनों पांच उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी थी। मध्य प्रदेश की नरियावली विधानसभा सीट से सीताराम अहिरवार, गोटेगांव विधानसभा सीट से प्रमोद कुमार मेहरा, बहोरीबंद विधानसभा सीट से पंकज मौर्या, जबलपुर उत्तर विधानसभा सीट से संजय जैन और बालाघाट विधानसभा सीट से विजय कुमार पटले को जेडीयू ने अपना उम्मीदवार बनाया है। जेडीयू मध्य प्रदेश में 15 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। ऐसे में तीसरी लिस्ट में भी पांच और उम्मीदवारों के नाम हो सकते हैं।

■ **दूसरी लिस्ट में भी जेडीयू ने पांच सीटों पर उम्मीदवार उतारे**

**चुनौती** *एलओसी के पार से कुपवाड़ा जिला में घुसपैठ का आतंकियों के लिए यह एक आसान रास्ता*

# फिर से भारतीय सेना के लिए सिरदर्द बन गया है एलओसी का मच्छेल सेक्टर

■ **सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मच्छेल सेक्टर एक बार फिर चर्चा में हैं। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो मच्छेल सेक्टर भारतीय सेना के लिए सिरदर्द की तरह है। एलओसी के पार से कुपवाड़ा जिला में घुसपैठ का आतंकियों के लिए यह एक आसान रास्ता है। समुद्र तल से 6,500 फीट से ज्यादा की ऊंचाई पर स्थित इस सेक्टर में घने जंगल आतंकियों के लिए बहुत फायदेमंद साबित होते हैं।**

वे आसानी से इसमें छिप जाते हैं। इसके अलावा यहां का मौसम और इलाके की बनावट भी आतंकियों के पक्ष में जाती है। यहां कुपवाड़ा शहर से महज 50-80 किमी की दूरी पर भारत और पाकिस्तान के बंकर्स एक-दूसरे के काफी करीब हैं।

सूत्रों के मुताबिक, आतंकी कुपवाड़ा व लोलाब घाटी पहुंचने के लिए घुसपैठ के कई रास्तों का इस्तेमाल करते हैं। भारतीय सेना की ओर से की गई पहली सर्जिकल स्ट्राइक के बाद सीजफायर उल्लंघन के मामले में काफी बढ़ोतरी हुई है। वर्ष 2020 में 8 नवम्बर को सेना के कैप्टन समेत चार जवान इसी सेक्टर में शहीद हुए थे। उसके बाद भी इसी सेक्टर में घुसपैठ के कई प्रयास हो चुके हैं। अधिकारी मानते हैं कि एलओसी पर स्थित मच्छेल हमेशा से सेना के लिए सिरदर्द वाला इलाका रहा है। मच्छेल कुपवाड़ा में स्थित है और लोलाब घाटी के करीब है।



वर्ष 2019 में सेना के जवान मनदीप सिंह के शव के साथ मच्छेल में ही पाकिस्तान से आए आतंकियों ने बर्बर व्यवहार किया था। सूत्रों के बकौल, मच्छेल से ही सबसे अधिक आतंकी दाखिल होने की कोशिशों में लगे रहते हैं। नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी की ओर से जानकारी दी गई है कि पिछले 3 सालों के अरसे में अकेले मच्छेल में आतंकियों ने 100 बार से अधिक घुसपैठ की कोशिशें की हैं। मच्छेल 6,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। पाक से आने वाले आतंकी इसी रास्ते का प्रयोग जम्मू कश्मीर में पहुंचने के लिए करते हैं। घना जंगल अक्सर सेना और सुरक्षाबलों के लिए मुश्किलें पैदा करता है। पाक के आतंकी जब कुपवाड़ा के मच्छेल में आते हैं तो इस घने जंगल को अपने छिपने के लिए प्रयोग करते हैं।

कुपवाड़ा के मच्छेल से एलओसी सिर्फ 50 से 80 किमी की दूरी पर ही है। सुरक्षा एजेंसियों ने हंदवाड़ा में घुसपैठ के कई ठिकानों का पता लगाया था। काउबोल गली, सरदारी, सोनार, केल, राट्टा पानी, शार्दी, तेजियान, दुधीनियाल, काटवाड़ा, जूरा और लिपा घाटी के तौर पर इनकी पहचान की गई थी। ये आतंकियों के लिए सबसे सक्रिय रास्ते हैं और वे इनका प्रयोग कुपवाड़ा, बांडीपोरा और बारामुल्ला जिले में दाखिल होने के लिए करते हैं। दिसम्बर 2018 में मच्छेल में ही 41 राष्ट्रीय राइफल्स के कमांडिंग आफिसर कर्नल संतोष महादिक आतंकियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। आतंकी हाइहामा और कलारुस के घने जंगलों में छिपे थे और उनकी तलाश शुरू की गई। इस स्पेशल आप्रेशन में 700 सैनिक और स्पेशल फोर्सेज के पैराट्रूपर्स की मदद तक ली गई थी। अगस्त 2019 में भी बीएसएफ के तीन जवान इस इलाके में शहीद हो गए थे। भारत के आखिरी गांव से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर एलओसी है और दूसरी तरफ केल है, जिसके बारे में अधिकारियों का कहना है कि वह आतंकियों का सबसे बड़ा लान्चपैड है।

वर्ष 2010 में मच्छेल उस समय चर्चा में आया था, जब एक मुठभेड़ में सेना ने तीन ग्रामीणों को मार दिया था। इसके बाद कश्मीर में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे और सेना ने मुठभेड़ की जांच का आदेश दिया था। जांच में मुठभेड़ फर्जी निकली थी और एक पूर्व कमांडिंग आफिसर समेत छह जवानों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी।

उल्टा पुल्टा

एक प्यार करने वाले जोड़े ने आत्महत्या करने की सोची। लड़का पहले कूद गया लड़की ने आंख बंद कर ली, और लौटने लगी।

लड़के ने हवा में पैराशूट खोला और चिल्लाया पता था चुड़ैल तू नहीं कूदेगी।

## दिल्ली में डेंगू पर लगी लगाम, ब्रीडिंग 7 फीसदी से घटकर 1 फीसदी हुई

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने गुरुवार को सिविक सेंटर में जन स्वास्थ्य विभाग के साथ वेक्टर बोर्न डिजीज को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें अधिकारियों ने बताया कि डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए युद्ध स्तर पर सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं और स्थिति नियंत्रण में है। निगम के अथक प्रयासों से मॉस्किटो ब्रीडिंग में कमी आयी है। दिल्ली में अगस्त में ब्रीडिंग 7 प्रतिशत थी जो अक्टूबर में घटकर 1 प्रतिशत रह गई है। दिल्ली के 250 वार्डों में एक हजार से अधिक मशीनों द्वारा इनडोर व आउटडोर फोगिंग की जा रही है। एमसीडी की ओर से रोजाना लगभग डेढ़ लाख से अधिक स्थानों पर लार्वा की जांच की जा रही है। घरों में लार्वा मिलने पर नोटिस भेजे जा रहे हैं और चालान किए जा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक दिल्ली में 3.32 करोड़ बार घरों में लार्वा की जांच की गई है। इसके बाद 27.44 लाख घरों में एंटी लार्वा दवाई का छिड़काव किया गया है। साथ ही 1.54 लाख घरों को लीगल नोटिस जारी किए गए हैं। इसके अलावा 24511 घरों के चालान काटे गए हैं।



■ मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने सिविक सेंटर में वेक्टर बोर्न डिजीज की रोकथाम को लेकर की समीक्षा बैठक

इसके संबंध में मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि निगम पूरी ताकत से वेक्टर बोर्न डिजीज से निपट रहा है। अब आने वाले 15 दिन में डेंगू के मामले पूरी तरह से कम हो जाएंगे। दिल्ली में अगस्त के मुकाबले अक्टूबर में ब्रीडिंग दर काफी ज्यादा कम रह गई है। वर्तमान में ब्रीडिंग दर 1 फीसदी से भी कम है। दिल्ली नगर निगम डेंगू-मलेरिया-चिकनगुनिया मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए निरंतर कार्रवाई कर रहा है। संवेदनशील स्थान जैसे की स्कूलों, अस्पतालों, कंस्ट्रक्शन साइट और मुख्य हॉट स्पॉट पर अधिक ध्यान देने सहित सभी एंटी लार्वा संबंधी उपाय किए जा रहे हैं। मच्छर प्रजनन की जांच के लिए मलेरिया इंस्पेक्टर, डीबीसी कर्मचारी, फ़ील्ड वर्कर व जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी द्वारा प्रतिदिन 1.5 लाख से अधिक घरों का निरीक्षण कर रहे हैं। सभी क्षेत्रों में वार्ड-स्तरीय विशेष अभियान और जागरूकता अभियान को तेज कर कर दिया है। सभी 12 जोन में घर-घर से कचरा संग्रहण करते समय ऑटो टिपर के माध्यम से जागरूकता संदेश/ऑडियो चलाकर संभावित प्रजनन स्थलों और मच्छर जनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के उपायों के बारे में बताया जा रहा है। मच्छर जनित बीमारियों बीमारियों की रोकथाम के लिए जन सहभागिता अत्यंत महत्वपूर्ण है।

मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी जोन में प्रमुखता के साथ हॉट स्पॉट चिन्हित किए जाएं, जहां पर ब्रीडिंग होती है। निगम के 3000 से ज़्यादा डीबीसी कर्मचारी व 2000 फ़ील्ड वर्कर मिशन मोड में घर-घर जाकर मच्छर प्रजनन की जांच करें और नियमित रूप से अधिकारियों द्वारा उसकी मॉनिटरिंग की जाए। 'एमसीडी 311' ऐप पर नागरिकों द्वारा दर्ज मच्छर प्रजनन संबंधी शिकायतों का निवारण प्राथमिकता पर किया जाएं।

## दिल्ली नगर निगम डेंगू मलेरिया की रोकथाम करने में बुरी तरह विफल: राजा इकबाल सिंह

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मेयर राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली में दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही डेंगू की स्थिति पर आम आदमी पार्टी की सरकार पर बड़ा हमला बोला। श्री सिंह ने कहा कि डेंगू, मलेरिया एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम करने में आप शासित दिल्ली नगर निगम एवं दिल्ली सरकार बुरी तरह विफल रही है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की स्थिति दिल्ली में दिनोदिन बदतर होती जा रही है और दिल्ली नगर निगम के पास इस समस्या से निपटने के लिए ना तो कोई रूपरेखा तैयार है एवं ना ही कोई कार्य योजना है।

राजा इकबाल सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरते हुए कहा कि अब उनका 10:00 बजे 10 मिनट एवं 10 हफ्ते वाला कार्यक्रम कहां है। श्री सिंह ने कहा कि आम आदमी पार्टी को सिर्फ दूसरे के कार्यों का श्रेय लेना आता है एवं जमीनी स्तर पर कार्य करने में वह बुरी तरह असफल हैं। राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप शासित दिल्ली नगर निगम मच्छरों की रोकथाम करने में बुरी तरह विफल रहा है और उसके ऊपर जनता को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया की सही स्थिति के बारे में भी अंधेरे में रखा गया है।



दिल्ली के उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना के हस्तक्षेप के बाद ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया के आंकड़े जारी हुए हैं जिनके अनुसार दिल्ली में इस हफ्ते 5000 से अधिक डेंगू के मरीज आए हैं एवं कई लोगों को डेंगू के चलते अपनी जान से हाथ धोना पड़ा है। निगम की आप की सरकार लोगों को डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से बचाने में तो असफल रही है वहीं दूसरी तरफ आंकड़े छुपा कर उन्हें अपने स्तर पर भी इस बीमारी का सामना करने से वंचित रख रही है। निगम की आप सरकार हर मोर्चे पर बुरी तरह विफल रही है और डेंगू, मलेरिया का सामना करने में तो इन्होंने अपने हाथ खड़े कर दिए हैं एवं दिल्ली की जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया है, क्या इसी दिन के लिए लोगों ने आपको चुना था और क्या यही अरविंद केजरीवाल की गारंटी है कि आप डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से मरो और हम सिर्फ झूठी वाहवाही लूटेंगे।

## जरूरतमंद छात्राओं को बांटी गई साइकिलें

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। रोटरी क्लब की ओर से पंख कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें सरकारी स्कूल में पढ़ने वाली जरूरतमंद छात्राओं को 1000 साइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम में फरीदाबाद एनआईटी के अध्यक्ष रोटेरियन वीरेंद्र मेहता और फरीदाबाद के विधायक नरेंद्र गुप्ता ने नरेंद्र गुप्ता ने बतौर मुख्यातिथि मौजूद थे। इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में उद्यमी और पचौली एस्थेटिक्स एंड वेलनेस की संस्थापक और संरक्षक डॉ. प्रीति सेठ भी मौजूद रही। कार्यक्रम में डॉ. सेठ ने उस्ताद इकबाल की गहन पंक्तियां पढ़ीं, उन्होंने सभी लड़कियों से कहा आकांक्षाओं की कोई सीमा नहीं है, आकाश क्षितिज अनंत और असीम है सभी लड़कियों पढ़ लिखकर आसमान की खूब ऊंचाइयों को छुए। डॉ. सेठ ने इस तरह के प्रभावशाली आयोजनों का हिस्सा बनने पर प्रसन्नता व्यक्त की।





यह कार्यक्रम जिला गवर्नर रोटेरियन जितेंद्र गुप्ता के नेतृत्व और प्रथम महिला पीपी रोटेरियन डॉ. दीप्ति गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में 20 से अधिक सहायक रोटरी क्लबों और 8 समर्पित रोटेरियनों द्वारा किया गया एक सामूहिक प्रयास था। इस कार्यक्रम में जीवन के विभिन्न क्षेत्रों की 9 प्रमुख महिलाओं की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इन महिलाओं ने समाज में उल्लेखनीय योगदान दिया है और कई लोगों के लिए प्रेरणादायक शख्सियत बन गई हैं। कार्यक्रम में सम्माननीय अतिथि में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. अनीता कांत, हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेनू भाटिया, परिवार न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश कुमुद गुगनानी, पलवल की जिला विकास पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा शामिल थीं। शूटिंग में स्वर्ण पदक विजेता रिदम सांगवान मौजूद रही।

## केजरीवाल सरकार छठ आस्था का अपमान कर रही है: नीरज तिवारी

### भाजपा पूर्वांचल मोर्चा ने शुरू की छठ घाटों की सफाई

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। छठ पर्व न सिर्फ पूर्वांचल समाज बल्कि संपूर्ण सनातन संस्कृति के लिए महान आस्था का त्योहार है ये संपूर्ण रूप से प्रकृति की आराधना का पर्व है ये भारत के ग्रामीण और कृषि संस्कृति का का उद्घोष है । ये बातें आज दिल्ली प्रदेश भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा अध्यक्ष नीरज तिवारी ने छठ घाट की साफ सफाई अभियान चलाते हुए कही। श्री तिवारी ने दिल्ली की केजरीवाल सरकार और मंत्री आतिशी से भी कई सवाल किए। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली के छठ घाटों के रख रखाव और निर्माण के लिए जो रकम खर्च करने का वादा किया है उससे दिल्ली के 5000 छठ घाटों का विकास संभव नहीं है केजरीवाल सरकार द्वारा छठ समितियों की उपेक्षा और आप की मंत्री आतिशी के छठ घाटों के निर्माण की झूठी बातो के खिलाफ भाजपा पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ताओ ने सभी छठ घाटों पर साफ सफाई अभियान में लग चुके हैं। श्री तिवारी ने छठ पर्व पर शराब मंदी की भी मांग की। आज पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ताओं व समिति सदस्यों के साथ राजौरी गार्डन विधानसभा के खयाला व मादीपुर गांव के छठ घाट पर साफ - सफाई, मरम्मत का कार्य किया गया और यह संकल्प दिलाई गई कि हम अपनी आस्था व हक के लिए लड़ेंगे। साथ में पूर्वांचल मोर्चा पश्चिमी दिल्ली के जिलाध्यक्ष उमेश सिंह, सूर्य नारायण छठ पूर्वांचल सेवा समिति के प्रधान श्री परशुराम गुप्ता, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र ओझा, शिव मंदिर छठ घाट मादीपुर के प्रधान कपिलमुनि राय,पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश के मीडिया प्रमुख संजय तिवारी, मंत्री अभय सिंह, नरेन्द्र पाठक, प्रवक्ता दयाशंकर ओझा एवं उपस्थित रहे। सहित अन्य समिति के सदस्य मौजूद रहें।



## पालतू जानवरों की देखभाल के लिए आगे आया साइंटिफिक रेमेडीज

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। पशु स्वास्थ्य उद्योग में अग्रणी कंपनी साइंटिफिक रेमेडीज ने भारत में एफिनिटी एडवांस लॉन्च किया है। एफिनिटी एडवांस पालतू जानवरों के लिए सुपर प्रीमियम चिकित्सा, स्वास्थ्य और विशेष पोषण की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है जो दुनिया भर में पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों में लोकप्रिय है और डॉक्टर इसकी सलाह देते हैं। एफिनिटी पेटकेयर के साथ यह साझेदारी साइंटिफिक रेमेडीज को देश में पालतू जानवरों के पेरेंट्स को सर्वोत्तम गुणवत्ता वाला पालतू भोजन प्रदान करने में सक्षम बनाएगी। साइंटिफिक रेमेडीज के कार्यकारी निदेशक राकेश मोहन ने कहा कि हमें दुनिया का छठा सबसे बड़ा पालतू भोजन ब्रांड एफिनिटी पेटकेयर पेश करते हुए खुशी हो रही है जो भारतीय पालतू जानवरों के पेरेंट्स और पशु चिकित्सकों को सर्वोत्तम श्रेणी के उत्पाद पेश करेगा। एफिनिटी पेटकेयर के अंतरराष्ट्रीय बाजार निदेशक जोर्डी गारिगा ने कहा कि हमारे सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य भारत में पालतू जानवरों की देखभाल के उद्योग को बदलना है। हमें यकीन है कि यह साझेदारी हमें भारतीय बाजार में मजबूत पकड़ और मनचाहा स्तर प्रदान करेगी।

## टाटा पावर-डीडीएल ने जीता गोल्ड विनर अवार्ड

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। टाटा पावर-डीडीएल को पावर सैक्टर कैटेगरी में प्रतिष्ठित गोल्ड विनर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की ऑक्यूपेशनल हैल्थ एंड सेफ्टी एक्सपर्ट कमेटी द्वारा हाल में कोलकाता में 5वें आईसीसी नेशनल ऑक्यूपेशनल हैल्थ एंड सेफ्टी अवार्ड्स 2023 समारोह के दौरान प्रदान किया गया। टाटा पावर-डीडीएल की ओर से दीपक कुमार चुघ, एजीएम एसएचई एवं डीएम तथा अंशुल रावत, टीम मेंबर एसएचई एवं डीएम ने अंदलीब एलियास, डिप्टी हाइ कमिश्नर, बांग्लादेश द्वारा बरुण के रे, आईएएस, एडिशनल चीफ सेक्रेटरी, श्रम विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार, मलय घटक, माननीय प्रभारी मंत्री, श्रम विभाग, पश्चिम बंगाल सरकार और डॉ कृष्णा निर्मल्य सेन, चेयरमैन, आईसीसी ओएचएस कमेटी की उपस्थिति में ग्रहण किया। इस अवसर पर, डॉ द्विजदास बासक, चीफ कस्टमर एक्सपीरियेंस, कमर्शियल, गवर्नमेंट अफेयर्स एंड कार्पोरेट कम्युनिकेशन, टाटा पावर-डीडीएल ने कहा कि हमारे संगठन को मिला यह पुरस्कार हमें सुरक्षा प्रथाओं में लगातार अपने स्तरों को और ऊंचा उठाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

## निगम द्वारा प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने के लिए कार्यशाला का आयोजन

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम के शिक्षा विभाग द्वारा निगम विद्यालय के छात्रों को प्रकृति के साथ जोड़ने तथा छात्रों, अभिभावकों और कर्मचारियों में प्रकृति संरक्षण की भावना विकसित करने के लिए एकदिवसीय कार्यशाला का आज निगम मुख्यालय स्थित केदारनाथ साहनी ऑडिटोरियम में आयोजन किया गया। दिल्ली नगर निगम द्वारा आयोजित इस कार्यशाला में निगम विद्यालयों के नेचर कॉर्डिनेटर ने भाग लिया। दिल्ली नगर निगम ने एक अनूठी पहल करते हुए अपने सभी विद्यालयों में एक-एक शिक्षक को नेचर कॉर्डिनेटर के रूप में मनोनीत किया है,जोकि विद्यालयों में प्रकृति संरक्षण व संवर्द्धन का कार्य करेंगे तथा बच्चों में प्रकृति के प्रति कृतज्ञता एवं समर्पण के भाव विकसित करने का कार्य करेंगे। अतिरिक्त आयुक्त विकास त्रिपाठी ने कार्यशाला में आए नेचर कोऑर्डिनेटर को संबोधित करते हुए कहा कि प्रकृति संरक्षण एवं उससे प्रेम जबरदस्ती नहीं आ सकता बल्कि ये ऐसी भावना है जो प्रकृति प्रेमी के अंतर्मन में स्वैच्छिक रूप से प्रकट होती है। श्री त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालयों में प्रकृति संरक्षण एवं छात्रों में इसके प्रति जागरूक करने की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। श्री विकास त्रिपाठी ने कहा कि निगम विद्यालयों में लगभग 8 लाख बच्चे पढ़ते हैं और आसानी से 20 से 25 लाख पेड़ तैयार कर समाज को समर्पित किए जा सकते हैं। इस प्रकार के प्रयासों से से छात्र पर्यावरण के प्रति संवेदनशील होंगे।

## त्यौहारी सीज़न में शानदार ऑफर की भरमार

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। त्यौहारी सीज़न में अमेजन रोजमर्रा और त्यौहारी जरूरतों के शानदार ऑफर पेश कर रहा है। इस त्योहारी सीजन के दौरान आपके परिवार की भलाई और आराम सुनिश्चित करने के लिए यह आपका वन-स्टॉप डेस्टिनेशन बन गया है। उत्सव समारोहों पर आपके हर स्वाद को पूरा करने के लिए तैयार, ग्राहक अपने प्रियजनों की शानदार मेजबानी के लिए पेपरबोट, टाटा, हल्दीराम जैसे लोकप्रिय ब्रांडों से खाने के लिए तैयार स्नैक्स और पेय पदार्थ खरीद सकते हैं। इस त्योहार के दौरान सबसे पसंदीदा परंपराओं में से एक उपहार देने की कला है। ग्राहक रोजमर्रा की आवश्यक वस्तुओं पर 60 प्रतिशत छूट का आनंद ले सकते हैं, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों ब्रांडों के 100 से अधिक नए लॉन्च का पता लगा सकते हैं और 4,000 से अधिक चॉकलेट, मिठाई, सूखे फल और मिश्रित उपहार हैम्पर्स के विस्तृत चयन की खोज कर सकते हैं। आपको यहां पर सही उपहार मिलेगा।

## स्कूल गेम्स शुरू, 3545 स्कूलों ने लिया हिस्सा

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली में मौजूद शैक्षणिक सत्र के स्कूल गेम्स शुरू हो गए हैं। बृहस्पतिवार छत्रसाल स्टेडियम में दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने इसकी शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने छात्रों को नसीहत दी कि उनको पढ़ाई के साथ खेलकूद से जुड़ी गतिविधियों में भी हिस्सा लेना चाहिए। इससे स्वस्थ शरीर और मन स्वस्थ रहने से अपने भविष्य का निर्माण संभव हो सकेगा। दिल्ली स्टेट स्कूल गेम्स 2023-24 में शिक्षा निदेशालय के तहत आने वाले 16 जिलों के 29 जोनों के 3545 सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और निजी मान्यता प्राप्त स्कूल हिस्सा ले रहे हैं। अंडर-14 और अंडर-17 के 32 खेल शामिल थे।

इस दौरान आतिशी ने कहा कि खिलाड़ी बनना आसान उपलब्धि नहीं है। जब हम नीरज चोपड़ा, पीवी सिंधु और मैरी कॉम जैसे खिलाड़ियों को भारत के लिए पदक जीतते हुए देखते हैं तो गर्व होता है। एक खास दिन पर पूरा देश खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को याद भी करता है। आतिशी ने माना कि भाला फेंकने वाला हो, रिले रेसर हो, मुक्केबाज हो, पहलवान हो, क्रिकेटर हो या तैराक हो, सभी अपने खेल की तैयारी के लिए खूब मेहनत करते हैं। इसके बगैर कामयाबी संभव नहीं हो सकती। खेल मंत्री आतिशी ने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के जीवन में सुस्ती की कोई जगह नहीं है। खेल देश के हर बच्चे के लिए महत्वपूर्ण हैं।





■ दिल्ली सरकार की मंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम में की प्रतियोगिता की शुरुआत

■ आतिशी ने कहा, बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी करनी चाहिए

### पैरा-एथलीट खेलों का आयोजन

दिल्ली राज्य स्कूल खेलों के दौरान पैरा-एथलीट छात्रों के लिए नौ अलग-अलग खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है। 32 खेलों की सूची के अंतर्गत अधिकांश खेल अंतरराष्ट्रीय खेलों जैसे ओलंपिक, एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेल आदि में भी शामिल हैं। इनमें एथलेटिक्स के फील्ड और ट्रैक खेलों के अलावा स्विमिंग, टेनिस, हॉकी, फुटबॉल, बॉक्सिंग, ताईक्वानडो, कराटे, कुश्ती, सॉफ्टबॉल, क्रिकेट, जिमनस्टिक, जूडो, बास्केटबॉल आदि शामिल हैं।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **कार्य का नाम :** 1. एडीईएन/पीएनपी के तहत सोनीपत में कुल 250 केएलडी, पानीपत में 250 केएलडी और गन्नौर रेलवे स्टेशनों पर 100 केएलडी सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। 2. एडीईएन/केयूएन के तहत करनाल में कुल 200 केएलडी और केकेडीई स्टेशन पर 200 केएलडी सीवेज उपचार संयंत्र की आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशन। | |
| 2. | **अनुमानित लागत :** 1. रु. 5,56,60,395.60/-, 2. रु. 3,71,06,930.40/- | |
| 3. | **धरोहर राशि :** 1. रु. 4,28,300/-, 2. रु. 3,35,500/- (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए। **नोट:-** एफ.डी.आर या डिमांड ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी (रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीई-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016) के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए। | |
| 4. | **समापन अवधि :** 06 महीने | |
| 6. | **ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय** | 20.11.2023 को 15:00 बजे तक प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 20.11.2023 को 15:00 बजे |
| 7. | **निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है** | www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है |
| 8. | **सामान प्रकार के कार्य** | सीवेज उपचार संयंत्र या अपशिष्ट उपचार संयंत्र की आपूर्ति, डिजाइन, निर्माण आयोग। |

**नोट :-** शपथ पत्र संलग्नक-XXIV अनिवार्य रूप के रूप में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **पत्र संख्या :-** 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/23-24/डब्लू-I (NIT-41-42) दिनांक :- 25.10.2023 3339/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मु.सं. एवं दूर सं.अभि./टी.डब्ल्यू., नई दिल्ली, उत्तर रेलवे, द्वारा स्थापित एवं विश्वसनीय निविदाकारों से **लिमिटेड ई-टेंडर (दो पैकेट सिस्टम)** निविदायें, IREPS पर NIT के साथ निर्देशित एप्रूव्ड लिस्ट ऑफ फिर्म्स से आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम:** अपॉइंटमेंट ऑफ़ अथॉरिटी इंजीनियर फॉर प्रोवाइडिंग प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सर्विसेज फॉर एग्जिकुशन ऑफ़ कवच वर्क-सर्वे, डिज़ाइन, सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग i.c.w "प्रोविसन ऑफ़ कवच (TCAS), अलोंग विथ 2x48 फाइबर O.F.C बैक बोन (IN RING) ऑन लखनऊ - कानपुर (Excl) सेक्शन ऑफ़ लखनऊ डिवीज़न एंड नई दिल्ली-पलवल, नई दिल्ली-चिपियाना बुजुर्ग सेक्शन ऑफ दिल्ली डिवीज़न ऑन नॉर्थर्न रेलवे" |
| 2 | **निविदा संख्या:** 172-Sig-TW-NR-T23 |
| 3 | **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 2,74,47,679.56/- |
| 4 | **निविदा फार्म की लागत:** रु. 00.00/- |
| 5 | **धरोहर राशि:** रु. 2,87,200.00/- |
| 6 | **कार्य समापन की अवधि:** 14 महीना |
| 7 | **निविदा फॉर्म प्राप्त करने, जमा करने एवं खुलने का पता:** भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in |

**Critical Dates**

| Code | Activity | Date |
|---|---|---|
| D0 | Date of availability of tender document on www.ireps.gov.in. | 25.10.23 |
| D1 = D0 + 07 days | Pre bid conference with Tenderers on google meet id-meet.google.com/qqd-rqcb-hru | 01.11.23 11:30 |
| D2 | Reply of pre bid conference on IREPS | 06.11.23 |
| D3 | End of Availability of Tender Documents at www.ireps.gov.in. Opening of tender/offer in the office of Dy CSTE/TW/Accounts Office. NOTE:- This is also the last date for uploading of completed offer by the bidders. | 21.11.23 |

The reference time for all the above activities is 11.30 hours on the above mentioned date.

**NOTE: In case the intended date for opening of tenders is declared a holiday, the tenders will be opened on the next working day at the same time.**

3335/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ-2023 की संख्या में वृद्धि**

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित दीपावली/छठ पूजा त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियां नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगी :-

**02250/02249 नई दिल्ली-पटना जं.-नई दिल्ली राजधानी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 02250 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 02249 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 19:10 | नई दिल्ली | 21:00 | — |
| 07:30 | — | पटना जं. | — | 09:00 |

चलने के दिन : 02250 नई दिल्ली से दिनांक 10, 13, 15 एवं 17.11.2023 को तथा 02249 पटना जं. से दिनांक 11, 14, 16 एवं 18.11.2023 को।
ठहराव : कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा जं. स्टेशन।
स्थान : प्रथम वाता., 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकॉनोमी

**03575/03576 आसनसोल जं.-आनंद विहार (ट.)-आसनसोल जं. पूजा विशेष रेलगाड़ी** — 04 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 03575 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 03576 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 10:15 | आसनसोल जं. | 10:20 | — |
| 08:05 | — | आनंद विहार (ट.) | — | 11:55 |

चलने के दिन : 03575 आसनसोल जं. से दिनांक 27.10.2023 एवं 03.11.2023 को तथा 03576 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 28.10.2023 एवं 04.11.2023 को।
ठहराव : धनबाद जं., कोडरमा जं., गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं गोविन्दपुरी स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04002/04001 आनंद विहार (ट.)-पटना जं.-आनंद विहार (ट.) आरक्षित सुपरफास्ट त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04002 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04001 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 00:05 | आनंद विहार (ट.) | 10:20 | — |
| 15:45 | — | पटना जं. | — | 18:45 |

चलने के दिन : 04002 आनंद विहार (ट.) से दिनांक 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 को तथा 04001 पटना जं. से दिनांक 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 को।
ठहराव : कानपुर सेन्ट्रल, प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर एवं आरा जं. स्टेशन।
स्थान : 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

**04022/04021 नई दिल्ली-सहरसा जं.-नई दिल्ली आरक्षित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस** — 10 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04022 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04021 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| — | 15:30 | नई दिल्ली | 20:20 | — |
| 16:30 | — | सहरसा जं. | — | 19:00 |

चलने के दिन : 04022 नई दिल्ली से दिनांक 10, 11, 13, 14 एवं 16.11.2023 को तथा 04021 सहरसा जं. से दिनांक 11, 12, 14, 15 एवं 17.11.2023 को
ठहराव : मुरादाबाद जं., बरेली जं., सीतापुर जं., गोंडा जं., गोरखपुर जं., सीवान जं., छपरा जं., हाजीपुर जं., मुजफ्फरपुर जं., समस्तीपुर जं., बरौनी जं., बेगूसराय, खगड़िया जं. एवं एस बख्तियारपुर स्टेशन।
स्थान: 2 टियर वाता. सह 3 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य

उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों की समय-सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

3345/2023

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे — आपकी सुविधा - हमारा ध्येय — हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच "22 अक्टूबर को मसूरी क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय शहजादी नमक एक युवती का अनंत होटल में बरामद हुआ था। इस संबंध में शहजादी के दोस्त अजहरुद्दीन ने खुद इसकी सूचना शहजादी के भाई को दी थी। पुलिस ने शहजादी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल शुरू की थी।

**सलोनी अग्रवाल, एसीपी**

# सभी सर्किल के अपने क्षेत्र में बनाए जाएंगे ऑफिस

- सर्किल अधिकारी व उनका स्टॉफ रहेंगे मौजूद
- अपने क्षेत्र की सभी समस्याओं को नोटिफाई कर संबंधित विभाग को देनी होगी जानकारी



**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडावासियों को समस्याओं के लिए अब प्रशासनिक खंड के चक्कर नहीं लगाने होंगे। क्योंकि प्राधिकरण सभी 10 सर्किल के अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में बैठेंगे। उदाहरण के लिए सर्किल-2 में सेक्टर-18, 29, 28 के अलावा अन्य सेक्टर है तो किसी एक सेक्टर में सर्किल अधिकारी के बैठने का ऑफिस होगा। सर्किल अधिकारी की जिम्मेदारी होगी कि उस क्षेत्र में जितनी भी समस्या है उनको नाटिफाइ करे और संबंधित विभाग को जानकारी दे। इससे विकास कार्य में तेजी आएगी साथ ही सर्किल अधिकारी की जिम्मेदारी का दायरा भी बढ़ जाएगा। सीईओ लोकेश एम ने बैठक के दौरान ये निर्देश दिए थे। इसके बाद से डीजीएम सिविल की ओर से सभी सर्किल अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने अपने क्षेत्र के रीजनल ऑफिस के लिए स्थान बताए।

जल्द ही वहां स्ट्रक्चर बनाकर प्राधिकरण के रीजनल ऑफिस तैयार किए जा सके। उन्होंने बताया कि रीजनल ऑफिस में सीनियर मैनेजर के अलावा सर्किल से संबंधित स्टॉफ भी वहीं बैठेगा। उनको रोजाना की रिपोर्ट भी देनी होगी। दरअसल, ये देखा गया है कि सर्किल क्षेत्र में जैस जल, सीवर या बिजली की लाइन, सड़क मरम्मत, साफ-सफाई से संबंधित कोई समस्या होने पर एक दूसरे विभाग पर काम की जिम्मेदारी को ट्रांसफर किया जाता है। हाल ही में एक ऐसा मामला हुआ था। जिस पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की थी। जिसके बाद ही ये निर्णय लिया गया। अब इस फैसले को और बढ़ाने पर विचार है कि सर्किल अधिकारी को उसके क्षेत्र की सभी समस्याओं की जानकारी लेनी होगी। फिर वो संबंधित विभाग को अवगत कराएगा। इसके बाद भी यदि कार्य में शिथिलता बरती गई तो विभागीय स्तर पर बड़ी कार्रवाई होगी।

# नोएडा के गोलचक्कर पर बनेंगे गाय, शेर चिड़ियां के स्कल्पचर

**सीईओ ने बैठक में दिए निर्देश, सभी बड़े पार्कों में लगाए जाए क्लॉक टावर**

**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा के चौराहों पर बने गोलचक्कर व तिकोना पर गाय, शेर, चिड़ियां आदि के स्कल्पचर बनाए जाए। जहां लोगों का आवागमन ज्यादा है वहां फूलों के पौधों का रोपण करते हुए फ्लोरल क्लॉक बनाई जाए। 19 अंडरपास पर किए गए पेंटिंग में सुधार किया जाए। सभी 82 जंक्शनों का सर्वे कराकर उनका सौंदर्यीकरण कराया जाए। ये निर्देश प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने बैठक के दौरान दिए। बैठक में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी वंदना त्रिपाठी, महाप्रबंधक उद्यान आदि मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि नोएडा में महत्वपूर्ण स्थलों पर ग्रेनाइट निर्मित स्टोन लैंप, परगोला, स्तंभ, तोप आदि लगाई जाए। नोएडा के बड़े पार्कों जैसे वेदवन, मेघदूतम, बायोडायवर्सिटी पार्क आदि में टावर क्लॉक बनाए जाए। सेक्टर-18 में एक मार्ग चिन्हित कर हैंगिंग अंब्रेला को विकसित कराया जाए। फुटपाथ एवं दीवार पर रंगीन टाइल्स और ग्रेनाइट लगाई जाए।

नोएडा में मॉडर्न स्टाइल के काउ स्कल्पचर लगाए जाए। जिनको चिन्हित किए गए स्थानों पर लगाया जाए। यहां मुख्य गोल चक्कर पर स्टोन पिलर, फ्लावर प्लांटेशन और स्टोन आर्क के जरिए इसे और अधिक सुंदर बनाया जाए। एक स्थान पर गोपुरम बनाकर उसके अंदर नोएडा स्कल्पचर बनाया जाए। ये सभी काम उच्च गुणवत्ता पूर्वक किए जाए।

# वसुंधरा पार्क में आरआरएस की शाखा लगाए जाने के विरोध में मिले धमकी भरे पत्र

## शाखा प्रमुख ने पुलिस को सौंपे पत्र, मुकदमा दर्ज




**गाजियाबाद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरापुरम थाना इलाके के वसुंधरा सेक्टर-5 के पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा लगाए जाने के खिलाफ गुरुवार को कई धमकी भरे पत्र मिले हैं। इन पत्रों में इस पार्क में शाखा नहीं लगाने को कहा गया है। साथ ही धमकी दी गई है कि यदि यहां पर शाखा बंद नहीं कि गई तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। शाखा प्रमुख ने थाने में जाकर इसकी शिकायत दी है। उधर पुलिस ने धमकी देने वाले लोगों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली जा रही है।

वसुंधरा थाना क्षेत्र में स्थित सेक्टर पांच गीता धाम मंदिर के पीछे पार्क में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा वीर शिवाजी शाखा लगाई जाती है। पार्क की सफाई करने पहुंचे सफाईकर्मियों ने बताया कि पार्क में छह पत्र मिले हैं, जिनमें शाखा लगाने का विरोध किया गया है। साथ ही भगवा झंडे को आतंकवादी झंडा भी बताया गया है। इन पत्रों में में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के फोटो भी पड़े पाए गए। शाखा प्रमुख वाईपी सिंह को सूचना दी गई। साथ ही पार्क में पाए गए पत्रों को पुलिस को सौंप दिया। इस मामले में थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। इंदिरापुरम थाने के एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

## सार संक्षेप

### शरद पूर्णिमा के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच आयोजित करेगा निःशुल्क औषधि वितरण



**नोएडा।** मारवाड़ी युवा मंच, नोएडा अग्रवाल मित्र मंडल, माहेश्वरी समाज एवं राजस्थान कल्याण परिषद के सहयोग से आगामी 29 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा की सुबह, अग्रसेन भवन, सेक्टर-33 में नोएडा के इतिहास में लगातार सातवीं बार एक अद्भुत एवं सराहनीय कार्य करने जा रहा है। मारवाड़ी युवा मंच, नोएडा की एक अग्रणी समाजसेवी संस्थाओं में से एक है। इस बार संस्था दमा के रोगियों के लिए शरद पूर्णिमा के अवसर पर वैद्यनाथ की बनी कई दवाइयों के सम्मिश्रण से निर्मित, हज़ारों रोगियों पर जांची-परखी महाऔषधि का निःशुल्क वितरण करने जा रही है, जिससे दमा के रोगियों को अद्भुत लाभ मिलता है। कार्यक्रम के संयोजक *मनोज अग्रवाल ने बताया कि चूंकि शरद पूर्णिमा के दिन चंद्रमा एवं पृथ्वी की दूरी न्यूनतम होती है, फलस्वरूप चंद्रमा की 16 कलाओं से निकलने वाली अद्भुत प्रभावशाली किरणें सम्पूर्ण सृष्टि पर एक सकारात्मक प्रभाव डालती हैं। संस्था के अध्यक्ष निलेश सिंघल ने बताया कि शरद पूर्णिमा के दिन महाऔषधि मारवाड़ी युवा मंच नोएडा शाखा के माध्यम से निःशुल्क वितरित की जाएगी। इस अवसर पर अनिल गोयल, कपिल लखोटिया दिनेश चांडक, कृष्णा सोनी, दिनेश बिहानी, सज्जन गुप्ता, तुषार अग्रवाल, मनोज चांडक, निखिल गोयल आदि उपस्थित थे।

### होटल में युवती की हत्या कर फरार होने वाला अपराधी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** थाना थाना वेव सिटी क्षेत्र के अंतर्गत डासना स्थित अनंत होटल में युवती की हत्या कर फरार होने वाले अपराधी अजहरुद्दीन को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की ओर से चली गोली से अजहरुद्दीन घायल भी हो गया है। पुलिस ने उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। एसीपी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि 22 अक्टूबर को मसूरी क्षेत्र में रहने वाली 23 वर्षीय शहजादी नमक एक युवती का अनंत होटल में बरामद हुआ था। इस संबंध में शहजादी के दोस्त अजहरुद्दीन ने खुद इसकी सूचना शहजादी के भाई को दी थी। पुलिस ने शहजादी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद जांच पड़ताल शुरू की थी। उधर इस संबंध में शहजादी के भाई ने अजहरुद्दीन के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस अभी अजहरुद्दीन की तलाश करी रही थी कि आज मुखबिर से सूचना मिली कि वह अपने एक साथी बिलाल के साथ क्षेत्र में आने वाला है। पुलिस ने जांच शुरू की तभी काले रंग की मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए जिन्हें पुलिस ने रोकने का इशारा किया। इन्होंने रुकने के बजाय पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की जिसमें एक गोली अजहरुद्दीन को लगी और वह नीचे गिर गया। जिसे पुलिस ने दबोच लिया जबकि उसका साथी बिलाल फरार हो गया।

# प्रदूषण नियंत्रण को लेकर दिल्ली-एनसीआर के प्राधिकरणों व निगमों की बैठक

- सभी जिलों के प्राधिकरण और नगर निगम ने दी अपनी रिपोर्ट
- सीएक्यूएम के प्रतिनिधियों ने दिए निर्देश

**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिल्ली एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) की एक बैठक दिल्ली में आयोजित की गई। इस बैठक में नोएडा, ग्रेटरनोएडा, यमुना विकास, मेरठ, बागपत, शामली, बुलंदशहर, गाजियाबाद, हापुड़ के अलावा एनसीआर के शहरों के प्राधिकरण, नगर निगम के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सभी ने प्रदूषण को नियंत्रण करने की अपनी कार्ययोजना को प्रस्तुत किया। जिसके बाद उन्हें कहा कि उस स्थान पर ज्यादा फोकस किया जाए जहां एक्यूआई यानी एयर क्वालिटी इंडेक्स का ग्राफ लगातार बढ़ा आ रहा है। इन स्थानों पर वाटर स्प्रिंकल से छिड़काव किया जाए। वहां स्मॉग गन को बढ़ाया जाए। उसके आसपास के क्षेत्र की निगरानी करते हुए प्रदूषण के कारकों को देखा जाए। इस बैठक में सभी प्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र चल रहे प्रोजेक्ट डिटेल, कंपलीट प्रोजेक्ट की स्थिति, प्रोजेक्ट पर लगाई गई एंटी स्मॉग गन और प्रोजेक्ट पर डस्ट को रोकने के लिए किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा बताया। इसके अलावा 15 पाइंटों पर दिए गए एक प्रोफार्मा को भर कर जानकारी दी गई। इस प्रोफार्मा में वायु प्रदूषण न बढ़े इसके प्रयासों के बारे में जानकारी दी गई है। फिलहाल वायु प्रदूषण को रोकने के लिए नोएडा की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे है। वहीं नोएडा में लगे एंटी स्मॉग टावर को भी एक्टिव कर दिया गया है।

इसे एक्टिव करने से पहले अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी संजय खत्री ने इसका निरीक्षण भी किया। जिसके बाद इसको चालू किया गया। एक महीने की रिडिंग ये बताएगी कि इसका कितना असर 500 मीटर की रेडियस में दिखा। ये रिपोर्ट भी सीएक्यूएम को दी जाएगी।

# जीडीए का अवैध निर्माण के खिलाफ जोन पांच में चला अभियान





गाजियाबाद, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) का अवैध निर्माण के खिलाफ आज अभियान वेव सिटी और क्रॉसिंग रिपब्लिक इलाके में चलाया गया। जहां पर करोड़ों रुपए की भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया गया। जोन 5 प्रभारी के नेतृत्व में टीम आज सुबह वेव सिटी के नजदीक पहुंची और वहां पर राजकिशोर प्रसाद, कार्तिक के डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक सचिन गर्ग द्वारा शाहपुर बम्हेटा में किए जा रहे अवैध निर्माण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया गया। इसी तरह श्री कृष्णा वाटिका में श्रीनिवास शर्मा तथा एन.एच.9 के पास रूपचंद द्वारा किए गए अवैध निर्माण को भी ध्वस्त किया गया। कुछ निर्माण चीज भी किए गए। इस दौरान लोगों ने जीडीए की टीम का विरोध किया लेकिन पुलिस की शक्ति के कारण उन्हें बैरन वापस लौटना पड़ा।

# 11 साल पहले थाने में जमा कराई पिस्टल गायब

**पुलिस ने 409 के तहत दर्ज किया मुकदमा, विधानसभा चुनावों का था समय**

**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा में 11 साल बाद एक व्यक्ति अपनी लाइसेंसी पिस्टल लेने गया तो उसे थाने से खाली हाथ लौटना पड़ा। उसने विधानसभा चुनाव के समय पिस्टल थाना सेक्टर-39 में जमा कराई थी। अब मालखाने से पिस्टल गायब है। एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया कि काफी लंबा समय बीत गया है। पिस्टल को मालखाना में ढूंढा जा रहा है। मामले में तत्कालीन हेड मोहरीर (मालखाना) के खिलाफ 409 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दरअसल 2012 विधानसभा चुनाव के समय कर्नल चरणजीत सिंह (रिटायर्ड) ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल थाना सेक्टर 39 के में जमा कराई थी। कुछ समय बाद जब उन्होंने अपनी पिस्टल वापस मांगा तो उनकी पिस्टल थाने में नहीं मिली। इस बात की जांच की गई। जांच में पाया गया कि तत्कालीन हेड मोहरीर (मालखाना) बाबू खान की लापरवाही के चलते यह पिस्टल लापता हुई है। मौजूदा हेड मोहरीर (मालखाना) रविंद्र सिंह की शिकायत पर तत्कालीन मालखाना मोहरीर बाबू खान के खिलाफ धारा 409 के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि बाबू खान दीवान से दरोगा होकर मौजूदा समय में सेवानिवृत्ति हैं। उनका कहना है कि वह 11 वर्ष से अपनी पिस्टल के लिए थाना सेक्टर 39 और अधिकारियों के यहां चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें अभी तक उनकी पिस्टल वापस नहीं मिली है। एसीपी ने बताया कि जल्द ही पिस्टल की तलाश कर रिटायर्ट कर्नल को वापस की जाएगी।

# रोडरेज के विवाद में कंपनी कर्मी को पीटा

**दनकौर,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दनकौर कस्बे के बिहारी लाल चौक पर रोडरेज के विवाद को लेकर एक कंपनी के कर्मचारी अर्चित गर्ग को एक बाइक सवार ने लात-घूंसों से पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि इस दौरान आरोपी ने उसकी जमीन पर गिराकर एक ट्रैक्टर के पहिये के नीचे कुचलकर जान से मारने का भी प्रयास किया। इस संबंध में पीड़ित ने आरोपी के खिलाफगुरुवार को कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित अर्चित ने बताया कि वह ग्रेटर नोएडा में स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। रोजाना की तरह गुरुवार की सुबह अपनी कार से कंपनी को जा रहे थे। बिहारी लाल चौक पर जाम होने के चलते बाइक सवार ने उनकी कार को पीछे से टक्कर मार दी, पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी ने उनके साथ मारपीट कर दी। साथ ही कार से बाहर खींचकर ट्रैक्टर के पहिये के नीचे उनको कुचलना का भी प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी की पहचान कर उसको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'मेरी माटी मेरा देश' अमृत कलश यात्रा का हुआ कार्यक्रम

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। इंदिरा गांधी कला केंद्र सेक्टर- 6 में आजादी का अमृत महोत्सव की श्रृंखला के अंतर्गत 'मेरी माटी मेरा देश' अमृत कलश यात्रा का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें नगर पालिका परिषद, नगर पंचायतों, विकासखंडों, ग्राम पंचायतों, गेल इंडिया लिमिटेड नोएडा, आईटीआई नोएडा व ग्रामों के वीरों की भूमि की मिट्टी व चावल के अमृत कलशों को एकत्र किया गया। एकत्र अमृत कलश 27 अक्टूबर को लखनऊ के लिये रवाना किया जायेगा। कार्यक्रम का राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी शैलेंद्र बहादुर सिंह उपस्थित रहे। शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर जनपद के प्रसिद्ध रागनी कलाकार ब्रह्मपाल नागर एवं उनके दल द्वारा रागनी के माध्यम से मिट्टी को नमन एवं वीरों का वंदन किया गया। इस अवसर पर कत्थक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ के दल एवं स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनोहर प्रस्तुति की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद विधायक जेवर धीरेंद्र सिंह ने कहा कि इस देश की माटी के कोने-कोने में असंख्य बलिदानों का रक्त आज भी विद्यमान है।





राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने किया शुभारंभ, लखनऊ रवाना किए जाएंगे कलश

जिसे एकत्र करने के लिए इस देश के प्रधानमंत्री का वह विजन जो हमारे राष्ट्र को संगठित कर सके इस सोच के साथ उन शहीदों को नमन करने का यह तरीका मेरी माटी मेरा देश करता है। याद दिलाता है कि यह आजादी जहां आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। वह बड़ी आसानी से हमें नहीं मिली इसके पीछे असंख्य बलिदानियों का त्याग है, जिन्होंने अपने घर बार की चिंता न करते हुए सिर्फ और सिर्फ इस देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। कार्यक्रम में शहीद कैप्टन शशी कांत शर्मा की माता जी, प्रसिद्ध रागनी कलाकार ब्रह्मपाल नागर एवं कत्थक नृत्यांगना माया कुलश्रेष्ठ को पुष्प गुच्छ देते हुए शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

# अमृत कलशों को बस से लखनऊ के लिए रवाना, वीके सिंह ने दिखाई झंडी

## हमारा सौभाग्य हैं, हम चक्र विजेताओं के वीरों की भूमि में निवास करते हैं : वीके सिंह



**हमें अपने देश के वीरों पर गर्व है : डॉ. अनिल अग्रवाल**

**गाजियाबाद,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। आईटीएस, मोहननगर में जिला प्रशासन गाजियाबाद ने गुरुवार को आजादी का अमृत महोत्सव के तहत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद के नगर निगम के अलावा सभी नगर पालिकाओं, नगर पंचायतों, ग्राम पंचायतों व ग्रामों के वीरों की भूमि की मिट्टी व चावल के अमृत कलशों को एकत्र कर बस द्वारा लखनऊ के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर आईटीएस के हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री व सांसद वीके सिंह ने सभी लोगों को पंच प्रण की शपथ दिलाई और आए हुए शहीद वीरों के परिवारजनों को शॉल उढ़ाकर और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंशानुरूप बड़े ही भावपूर्ण तरीके से मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम जिलास्तर पर लोगों के सहयोग से सफल हुआ हैं। यह अमृत कलश आज बस द्वारा लखनऊ भेजे जा रहे हैं और 30 अक्टूबर को देश की राजधानी दिल्ली भेजे जाएंगें और वहां एक उपवन में संग्रहित किये जाएंगे। देश की माटी और देश के वीरों के लिए यह सच्चा प्रेम और सम्मान है। हमारा सौभाग्य हैं कि हम उस जनपद में रह रहे हैं जो परमवीर चक्र, अशोक चक्र, वीर चक्र, कीर्ति चक्र सहित अन्य चक्र विजेताओं के वीरों की भूमि है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने वीके सिंह, राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सतपाल प्रधान, भोजपुर ब्लॉक प्रमुख सुचिता सिंह को गुलदस्ता भेंट कर व शॉल उढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शहीदों के परिवार में मेजर मोहित शर्मा अशोक चक्र की माता सुशीला शर्मा, कैप्टन दविन्द्र सिंह जस कीर्ति चक्र की माता दलवीर कौर जस, हवलदार आनन्द कुमार एसएम की पत्नी रजनी देवी, सिपाही सुरेन्द्र पाल सिंह कारगिल शहीद की माता चम्पा देवी, नायक चमन सिंह कारगिल शहीद की पत्नी शकुन्तला, लेंस नायक ओमप्रकाश कारगिल शहीद की पत्नी राजकुमारी, नायक कृष्ण कुमार कारगिल शहीद पत्नी गीता देवी, एलएलडी वीर अर्जुन की पत्नी सुमन लता, ब्रिगेडियर अमरेन्द्र सिंह कसाना वीर चक्र की पत्नी कैप्टन इन्दु बोकन कसाना को शॉल उढ़ाकर व पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में गनर विनोद कुमार एसएम की माता पुष्पा देवी अनुपस्थित रहीं जिस कारण उन्हें मौके पर सम्मानित नहीं किया जा सका। कार्यक्रम में चंचल बंजारा ने देश भक्ति गीतों से सभी का मन मोहा और नीरज ग्रुप और ठाकुरद्वारा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए।

# एमिटी खेल प्रतियोगिता संगठन 2023 के विजेता पुरस्कृत




**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी विवि में चल रहे 24 वें इंटर एमिटी इंस्टीट्यूट स्पोर्ट्स मीट 'संगठन 2023' के समापन समारोह और संस्थापक दिवस समारोह का आयोजन एमिटी परिसर में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में विजयी होने वाली टीमों एवं छात्रों को समूह के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार चौहान, गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की ओर से पुरस्कृत किया गया। खेल प्रतियोगिता संगठन 2023 में एमिटी स्कूल इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम को प्रथम, एमिटी लॉ स्कूल नोएडा को द्वितीय और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज को तृतीय पुरस्कार मिला। 24 वें अंतर संस्थान खेल प्रतियोगिता 'संगठन 2023' के दौरान कुल 22 खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें 65 संस्थानों की कुल 33 टीमों ने हॉकी, हैंडबॉल, वॉलीबॉल, खो खो, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वैश, सॉफ्ट बॉल, टॅग ऑफ वार शतरंज, कैरम, तैराकी आदि खेलों में भाग लिया। योग, विशेष बच्चों के लिए खेल व कराटे को को इस वर्ष संगठन 2023 के हिस्से के रूप में पेश किया गया।

जिसमें एमिटी विश्वविद्यालय उत्तरप्रदेश के अंदर संस्थान प्रतियोगिता में एमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की टीम ने 16 स्वर्ण, 19 रजत और 9 कास्य पदक लेकर कुल 146 पॉइंट के साथ प्रथम स्थान, एमिटी लॉ स्कूल नोएडा की टीम ने 18 स्वर्ण, 13 रजत और 13 कांस्य पदक लेकर कुल 142 पॉइंट के साथ द्वितीय स्थान और एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ साइकोलॉजी एंड एलाइड साइंसेज की टीम ने 14 स्वर्ण, 5 रजत और 5 कास्य पदक लेकर कुल 90 पॉइंट के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप अपने जीवन में अनुशासन सदैव अपने घर एवं विद्यालय से सीखते है। वर्मा ने छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि हमेशा बड़े सपने देखों और उसे पूरा करने का प्रयास करो। देश के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सहित एमिटी के संस्थापक डॉ. चौहान को प्रेरणा स्त्रोत बनाए। जीवन में प्रश्न पूछने में कभी झिझकना नहीं, कभी यह मत सोचे कि लोग क्या सोचेंगे। जीवन में कोई भी कार्य असंभव नहीं है।

उवाच

वह नोएडा एयरपोर्ट पर इन-फ्लाइट किचन बनाने और संचालित करने के लिए ताजसैट्स का स्वागत करते हैं। यह साझेदारी यात्रियों के लिए आधुनिक, उपभोक्ता-केंद्रित पाक अनुभव विकसित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

**क्रिस्टोफ श्नेलमैन, यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. सीईओ**



# फिल्म सिटी निर्माण में दुबई, अमेरिका, कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया की कंपनियां आगे आई

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना विकास प्राधिकरण द्वारा जारी की गई अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना की प्री बिड बैठक गुरुवार प्राधिकरण के सभाकक्ष में हुई। फिल्म सिटी दुबई, अमेरिका, कोरिया, जापान, आस्ट्रेलिया आदि देशों की फिल्म प्रोडक्शन से जुड़ी नामी गिरामी कंपनियों ने रूचि दिखाई है। प्री बिड बैठक में यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी विकसित करने के इच्छुक संभावित आवेदकों द्वारा ऑनलाइन तथा ऑफलाइन रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम प्राधिकरण की सलाहकार संस्था मैसर्स सीबीआरई द्वारा परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा की गई तथा साथ ही साथ प्रोस्पेक्टिव बीडर्स द्वारा उठाए गए बिंदुओं पर जवाब भी दिया गया। प्री बिड मीटिंग में बिडर को बिड डॉक्यूमेंट के साथ परियोजना का प्रेजेंटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी जमा करवाने का सुझाव भी प्राप्त हुआ। बैठक में मोहिंदर वालिया द्वारा सक्सेसफुल बिडर को 1000 एकड़ की फिल्म सिटी परियोजना के अगले फेसेज में रोफल की सुबिधा दिये जाने की मांग की गई जिससे विनिंग बिडर को फाइनेंशियल सिक्योरिटी मिल सके।




**अंतरराष्ट्रीय फिल्म सिटी परियोजना को लेकर औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुई प्री बिड बैठक**

कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुण वीर सिंह द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों के साथ संवाद भी किया गया तथा प्राधिकरण के बिल्डिंग बाई लॉज से भी अवगत कराया गया।

इस कार्यक्रम में फिल्म जगत से मशहूर फिल्म निर्माता के.सी. बोकाडिया, मोहिन्दर वालिया, कोरिया की फिल्म कंपनी सिक्योरियो के प्रतिनिधियों, विनय मित्तल डायरेक्टर टी-सीरीज, मिलाप

- **प्री बिड बैठक में बिडर को बिड डॉक्यूमेंट के साथ परियोजना का प्रेजेंटेशन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी जमा करवाने का सुझाव दिया**
- **फिल्म सिटी की प्री बिड बैठक में मशहूर फिल्मी हस्तियां भी हुई शामिल**

कपूर, विपुल डी शाह ग्रुप प्रतिनिधि, भूटानी ग्रुप, जितेंद्र छाबरा आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में शासन व प्राधिकरण की तरफ से अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीमती श्रुति, कपिल सिंह, विपिन जैन, शिशिर सिंह निदेशक सूचना, नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपलब्ध रहे।

इस प्री बिड मीटिंग में उठाये गए बिन्दुओं अथवा क्वेरीज का जवाब प्राधिकरण की सलाहकार संस्था सीबीआरई द्वारा तैयार कर सक्षम स्तर से अनुमोदनोपरांत अपलोड किया जाएगा।

# नोएडा एयरपोर्ट से फ्लाइट के अंदर मिलेगी बेहतरीन कैटरिंग मिल



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने इन फ्लाइट कैटरिंग की सुविधा के लिए ताजसैट्स के साथ समझौता किया है। इससे यात्रियों को फ्लाइट के अंदर बेहतरीन कैटरिंग मिल सकेगी।

इन-फ्लाइट रसोई सुविधा के विकास के लिए गुरुवार को भारत की अग्रणी कंपनी ताजसैट्स के समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ताजसैट्स 37 वर्षों की अवधि के लिए डिजाइन, वित्त, निर्माण, संचालन और हस्तांतरण मॉडल पर इन-फ्लाइट किचन सुविधा विकसित करेगा। एयपोर्ट के भीतर स्थित आधुनिक रसोईघर 40,000 वर्ग फुट में होगा। प्रारंभिक चरण में प्रतिदिन 15,000 से अधिक लोगों को भोजन परोसने की सुविधा रहेगी। यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि. के सीईओ क्रिस्टोफ श्नेलमैन ने कहा कि वह नोएडा एयरपोर्ट पर इन-फ़्लाइट किचन बनाने और संचालित करने के लिए ताजसैट्स का स्वागत करते हैं। यह साझेदारी यात्रियों के लिए आधुनिक, उपभोक्ता-केंद्रित पाक अनुभव विकसित करने की

- **नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट ने फ्लाइट कैटरिंग की सुविधा के लिए ताजसैट्स के साथ किया समझौता**

दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। ताजसैट्स के सीईओ मनीष गुप्ता ने कहा कि ताजसैट्स ने नोएडा एयरपोर्ट के साथ साझेदारी की है। ताजसैट्स उड़ान के दौरान प्रीमियम और लाउंज खानपान प्रदान करेगा।

### नोएडा एयरपोर्ट से पहले दिन से 10 एयर ब्रिज करेगा काम

ग्रेटर नोएडा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट चालू होने से यात्रियों को बेहतर सुविधा कराने की दिशा में काम कर रहा है। एयरपोर्ट चालू होने के बाद जेवर एयरपोर्ट से यात्रियों की सुविधा के लिए 10 एयरोब्रिज पहले दिन से काम करेगा।

यात्रियों के चढ़ने के लिए कुछ एयरलाइंस एयर ब्रिज के स्थान पर सीढ़ियों का इस्तेमाल क्यों करती है

कुछ एयरलाइंस यात्रियों के हवाई जहाज में चढ़ने-उतरने के लिए एयर ब्रिज का इस्तेमाल करती हैं तो कुछ सीढ़ियों का ऐसा क्यों? यदि आप हवाई यात्रा करने जा रहे हैं तो आपको इसके बारे में जरूर पता होना चाहिए।

क्या आपने कभी हवाई यात्रा की है। अगर हां, तो आपने एक चीज पर गौर किया होगा कि कुछ एयरलाइंस यात्रियों के हवाई जहाज में चढ़ने-उतरने के लिए एयर ब्रिज का इस्तेमाल करती हैं तो कुछ एयरलाइंस सीढ़ियों का। हो सकता है कि आप इस अनुभव से न गुजरे हों, लेकिन ऐसा होता है। अगर आप जल्दी में हवाई यात्रा करने जा रहे हैं तो आपके लिए इसे जानना बहुत जरूरी है।

### क्या होता है एयर ब्रिज


कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों के लिए एयर ब्रिज का इस्तेमाल करती हैं। दरअसल इसमें होता क्या है कि जब आप एयरपोर्ट पर चेक-इन करते हैं, तो एयर ब्रिज का इस्तेमाल कर आप लाउंज या वेटिंग रूम से सीधे हवाई जहाज में एंट्री कर जाते हैं। आपको हवाई जहाज स्टैंड में जाने की जरूर नहीं होती। जैसा की नाम से ही पता चल रहा है कि इसमें एक ब्रिज(पुल) बनाया जाता है जिस पर चलकर आप सीधे हवाई जहाज में चले जाते हैं। इस ब्रिज को जेट ब्रिज, जेटवॉक या स्काईब्रिज के रूप में भी जाना जाता है।

# यीडा के आवासीय योजना के ड्रा में गड़बड़ी की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की आवासीय योजना में हुए ड्रा में गड़बड़ी की शिकायत आई है। शिकायतकर्ता ने कहा कि ड्रा में उसका नाम पुकारा गया, लेकिन लिस्ट में नाम नहीं है। शिकायतकर्ता ने प्राधिकरण के अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। इसकी जांच शुरू कर दी गई है। यमुना प्राधिकरण ने 1184 आवासीय भूखंडों की योजना निकाली थी। इस योजना का ड्रा 18 अक्टूबर को निकाला गया था। सेक्टर पी-3 के सामुदायिक केंद्र में निकाले गए ड्रा में अब गड़बड़ी की शिकायत आई है। शिकायतकर्ता रेखा शर्मा ने बताया कि ड्रा में उनका नाम पुकारा गया था। बताया गया था कि रेखा शर्मा नाम की पर्ची निकली है। लेकिन सफल आवेदकों की सूची में यह नाम नहीं है। ड्रा की वीडियाग्राफी भी कार्रवाई गई है। पीड़ित ने रेखा शर्मा का नाम बोलते हुए वीडियो भी उपलब्ध कराया है। रेखा शर्मा ने यमुना प्राधिकरण के एसीईओ विपिन जैन से मामले की शिकायत की। इस ड्रा के प्रभारी अधिकारी एसीईओ ही थे। पीड़ित ने एसीईओ को अपनी पूरी बात बताई। एसीईओ ने कहा कि वह मामले की जांच कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने कहा कि जब उनके नाम का एनाउंसमेंट किया गया तो फिर लिस्ट में नाम कैसे नहीं है। जैन ने कहा कि वह फिर से पूरा वीडियो देखेंगे। जिस पर्ची के समय नाम बोला गया है, उसको भी देखा जाएगा। कई एनाउंस गलत नाम बोल देता है। अब शिकायतकर्ता को मंगलवार को बुलाया गया है। इस बारे में प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में है। मामले की जांच कराई जा रही है।

# जीबीयू रोबोटिक्स केन्द्र स्थापित करने की दिशा में एक कदम आगे

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गौतमबुद्ध विवि के कुलपति ने अपनी टीम के साथ एडवर्ब कंपनी का दौरा किया, जो शिक्षाविदों और उद्योग के बीच की खाई को कम करने के उनके प्रयासों को रेखांकित कर रहा है। जीबीयू टीम ने जीबीयू के कुलपति प्रो. रवींद्र कुमार सिन्हा के कुशल नेतृत्व में एडीडीवेर कंपनी के इनमें से एक संस्थापक सतीश शुक्ला से मुलाकात की। टीम ने रोबोटिक्स और स्वचालन प्रौद्योगिकी के लिए आवश्यक कौशल का पता लगाने की कोशिश की। जीबीयू छात्रों के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने के लिए स्वचालन और पीएलसी में एक डिप्लोमा, अल्पकालिक कार्यक्रम या एमटेक पाइपलाइन में है, ताकि उन्हें बेहतर रोजगार योग्य बनाया जा सके। एक प्रोग्रामेबल लॉजिक कंट्रोलर (पीएलसी) या प्रोग्रामेबल कंट्रोलर एक औद्योगिक कंप्यूटर है, जिसे विनिर्माण प्रक्रियाओं के नियंत्रण के लिए कठोर और अनुकूलित किया गया है, जैसे कि असेंबली लाइनें, मशीनें, रोबोटिक डिवाइस, या कोई भी गतिविधि जिसके लिए उच्च विश्वसनीयता, प्रोग्रामिंग में आसानी और प्रक्रिया दोष निदान की आवश्यकता होती है। डिक मॉर्ले को पीएलसी का पिता माना जाता है, क्योंकि उन्होंने पहले पीएलसी का आविष्कार किया था। सतीश शुक्ला ने बताया कि पीएलसी कौशल वाले किसी




- **जीबीयू ड्रोन प्रौद्योगिकी व रोबोटिक्स जैसे अधिक से अधिक कौशल आधारित पाठ्यक्रमों को देगा बढ़ावा**
- **विवि के कुलपति ने टीम के साथ एडवर्ब कंपनी का किया दौरा**

भी इंजीनियर को निश्चित रूप से अच्छा प्लेसमेंट मिलेगा और इस कौशल की संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप में भारी मांग है। जीबीयू उद्योग की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रोबोटिक्स और स्वचालन प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा है। जीबीयू ने अपनी टीम को यह कार्य सौंपा है, जिसने विभिन्न उद्योगों का दौरा किया है। डॉ. कीर्ति पाल, डीन स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, धर्मवीर मंगल, मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, डॉ. विनय कुमार लिटोरिया, निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशन सेल, डॉ सतीश के मित्तल, मुख्य संचालन अधिकारी, जीबीयू इनक्यूबेशन सेंटर, डॉ. आरती गौतम दिनकर, विशेषज्ञ इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार शामिल रहे।

# अवैध संबंधों के शक में हुई थी ललित की हत्या, 4 गिरफ्तार

**रबूपुरा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गत 21 अक्टूबर को किसान की हत्या के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने वारदात के चारों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू, बाइक व मोबाइल बरामद कर लिया।

पुलिस अनुसार आरोपी मनोज ने बताया कि उसकी पत्नी से मृतक के अवैध संबंध थे। बार-बार समझाने के बावजूद भी दोनों अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे थे तथा इसी के चलते कई बार विवाद भी हुआ था। इसी से नाराज मनोज ने अपने साले के व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर ललित की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। किसी को शक न हो इसलिए किसान को गंभीर अवस्था में गांव के पास छोड़कर भाग गए






थे। गौरतलब है 21 अक्टूबर को गांव भीकनपुर निवासी लखपत का बेटा ललित (40) शाम के समय अपने खेतों की ओर गया था। 2 घंटे बाद ही वह करीब 8रू बजे गंभीर अवस्था में घायल गांव के पास ही रास्ते पर पड़ा मिला था। जिसे बुलंदशहर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतक के परिजनों की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया था तथा पोस्टमार्टम में अत्यधिक चोट लगने से मौत की पुष्टि हुई थी।

कोतवाली पुलिस ने बताया साजिश के तहत मनोज ने अपने साले धर्मेंद्र निवासी सबोता, अंकित व राहुल निवासी नगला बक्सा थाना सादाबाद जिला हाथरस से ललित की हत्या करा दी थी। गुरुवार को चारों अभियुक्तों बीरमपुर पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त चाकू, मोबाइल व बाइक बरामद कर लिए हैं।

# सेंट जोसफ विद्यालय में खेल सप्ताह का शुभारम्भ, प्रतिभागियों ने किया प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। सेंट जोसफविद्यालय में खेल सप्ताह का शुभारंभ हुआ, जिसका उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ऑल्विन पिंटो ने स्कूल ध्वज को फहराकर किया। इसके बाद उन्होंने सभी खिलाड़ियों को स्वस्थ भावना से खेलने हेतु शपथ दिलाते हुए खेल प्रारंभ करने की घोषणा की। पहले दिन सब जूनियर श्रेणी के अंतर्गत छात्र छात्राओं के लिए 400,600 मीटर दौड़, गोला फेंक, लंबीकूद, ऊंची कूद आदि स्पर्धाओं का आयोजन किया गया, जिसमें दिलासी गुप्ता प्राची नागर, हितैषी गुप्ता, जयकुमार, हर्ष दयाल, रुद्र प्रताप पार्थ अधाना, सैयद अंसारी प्रथम स्थान पर रहे। द्वितीय स्थान पर रहे कनक, जानवी भारद्वाज, रितिका फौजदार, भूमिका यादव, जय शर्मा, देव राघव, शाहिद अंसारी,देव भाटी, जयकुमार और तीसरे स्थान पर रहे दिया बिष्ट, सुश्री भाटी, भूमिका यादव, समीक्षा, लक्ष्य नागर, जयकुमार, हर्ष दयाल हर्षित भारद्वाज और देव राघव। पहले दिन की इस स्पर्धा का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।




# मिलिन्द शर्मा नेशनल रोल बॉल प्रतियोगिता में दिखाएं दम

**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इण्डिया की तरफ से गोवा में 37वीं नेशनल गेम्स 2023 में कई खेल प्रतियोगिताएं हो रही है। जिसमें रोल बॉल स्पोर्ट्स खेल प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश की बालक व बालिका सीनियर रोल बॉल टीम का गठन कर दिया गया है। 12 सीनियर बालक टीम की सदस्यों में गौतम बुद्ध नगर के अल्फा-2 निवासी मिलिंद शर्मा का चयन हुआ है। ये चयन प्रक्रिया फतेहपुर ज़िले में 1 अक्टूबर में सम्पन्न की गई। उत्तर प्रदेश की टीम का अभ्यास कैम्प आगरा ज़िले में 22 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक लगाया गया। 26 अक्टूबर को सभी खिलाड़ी गोवा के लिए रवाना हो गई। एन आई एस कोच मिलिंद शर्मा 8 बार राष्ट्रीय प्रतियोगिता में कई पदक जीत चुके हैं। गौतम बुद्ध नगर रोल बॉल संघ में तकनीकी कोच रूप में मुख्य भूमिका निभाते हुए ज़िले के स्केटिंग खिलाड़ियों रोल बॉल कि बारीकियां सिखा रहे है। समसारा द वर्ल्ड एकेडेमी, जी.डी. गोइयका, प्रज्ञान स्कूल में कोच के पद कर कार्य कर रहे हैं। मिलिंद शर्मा के शिक्षण में ज़िले के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय प्रतियोगिता पदक भी जीत चुके हैं। जिला स्केटिंग संघ अध्यक्ष देवेंद्र नागर, रोल बॉल संघ के अध्यक्ष चौधरी मोहित दलगीर व सचिव रविकान्त ठाकुर ने मिलिंद शर्मा को जीत के लिए अत्यधिक शुभकामनाएं दी।




## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्लॉट नं0-01 नॉलेज पार्क-04, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310**
**जिला-गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0।**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डाबरा की प्रस्तावित आबादी में भूखण्ड संख्या-34, क्षेत्रफल-330 वर्ग मीटर, के आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री बुद्धराम, निवासी-ग्राम- डाबरा, जिला-गौतमबुद्धनगर को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री फिरेराम पुत्र श्री बुद्धराम की मृत्यु के उपरान्त इनके वारिसों श्रीमति पार्वती, श्रीमति मनीषा, श्रीमति राखी, श्रीमति ज्योति व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना०बा० सरंक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रीगण/पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम निवासी ग्राम डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर में से श्रीमति पार्वती व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना०वा० सरंक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम निवासी ग्राम-डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर के पक्ष में नामान्तरण करने हेतु नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये गये है। अतः इस नामान्तरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में श्रीमति पार्वती व श्री गौरव कुमार, श्री बितिक चौधरी (ना०बा० सरक्षिका स्वयं माता श्रीमति पार्वती) पत्नी/पुत्रगण स्व० श्री फिरेराम निवासी-ग्राम-डाबरा, परगना व तहसील दादरी, जिला-गौतमबुद्धनगर का नाम आवंटी के रूप में दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण


# वन नेशन वन राशन कार्ड जागरूकता गोष्ठी आयोजित





**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से वन नेशन वन राशन कार्ड योजना को लेकर लाभार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य को लेकर शारदा विवि जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई।

गोष्ठी में विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह, विधायक दादरी तेजपाल नागर, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी जनार्दन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, संयुक्त आयुक्त खाद्य मेरठ मंडल मेरठ, शासन स्तर से अटल राय, अपर आयुक्त (आपूर्ति) खाद्य तथा रसद विभाग जवाहर भवन उ.प्र. तथा भारत सरकार के उपभोक्ता मामले खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के संगीत सिंगला, सी.डी. शुगर एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सहभागिता की गयी। संगोष्ठी में जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं के साथ-साथ लगभग 1200 राशनकार्ड धारक/लाभार्थी सम्मिलित रहे। उपरोक्त लाभार्थियों में लगभग

- **लाभार्थियों से किया गया संवाद**

900 लाभार्थी अन्य जनपदों/प्रदेशों के निवासी हैं, जोकि जनपद गौतमबुद्धनगर में रहकर विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों/निर्माण ईकाईयों तथा अन्य बतौर श्रमिक कार्य करते हैं तथा जिनके राशनकार्ड उनके मूल जनपद से निर्गत हैं, उनके द्वारा जनपद के उचित दर विक्रेताओं के यहां से वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के अन्तर्गत खाद्यान्न प्राप्त किया जाता है।

संगोष्ठी में विधायक जेवर धीरेन्द्र सिंह एवं विधायक दादरी तेजपाल नागर, शासन एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा वन नेशन वन राशनकार्ड योजना के सम्बंध में अपने उद्गार व्यक्त किए गए। अंत में संयुक्त आयुक्त, (खाद्य) विनय कुमार सिंह द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा अपने नित्य दैनिक जीवन निर्वाह कार्यों में से समय निकाल कर सहभागिता करने वाले आम जनमानस का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ लिया हिस्सा



**ग्रेटर नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। जीएलबीआईएमआर परिसर में एक दिवसीय खेल प्रतियोगिता एक्स्ट्रा वेगांज़ा-2023 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बास्केटबॉल, फुटबॉल और बैडमिंटन में कॉलेज के छात्रों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और प्रतिभा एवं खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विभाग की निदेशक डॉ. सपना राकेश ने किया। बॉस्केटबॉल के पुरुष वर्ग में हितेंद्र, कुणाल सैनी, देवू प्रसाद, कुणाल प्रसाद, विश्वेश कुमार की टीम विजेता रही और अखिल, सुजीत चौधरी, सौरभ भाटी की टीम उपविजेता रही। महिला वर्ग में अंकुरी अर्चना और श्रद्धा ने फाइनल जीता और दीपांशु एवं अमरीता दूसरे स्थान पर रही बैडमिंटन में सत्यम यादव और अभय कुमार सिंह ने जीत दर्ज की तो राघवेंद्र और लक्ष्य दूसरे स्थान पर रहे लड़कियों में रौशनी और अमरीता विजेता और सुरभि एवं आकांशा कुमारी उपविजेता रही। फुटबॉल में आनंद शुक्ला, रोहित गौड़, विवेक कुमार, नमन कुमार, मयंक सचान, कुणाल सैनी, प्रज्जवल, तनवीर, कौशल कुमार, शुभम, हिमांशु, सौरभ प्रसाद की टीम ने ट्रॉफी पर कब्ज़ा किया। अंत में पुरस्कार वितरण डॉ. अमित कुमार एवं डॉ. अरविन्द कुमार भट्ट की उपस्थिति में किया गया। विक्रांत, हितेंद्र, रक्षिता, लक्ष्य, अखिल और अंकित खेल समन्वयक रहे।


पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उतर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida



## यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम तिगरा तहसीलदार वजीराबाद (गुरूग्राम) द्वारा प्रस्तुत परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र दिनांक 22.07.2022 के अनुसार मृतक श्री स्व0 डालचन्द पुत्र नारायण सिंह व श्रीमति स्व0 महेन्द्री देवी पत्नी डालचन्द नि0 ग्राम तिगरा वजीराबाद जिल गुरूग्राम की मृत्यु दिनांक 20.12.2020 व 31.12.2011 के अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता सं0 | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| गुनपुरा | 69 | 492<br>505<br>506<br>507 | स्व0 डालचन्द पुत्र नारायण सिंह व श्रीमति स्व0 महेन्द्री देवी पत्नी डालचन्द नि0 ग्राम तिगरा तहसील वजीराबाद जिला गुरूग्राम। | श्री समयपाल | पुत्र |
| | 30 | 346 | | श्रीमति जगन पत्नी स्व0 जगतपाल | पुत्रवधु |
| | 136 | 345 | | श्रीमति सरोज | पुत्री |
| | | | | श्रीमति विरमवती | पुत्री |
| | | | | श्रीमति निशा | पुत्री |
| | | | | श्री पवन कुमार पुत्र स्व0 जगतपाल | पौत्र |
| | | | | श्री प्रदीप पुत्र स्व0 जगतपाल | पौत्र |
| | | | | श्री पूजा पुत्री स्व0 जगतपाल | पौत्री |
| | | | | श्री सोनिया पुत्री स्व0 जगतपाल | पौत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



## ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

**प्लॉट नं0-1 नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी**
**जिला-गौतमबुद्धनगर।**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की एक्सटी001 आवासीय भूखण्ड योजना के अर्न्तगत भूखण्ड संख्या-सी-497, सैक्टर-03, आकार-200 वर्गमीटर आवंटन संख्या एक्सटी00186525, के आवंटी श्री तेजपाल पुत्र श्री रूमाल सिंह के नाम आवंटित है। आवंटी श्री तेजपाल पुत्र श्री रूमाल सिंह के मृत्यु दिनाक 26.06.2023 को हो जाने के उपरान्त उक्त भूखण्ड को वसीयतनामा के आधार पर उनके पुत्र श्री सिहराज सिंह पुत्र स्व0 श्री तेजपाल निवासी-ग्राम-इमलियाका, परगना दनकौर, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्ध नगर उत्तर प्रदेश द्वारा उक्त भूखण्ड को अपने पक्ष में नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण कार्यालय में प्रपत्र प्रस्तुत किये हैं। इस नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय मे दर्ज कराने का कष्ट करें। अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में उक्त भूखण्ड को नामांतरण श्री तेजपाल पुत्र श्री रूमाल सिंह के स्थान पर वसीयतनामा के आधार पर उनके पुत्र श्री सिंहराज सिंह पुत्र स्व० श्री तेजपाल उक्त भूखण्ड को पूर्ण रूप से आपके नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक (सम्पत्ति)
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण

# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 27 अक्टूबर 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## राहुल-सत्यपाल वार्ता से उभरती सियासी तस्वीर

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक का बुधवार को लिया गया साक्षात्कार अगर जमकर वायरल हो रहा है तो सिर्फ इसलिये नहीं कि इससे कई नये खुलासे हुए हैं और कुछ पुराने तथ्यों की पुष्टि हुई है, वरन इसलिये भी कि वह देश की भावी राजनैतिक तस्वीर को भी बयां कर रहा है। दोनों ही दो अलग-अलग पीढ़ियों तथा एकदम भिन्न किस्म की राजनीति का प्रतिनिधित्व करते हैं लेकिन दोनों के बीच कुछ समानताएं भी हैं जो इस बातचीत को महत्वपूर्ण बनाते हैं। सबसे बड़ी समानता तो यह है कि दोनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बेखौफ़ लड़ रहे हैं और मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी की कार्यपद्धति का जमकर विरोध कर रहे हैं। राहुल के एक सवाल के जवाब में मलिक का यह कहना कि 'चुनाव में सिर्फ 6 महीने रह गये हैं। मैं लिखकर दे रहा हूं कि अब मोदी सरकार नहीं आयेगी,' इस बात की पुष्टि करता है कि जो राजनैतिक घटनाक्रम ज़मीन पर होता दिख रहा है और उसके मुताबिक लोग जो सत्ता परिवर्तन का अनुमान लगा रहे हैं, वैसा होने जा रहा है। सत्यपाल मलिक द्वारा राहुल की इस बात के लिये तारीफ करना भी वे (राहुल) निस्वार्थ भाव से सत्ता परिवर्तन की लड़ाई लड़ रहे हैं, एक तरह से पुरानी पीढ़ी के एक ईमानदार नेता द्वारा राहुल के संघर्ष का गौरवगान है।

मलिक ने पुलवामा के उस घटनाक्रम को एक बार फिर दोहराया जिसमें 14 फरवरी, 2019 को सड़क मार्ग से जा रहे केन्द्रीय आरक्षित पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 40 जवान शहीद हो गये थे। जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन राज्यपाल मलिक ने साफ किया था कि यह सरकार की गलती से हुआ है क्योंकि सीआरपीएफ द्वारा उन्हें ले जाने के लिये हवाई जहाज मांगे गये थे जो मुहैया नहीं कराये गये थे। इसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से ले जाया गया था। रास्ते में कोई सुरक्षा नहीं थी जो अमूनन ऐसे काफिले के गुजरने के वक्त की जाती है। मलिक ने पहले की तरह फिर से बताया कि उस वक्त मोदी जिम कार्बेट पार्क में शूटिंग कर रहे थे। बाद में जब उनसे और सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से बात हुई तो उन्हें चुप रहने को कहा गया था। राहुल ने भी बताया कि पहले उन्हें भी एयरपोर्ट पर लाये गये शहीदों के शवों को श्रद्धांजलि के लिये जाने से मना किया गया था। बाद में हवाई अड्डे पर उन्हें एक कमरे में बंद रखा गया था। राहुल ने आशंका जताई कि इस खुलासे के बाद मलिक के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई की जांच हो सकती है, मलिक ने कहा कि वे इसकी परवाह नहीं करते।

बातचीत में दोनों नेताओं का एक दूसरे के लिये आदर साफ झलक रहा था। राहुल ने जब उनके राजनैतिक कैरियर की शुरुआत के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जरिये वे इसमें आये थे। जब राहुल ने चरण सिंह की शख्सियत के बारे में जानना चाहा तो मलिक का कहना था कि वे सरल व ईमानदार व्यक्ति थे। उल्लेखनीय है कि 1977 में बनी जनता पार्टी की सरकार करीब ढाई वर्ष चलकर गिर गई थी तब कांग्रेस के समर्थन से चौधरी पीएम बने थे- केवल 5 माह के लिये। इंदिरा गांधी द्वारा समर्थन वापस लेने के कारण उन्हें इस्तीफा देना पड़ा था। उनका आरोप था कि इंदिरा उनके खिलाफ आपातकाल संबंधी मामलों को समाप्त करने का दबाव डाल रही थी। उन्होंने दबाव में आने की बजाय त्यागपत्र देना बेहतर समझा था। देश के संसदीय इतिहास के इन काले पन्नों के बावजूद राहुल और सत्यपाल में इसे लेकर कोई कड़वाहट नहीं दिखी। दोनों ने चरण सिंह को लेकर सहजतापूर्वक बातचीत की। राहुल ने उनसे यह जानना चाहा कि लोग पद पाने के लिये इतने लालायित क्यों होते हैं, मलिक ने कहा कि राजनीति पहले देश सेवा थी जो अब व्यवसाय बन गई है। उन्होंने राहुल की इसलिये तारीफ की कि वे ऐसे वक्त में एक अपवाद है जो उन्हें सबसे अलग बनाता है।

दोनों के बीच किसान आंदोलन, न्यूनतम समर्थन मूल्य, जातिगत जनगणना आदि को लेकर भी विस्तार से बातचीत हुई जिसमें दोनों नेताओं के बीच वैचारिक समानता दिखाई पड़ी जो इस बात के संकेत हो सकते हैं कि भविष्य में दोनों को एक दूसरे का साथ मिलता रहेगा। अगर ऐसा होता है तो यह मोदी और भाजपा के लिये ज्यादा मुश्किलों वाले दिन हो सकते हैं क्योंकि ये दोनों (राहुल-सत्यपाल) मोदी सरकार के कट्टर आलोचक हैं। जहां एक ओर राहुल मोदी राज के कथित भ्रष्टाचार, खासकर प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्र गौतम अदानी के साथ संबंधों पर लगातार सवाल उठाते रहे हैं, उसी तर्ज़ पर मलिक भी कह चुके हैं कि केन्द्र द्वारा लाये गये तीन कृषि कानून, जो किसानों के विरोध के चलते सरकार को वापस लेने पड़े थे, अदानी के लाभ के लिये ही लाये गये थे।

राहुल-सत्यपाल के बीच का यह वार्तालाप न केवल कांग्रेस व इंडिया गठबन्धन के भविष्य में और मजबूत होने की ओर इशारा करता है वरन यह भी बतलाता है कि कई दलों के साथ रहने के बावजूद अपनी ईमानदारी के कारण सम्मानित सत्यपाल मलिक जैसे नेता लोकसभा चुनावों के वक्त खुले आम कांग्रेस-इंडिया का साथ देकर प्रतिपक्ष को और मजबूती प्रदान करेंगे। मलिक का यह कहना कि 'यह सरकार जा रही है', उसी दावे की पुष्टि है जो राहुल गांधी भी करते आ रहे हैं और जिसकी वे कोशिश कर रहे हैं।

## राजस्थान में रवायत बदल जाएगी इस बार ?

राजस्थान में मतदान की तारीख़ '25 नवंबर' है और अब तक न कांग्रेस और न भारतीय जनता पार्टी के सारे उम्मीदवारों के नाम तय हो पाये हैं। होता यूं है कि टिकट मिलते ही जीत का रास्ता नहीं खुलता, बगावत का बिगुल बज जाता है। इससे जूझते हुए दोनों ही पार्टियां आगे बढ़ने की कोशिश कर रही हैं और इन सबसे बड़ा सवाल सर उठा रहा है कि राजस्थान का गढ़ कौन जीतेगा? प्रदेश में बीते 30 वर्षों से जनता एक बार कांग्रेस एक बार भाजपा की सरकार बना रही है। यहां के बच्चे जो अब जवान हो चुके हैं उन्हें दो ही मुख्यमंत्रियों के नाम याद हैं- अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे सिंधिया। पिछली बार जब वसुंधरा राजे चुनाव लड़ रहीं थीं, प्रदेश में एक नारा चला था- 'मोदी तुझसे बैर नहीं,वसुंधरा तेरी खैर नहीं।' नारे चलते रहते हैं लेकिन नतीजों में यह सच भी हो गया। वसुंधरा राजे दोबारा सरकार नहीं बना पाईं। भाजपा ने इसी नारे को इस बार अपना ध्येय वाक्य बना लिया जिसका नतीजा ये हुआ कि इस बार राजस्थान का चुनाव सीधे-सीधे अशोक गहलोत बनाम नरेंद्र मोदी हो गया है। यह चुनाव दो स्थानीय नेताओं के बीच नहीं बल्कि सीएम और पीएम के बीच है। राजस्थान में 25 में से 24 सांसद भाजपा के हैं। कांग्रेस का एक भी सांसद नहीं। जीत का जोश भी शायद इसी संख्या से आता है। यहीं से प्रेरणा लेकर भाजपा ने अपने सात नेताओं की सांसदी को विधायकी में बदलने का फैसला कर लिया है। क्या वाक़ई इन फैसलों और मोदी की लोकप्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा या अंततः विभाजन की राजनीति ही टेका लगाएगी?

एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं। चिरंजीवी योजना के तहत 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) की बहाली, महिलाओं को कनेक्शन के साथ मोबाइल फोन देना और हर बिल पर पहले 100 यूनिट बिजली मुफ्त देने का असर साफ़ देखा जा सकता है। जिन लोगों की सरकारी योजनाओं में कोई आस्था नहीं रही, उन्होंने भी मुफ्त बिजली और अच्छे इलाज की चाहत में राजस्थान सरकार के जनाधार नंबर से खुद को जोड़ लिया है। निजी अस्पतालों को भी इस योजना में शामिल करना बेहतरीन सोच है लेकिन इसमें अड़चनें भी आ रही हैं। इसकी तुलना में राजस्थान शासकीय स्वास्थ्य योजना के तहत अच्छी सुविधा राज्य के कर्मचारियों को मिल रही है। कहा जा सकता है कि राज्य सरकार के कर्मचारियों को तो इस बार साध लिया गया है। एक और अच्छी पहल थी जिसे लागू करने में भी व्यवहारिक दिक्कतें रही हैं। इसके तहत सड़क पर घायलों को किसी भी प्राइवेट हॉस्पिटल में तुरंत चिकित्सा मुहैया करानी थी। अक्सर कई मरीज़ सरकारी औपचारिकताओं के चलते और इलाज के अभाव में दम तोड़ देते हैं। इस कायदे का दम भी टूटता हुआ ही नज़र आता है क्योंकि निजी अस्पताल इस हक़ में नहीं हैं जबकि 2022 में स्वास्थ्य का अधिकार अधिनियम (राइट टू हेल्थ बिल) पास करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया था। कानून और व्यवस्था को मज़बूत करने में भी सरकार का ध्यान कम ही रहा। जैसी सक्रियता स्वास्थ्य के लिए रही वैसी कानून के लिहाज़ से भी होती तो राजस्थान की कहानी और बेहतर हो सकती थी। तब क्या रास्ता भाजपा के लिए आसान है?



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

> एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस की सरकार बनाने वाला राजस्थान का वोटर बहुत बुद्धिमान है और वह किसी के बहकावे में नहीं आता। वह निरंतर विकास चाहता है। यही वजह है कि बीमारू प्रदेशों में वह बेहतर हुआ है। जानना दिलचस्प होगा कि इस बार उसे कौन भा रहा है। अशोक गहलोत सरकार का पिछले कुछ महीनों से तो यह हाल है कि वे हर रोज़ किसी नई योजना या फिर घोषणा के साथ हाज़िर हो जाते हैं।

राजस्थान की शहरी जनता के बड़े हिस्से को इस बात से ज़्यादा फर्क नहीं पड़ता कि वोट मोदी के नाम पर मांगा जा रहा है। उसे लगता है कि किसी भी स्थानीय नेता में वैसा चुम्बक नहीं जैसा कि मोदी जी में है। वसुंधरा राजे पूरे राजस्थान में लोकप्रिय हैं लेकिन मोदी ही हैं जो राजस्थान में पार्टी की नैया पार लगा सकते हैं। इस विमर्श के हिसाब से मध्यप्रदेश में 18 साल के शिवराज सिंह चौहान शासन के दूसरी तरफ भी मोदी ही हैं क्योंकि इस बार वे भी हाशिये पर हैं। गहलोत के ख़िलाफ़ भी मोदी और शिवराज के खिलाफ भी। यह दिलचस्प है कि प्रदेश में कोई भी नेता या विश्लेषक गहलोत सरकार के लिए 'एंटी इंकम्बेंसी' की बात नहीं कर रहा है। दूसरे शब्दों में कहें तो नाराज़गी वाला बड़ा वोट नहीं है कि मतदाता गुस्से में है और बाज़ी पलट देगा। सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए आतुरता की कमी ही भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। इस चुनौती से निपटने के लिए भाजपा की केंद्रीय योजनाओं के अलावा प्रधानमंत्री की विदेश में साख को भी वोटर अच्छा बताते हैं। पार्टी के पास एक बड़ा अस्त्र है जिसे वह समय-समय पर धार देती रहती है और राजस्थान को भी अलग नहीं रखा गया है। यूं प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में साफ़ कह दिया है कि वे राजस्थान सरकार की वर्तमान योजनाओं को बंद नहीं करेंगे और मतदाता को सिर्फ़ कमल का फूल देखना चाहिए। यह सोच किसी बड़े 'शिफ्ट' का संकेत है कि पांच साल में रोटी पलटने की रवायत के बावजूद पार्टी आश्वस्त नहीं है।

कर्नाटक से पहले गुजरात और पश्चिम बंगाल में भी मोदी ही पार्टी का चेहरा थे लेकिन केवल गुजरात में ही सफलता मिली। पार्टी का यह मज़बूत विचार है कि असफल चेहरों को दृश्य से गायब कर दो तो सफलता मिलती है। गुजरात में तो मुख्यमंत्री से लेकर तमाम मंत्रियों के ही चेहरे गायब हो गए। यह मॉडल खूब सफल रहा। कर्नाटक में 19 रैलियों और छह रोड शो के बावजूद भाजपा की सरकार बची नहीं रह सकी और बंगाल में दीदी तीसरी बार भी अपनी गद्दी बचने में कामयाब रहीं। तब क्या राजस्थान में यह असफल चेहरा वसुंधरा राजे थीं? शुरुआत में पार्टी ने ऐसा ही माना था लेकिन दूसरी सूची में गलती सुधार ली। उनके हिसाब से टिकट भी मिले और उन्हें कुछ तवज्जो भी। चर्चा यह भी है कि अब जयपुर के पूर्व राजघराने की राजकुमारी दीया कुमारी को पार्टी आगे लाना चाहती हैं। वे राजसमंद से सांसद हैं और अब पार्टी ने उन्हें जयपुर की एक सीट से विधायक का टिकट दिया है। जयपुर से ही सांसद राज्यवर्धन भी अब विधायकी की दौड़ में शामिल हैं। यूं वसुंधरा राजे के आगे दीया कुमारी फिलहाल एक कमज़ोर चयन इसलिए भी हैं कि वसुंधरा राजपूती विरासत के साथ गुर्जर बहू होकर कई चुनावी गणित साध लेती हैं। उनकी भाषा और वेशभूषा उन्हें हर वर्ग में स्वीकार्य बनाती हैं। वे एक चुनरी से ही अपना कनेक्ट जनता, खासकर महिलाओं से बना लेती हैं। इस बार उनके मतदाताओं को पता है कि वे मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं हैं तब फिर कौन और क्या मुद्दे हैं जो रण जितवाएंगे।

पिछले महीने जयपुर में एक अठारह साल के लड़के इकबाल की हत्या हो गई। भीड़ ने उसे पीट-पीट कर मार डाला। यूं राजस्थान अपने लोक संगीत, साहित्य और कलात्मक अभिरुचि वाली कई खूबियों के साथ सांप्रदायिक तौर पर बेहद सद्भावी प्रदेश है। तमाम सम्प्रदाय यहां मिल-जुलकर रहते हैं। मलिक मोहम्मद जायसी की पद्मावत (1540) जन-जन में लोकप्रिय है। अकबर के सेनापति मानसिंह रहे तो हाकिम खां महाराणा प्रताप के। वीरता के साथ सद्भाव की बेहतरीन गाथा इस प्रदेश ने लिखी है। 'धरती सुरगा री..' यह गीत तारा प्रकाश जोशी ने इस धरती के सौंदर्य और सद्भाव के लिए ही लिखा है। उस दिन इकबाल और उसका भाई दोनों बाइक पर सवार थे कि सड़क पर कहा-सुनी हो गई। भाई तो जान बचाकर भाग गया लेकिन इकबाल को भीड़ ने मार दिया। हो सकता है कि दुर्घटना के बाद इक़बाल ने अपशब्द कहे हों लेकिन उसकी जान ले ली जाए, यह दुखद था। गहलोत सरकार ने बतौर मुआवज़े पचास लाख रूपए और परिजन को नौकरी देने की घोषणा की। शहर में व्यापारियों के एक हिस्से ने बड़ा प्रदर्शन करते हुए इसे तुष्टिकरण का नाम दिया। कहा गया कि पुलिस हिंदुओं को परेशान कर रही है, उन्हें जबरन गिरफ्तार किया जा रहा है। जो भी हो, कानून इतना सशक्त होना चाहिए कि जांच पर सबका भरोसा हो।

विकास के मुद्दों पर ये मुद्दे हावी हैं। उदयपुर में दर्ज़ी कन्हैया लाल की हत्या भी नफरत का नतीजा थी। जोधपुर का दंगा भी। सरकार की पकड़ कानून व्यवस्था पर होनी चाहिए। अपराधियों को पकड़ने में भी और अपराध न हों उसमें भी। विकास के तमाम सुरीले सुरों के बीच नफ़रत के ये बेसुरे बोल का सर क्यों उठना चाहिए था? सरकार की जनकल्याण की नीतियों की सराहना के बीच तुष्टिकरण का मुद्दा जगह बना रहा है। बहुत दुखद होगा जो चुनाव विकास बनाम सांप्रदायिकता में बदल गया तब कोई दल जीतेगा या हारेगा लेकिन यहां के रंग उदास और किलों के कंगूरे सूने पड़ जाएंगे।

राजस्थानी डिंगल कविता का अपना तेज है जिसने सामाजिक जनजागृति के साथ संकट के समय अंग्रेज़ सत्ता के ख़िलाफ़ भी सबको एक करने का काम किया था। इस दौर में जब इंसान मृत देह में भी मज़हब ढूंढ रहा है, मनुज देपावत की डिंगल कविता की ये पंक्तियां बहुत मायने रखती हैं-

ऐ इंकलाब रा अंगारा, सिलगावे दिल री दुखी हाय।
अब छांट्या-छिड़किया नहीं बुझेला जो डूंगर लागी आज लाय।
इक दिन ऐड़ो आवैला धोरां री धरती धूजैला।
ऐ सदा पत्थरां रा सेवग पण आज मिनख नैं पूजैला।

अर्थ- मिट्टी के पुतलों को इंसान बनाने आया हूं। इंकलाब के अंगारे अब दिल में दहक रहे हैं और ये छीटों से नहीं बूझने वाले। देश का भाग उस दिन जागेगा जिस दिन पत्थरों की बजाय इंसान की पूजा होगी।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

## मिजोरम के मुख्यमंत्री ने दिया भाजपा को जबरदस्त झटका

■ **आशीष विश्वास**

यह कोई रहस्य नहीं है कि पूर्वोत्तर भारत में अधिकांश ईसाई संगठन और समुदाय के नेता मणिपुर में हाल ही में भड़की जातीय हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से नाराज हैं। यह वर्तमान में इस क्षेत्र में टिकाऊ राजनीतिक एकीकरण की चाह रखने वाली भगवा पार्टी की दीर्घकालिक योजनाओं के लिए एक झटका है।

नागालैंड से लेकर त्रिपुरा तक, ईसाई समुदाय के नेताओं और समूहों ने केन्द्र और राज्य सरकार की निंदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी, जो देख रहे हैं कि कैसे ये सरकारें मणिपुर में हिंसा के बाद की अवधि के दौरान कुकी, ज़ो, और अन्य जनजातियों को हाशिए पर रखने के लिए जानबूझकर आधिकारिक कदम उठा रहे हैं। अब मिजोरम के मुख्यमंत्री ज़ोरमथांगा ने बीबीसी को दिये अपने एक साक्षात्कार के दौरान भाजपा के प्रति कड़ा आलोचनात्मक रुख अपनाते हुए उग्र राजनीतिक विवाद में नया ईंधन डाल दिया है।

ज़ोरमथांगा की इस स्पष्ट घोषणा पर स्थानीय स्तर पर काफी आश्चर्य हुआ है कि वह चल रहे चुनाव प्रचार अभियान के हिस्से के रूप में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ किसी भी संयुक्त सार्वजनिक रैली को संबोधित नहीं करेंगे। एक विदेशी चैनल के सामने इस तरह की घोषणा करना हर किसी को मंजूर नहीं है, जिसके कथित 'पक्षपातपूर्ण कवरेज' को लेकर दिल्ली के अधिकारियों के साथ अपनी समस्याएं थीं।

> बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा।

श्री मोदी अक्टूबर के अंत तक मिजोरम यात्रा पर जाने वाले हैं। उन्हें यह जानकर खुशी नहीं होगी कि स्पष्टीकरण के माध्यम से, मिज़ो नेता ने कुछ हद तक विस्तार से कहा था कि पड़ोसी मणिपुर में चर्चों और ईसाइयों पर हमले उनके राज्य के लिए भी बुरे थे। इसलिए, इस स्तर पर संयुक्त रैलियां आयोजित करना अच्छा विचार नहीं होगा और एमएनएफ अपने स्वयं के अभियान कार्यक्रम का पालन करेगा।

स्थिति न तो मिज़ो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) पार्टी के लिए अच्छी दिखती है, जिसका मुख्यमंत्री नेतृत्व करते हैं और न ही भाजपा के लिए, जिसके साथ वह राज्य के प्रशासनिक प्रमुख के रूप में राजनीतिक रूप से जुड़े हुए हैं। राज्य में 7 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। दोनों पार्टियां केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए की सहयोगी हैं। लेकिन मिजोरम के संदर्भ में, बड़ी पार्टी के रूप में एमएनएफ की ही चलती है।

हालांकि, ज़ोरमथांगा की टिप्पणियों के स्थानीय पूर्वोत्तर-आधारित मीडिया कवरेज ने कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के समर्थकों को बहुत खुश नहीं किया है। एमएनएफ ने लगातार कांग्रेस का विरोध किया है, यह रुख उसने वर्तमान चुनाव पूर्व अभियान चरण के दौरान भी दोहराया है।

मणिपुर में प्रमुख मैतेई और कुकी समूहों के लोगों से जुड़ी प्रमुख जातीय हिंसा फैलने से बहुत पहले, एमएनएफ ने राज्य के शासन से संबंधित मामलों में बड़ी पार्टी होने को नाते भाजपा के मुकाबले अपनी लगभग स्वतंत्र लाइन अपना रहा है। केंद्र ने पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य सरकारों को विशेष रूप से निर्देश दिया था कि वे म्यांमार में सत्तारूढ़ सेना जुंटा और पश्चिम की समर्थक नेशनल यूनिटी गवर्नमेंट (एनयूजी) के बीच गृहयुद्ध के मद्देनजर म्यांमार से भारत में आने वाले शरणार्थियों को प्रोत्साहित न करें।

केंद्र के निर्देश का मिजोरम के लिए विशेष महत्व था, जहां से भागे हुए बड़ी संख्या में बर्मी आदिवासी शरणार्थियों को पहले विभिन्न शिविरों में आश्रय दिया गया था और बाद में उनकी संख्या बढ़ने पर उन्हें कहीं और स्थानांतरित कर दिया गया था। ज़ोरमथंगा के नेतृत्व में एमएनएफ ने नई स्थिति से निपटने के लिए दिल्ली से अधिक वित्तीय और अन्य सहायता के लिए बार-बार दबाव डाला, क्योंकि ये शरणार्थी जल्दी घर नहीं लौट सकते थे।

ऐसा आरोप है कि एनडीए सरकार ने कुछ प्रारंभिक मदद भेजने के बाद, ऐज़वाल के अधिक सहायता के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। पूर्वोत्तर भारत की मीडिया रपटों के अनुसार, स्थानीय चर्च अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, आम लोगों और विदेशी दानदाताओं ने शरणार्थियों की मदद की।

वर्तमान में, कुछ अनुमानों के अनुसार मिजोरम में राहत सुविधाओं का आनंद ले रहे लोगों की संख्या लगभग 45,000 है। 3 मई से शुरू हुई और कई महीनों तक जारी रहने वाली जातीय समस्याओं के बाद मणिपुर से कुकी और अन्य जनजातियों के मिज़ोरम में बड़े पैमाने पर आगमन के बाद यह संख्या बढ़ गई है।

मिजोरम के अधिकारियों ने अक्सर मीडियाकर्मियों को समझाया है कि उन्होंने शरणार्थियों की आमद से निपटने के लिए केवल दिल्ली द्वारा स्थापित प्रक्रियाओं का पालन किया है।

बांग्लादेश के उदय से पहले 1970-71 में भारत सरकार ने लाखों विस्थापित पाकिस्तानी नागरिकों को भारत में रहने में मदद की थी। राज्य सरकार ने केंद्र को बताया कि एमएनएफ म्यांमार के शरणार्थियों के साथ भी यही काम कर रहा था, जिनमें से कई मिज़ो समुदाय से सामाजिक/जातीय रूप से रक्त/सांस्कृतिक संबंधों से संबंधित थे। इसने अतिरिक्त वित्तीय बोझ भी उठाना जारी रखा क्योंकि म्यांमार में अशांति समाप्त होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे थे।

पर्यवेक्षकों ने यह समझाते हुए कि एमएनएफ और भाजपा के बीच मतभेदों से विपक्ष को मदद क्यों नहीं मिलेगी, इशारा किया कि आर्थिक विकास के सवाल पर मिज़ो सहित क्षेत्र में आदिवासी समुदायों के बीच मतभेद हैं। महत्वाकांक्षी, शिक्षित युवा आदिवासियों का एक वर्ग पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए बुनियादी ढांचे, पर्यटन या संबंधित क्षेत्र में नई विकास परियोजनाओं के पक्ष में था, जो एनडीए सरकार द्वारा प्रस्तावित थे। मोटे तौर पर, वे खुद को स्थानीय परियोजनाओं से जोड़ते थे, जबकि आम तौर पर संसद के अंदर और बाहर राष्ट्रीय मुद्दों पर एनडीए का समर्थन करते थे।

दूसरी ओर, क्षेत्र में ईसाइयों के बीच अधिक रूढ़िवादी समूह रेलवे के विस्तार से लेकर जलविद्युत उत्पादन तक, सभी नयी परियोजनाओं का विरोध करने लगे, खासकर यदि वे एनडीए द्वारा प्रायोजित हों। मेघालय एक ऐसा क्षेत्र था जहां आर्थिक विकास के लिए प्रस्तावित अधिकांश परियोजनाओं पर स्थानीय लोगों का विरोध हाल के वर्षों में पूर्वोत्तर क्षेत्र में सबसे मजबूत रहा है।

मेघालय, भारत के सबसे खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक, शिलांग का घर होने के बावजूद, वर्तमान में पूर्वोत्तर क्षेत्र का सबसे गरीब राज्य है!

### पावन प्रसंग

## मानव जीवन का लक्ष्य

मनुष्यों और पशु-पक्षियों की तुलना करते हुए शास्त्रकार ने लिखा है-'ज्ञानं हि तेषांधिको विशेषः।' अर्थात आहार-विहार, भय, निंद्रा, कामेच्छा की दृष्टि से मनुष्य और पशु में कोई विशेष अंतर नहीं पया जाता। शारीरिक बनावट में भी कोई बड़ी असमानता दिखाई नहीं पड़ती। खाने-पीने, चलने, उठने-बैठने, बोलने अन्य शारीरिक नित्यक्रिया के सभी साधन पशु और मनुष्यों की प्रायः एक जैसे ही मिलेहैं, पर मनुष्य में कुछ विशेषताएं उन प्राणियों से भिन्न हैं। उसकी रहन-सहन की रुचि, उचित-अनुचित का भय, भाषा-भाव आदि कितनी ही विशेषताएं यह सोचने को विवश-करती हैं कि वह इस सृष्टि का श्रेष्ठ प्राणी है। उसकी रचना किसी उद्देश्य पर आधारित है।

मनुष्य का प्रत्येक कार्य विचारों से प्रेरित होता है। यह भी कहा जा सकता है कि मनुष्य को विचारशक्ति इसलिए मिली है कि उचित-अनुचित को ध्यान में रखकर वह सृष्टि-संचालन को सहयोग देता रहे। जो केवल खाने-पीने और मौज उड़ाने की ही बात सोचते हैं, इसी को जीवन का श्रेय मानते हैं, उनमें और मनुष्येतर पशुओं-पक्षियों तथा कीट-पतंगों में अंतर कहां रहा? ये क्रियाएं तो पशु भी कर लेते हैं। विचारबल संसार का सर्वश्रेष्ठ बल है। विचार शक्ति का सूचक है। पशु निर्विचार होते हैं, इसलिए वे परस्पर अपनी भावनाओं का आदान-प्रदान नहीं कर सकते, उनकी कोई लिपि नहीं, भाषा नहीं। किसी प्रकार का संगठन बनाकर अपने प्रति किए जा रहे अत्याचारों का वे प्रतिकार नहीं कर सकते। इसीलिए शारीरिक शक्ति में मनुष्य से अधिक सक्षम होते हुए भी वे पराधीन हैं। विचारशक्ति के अभाव में उनका जीवनक्रम एक बहुत छोटी सीमा में अवरुद्ध बना पड़ा रहता है।

विशृंखलित, ऊबड़-खाबड़ धरती को क्रमबद्ध व सुसज्जित रूप देने का श्रेय मनुष्य को है। घर, गांव, शहर, देश आदि की रचना सुविधा और व्यवस्था की दृष्टि से कितनी अनुकूल है। अपनी इच्छाएं, भावनाएं दूसरों से प्रकट करने के लिए भाषा- साहित्य और लिपि की महत्ता किसी से छिपी है? आध्यात्मिक अभिव्यक्ति और सांसारिक आह्लाद प्राप्त करने के लिए कला-कौशल, लेखन, प्रकाशन की कितनी सुविधाएं आज उपलब्ध हैं। यह सब मनुष्य की विचारशक्ति का परिणाम है। मनुष्य को ज्ञान न मिला होता तो वह भी रीछ- बंदरों की तरह जंगलों में घूम रहा होता। सृष्टि को सुंदर रूप मिला है तो वह मनुष्य की विचारशक्ति का ही प्रतिफल है। विचारों का उपयोग निस्संदेह अतुल्य है।

विचारों की विशिष्ट शक्ति का स्वामी होते हुए भी मनुष्य का जीवन निरुद्देश्य गिखाई दे तो इसे दुर्भाग्य ही कहा जाएगा। जिसके कार्यों में कोई सूझ न हो, विशिष्ट आधार न ाहो, उस जीवन को पशु जीवन कहें तो इसमें अतिशयोक्ति क्या है? हवाई जहाज निराधार आकाश में उड़ता है। अभीष्ट स्थान तक पहुंचकर उसे निर्देश न मिलता रहे तो वह कही से कहीं भटक जाएगा। कुतुबनुमा की सुई वायुयान चालक को स बताती रहती है कि उसे किस दिशा में चलना है? इस निर्देश के आधार पर ही वह सैकड़ों मील का सफर पार कर लेता है। प्रत्येक पाकृतिक पदार्थ किसी न किसी उद्देश्य से निर्मित है।

मानव जीवन की महत्ता इस पर है कि हम वर्तमान साधनों का उपयोग अंतर्दर्शन या आत्मज्ञान प्राप्ति के लिए करें। उद्देश्य का मार्ग बहुधा किसी विशिष्ट दिशा की ओर ही होता है। प्रकृति जिस ओर से जाना चाहे उधर ही चलते रहें, तो इन प्राप्त शक्तियों की सार्थकता कहां रही?

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## चीन, रूस और ईरान का अमेरिका के विरुद्ध षड्यंत्र, परिणाम हमास-इजरायल युद्ध

अमेरिकी विदेश मंत्री एंथोनी ब्लिंकन ने संयुक्त राष्ट्र संघ की सभा में स्पष्ट रूप से कहा है कि इस सभा में सबको विदित है कि तो कुख्यात आतंकवादी संगठन हमास,हिजबुल्ला और फिलिस्तीन इस्लामिक जिहाद को कई वर्षों से ईरान प्रत्यक्ष तथा परोक्ष रूप से आर्थिक सामरिक सहायता कर इजराइल का विरोध करवाता आ रहा है. ब्लिंकन ने कहा हमास के इसराइल पर हमले में अमेरिका पूरी तरह से इजरायल के साथ खड़ा है और वह किसी अन्य देश के हमले से इजरायल की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास का आक्रमण इजरायल की प्रभु सत्ता को चुनौती देने वाला है इसलिए इजराइल को हमास पर आक्रमण करने का पूरा-पूरा वैधानिक हक है इजरायल को अपनी जनता तथा अपनी भूमि की रक्षा करने का पूरा अधिकार है इजराइल अपना कर्तव्य निभा रहा है। लिंकन ने स्पष्ट कहा है यदि ईरान, जॉर्डन, सीरिया या लेबनान अमेरिकी सैनिकों पर हमला करेगा तो उसका तुरंत माकूल जवाब दिया जाएगा। इधर ईरान के प्रमुख आयतुल्लाह खुमैनी ने कहा कि गाजा पट्टी में निर्दोष नागरिकों तथा बच्चों महिलाओं की हत्या का सारा दोष अमेरिका प्रशासन को जाता है जिसने इजराइल को गाजा पट्टी पर निर्दोष नागरिकों पर आक्रमण करने की खुली छूट दे रखी है और यदि अमेरिका इस युद्ध में शामिल होता है तो खाड़ी के अनेक राष्ट्र शामिल होंगे जिसकी सारी जिम्मेदारी अमेरिका पर होगी। यह बात पूरी दुनिया को मालूम है कि हमास के पीछे ईरान और मिडिल ईस्ट के कई देश शामिल हैं और ईरान के पीछे ड्रैगन तथा रूस का खुला समर्थन है। चीन और रूस ने फिलिस्तीन तथा हमास को अपने समर्थन का ऐलान किया है. रूस चाहता है कि अमेरिका का ध्यान रूस-यूक्रेन युद्ध से हट जाए और वह यूक्रेन को पूरी तरह नष्ट कर अपने देश की सीमा में शामिल कर ले। इसी तरह की चाहत चीन ने भी पाल कर रखी है वह ताइवान के मामले में अमेरिकी हस्तक्षेप से परेशान है और वह चाहता है कि अमेरिका का ध्यान इजराइल हमास युद्ध में लगा रहे और वह इसी दौरान आक्रमण करके ताइवान को अपनी प्रभु सत्ता में शामिल कर ले। चीन और रूस में खुले तौर पर ईरान को भड़का कर हमास हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद को सहायता करने तथा आक्रमण करने की इजाजत दे दी थी तब जाकर ईरान ने हमास को सीधे-सीधे इजराइल पर आक्रमण करने का निर्देश भी दिया है। 7 अक्टूबर 23 को हमास के आक्रमण से लगभग 1200 से 1500 इजराइली नागरिक सैन्य अधिकारी बच्चे तथा स्त्रियों की सरेआम हत्या कर दी गई। जवाब में इजरायल ने फिलिस्तीन के गाजा पट्टी पर हमला कर हमास के फ्रंटलाइन आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। कॉलेटरल डैमेज के रूप में वहां के नागरिक तथा बच्चों एवं स्त्रियां भी मौत की नींद सो चुके हैं। हमास इजराइल लड़ाई में नया मोड़ तब आया जब गाजा के एक अस्पताल में बम गिराकर 500 लोगों की हत्या कर दी गई और इसका सारा ठीकरा इजरायल के सर पर फोड़ दिया गया है। इजरायल ने इस बात से साफ इनकार किया है और कहा है कि इसके पीछे खुद हमास एवं फिलिस्तीन इस्लामी जिहाद है जिसने गाजा के इस अस्पताल में हमला कर इजरायल के खिलाफ एक नया षड्यंत्र रचा है। इस हमले से क्रुद्ध होकर खाड़ी देशों के सभी मुस्लिम राष्ट्र जिनकी संख्या लगभग 57 है सब एक हो गए हैं और इजरायल के साथ लगभग 87 देश समर्थन में जुड़ गए हैं।

**संजीव ठाकुर**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## मंगोलिया की राजधानी में आग लगने से सात लोगों की मौत

**उलानबटोर।** मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में गुरुवार को एक इमारत में आग लगने से सात लोगों की मौत हो गई। देश की राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी ने यह जानकारी दी है। आपातकालीन एजेंसी ने कहा कि आग उलानबटोर के सोंगिनोखैरखान जिले में स्थानीय समयानुसार बजे लगी। एजेंसी ने कहा कि जैसे-जैसे ठंड का मौसम आता है, घरों में आग लगने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। लोग घर को गर्म रहने के लिए आग जलाते हैं। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।



### आईडीएफ ने एक बयान में दी जानकारी

# इजरायली टैंकों ने उत्तरी गजा पट्टी पर हमला किया

**जेरूसलम**, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। सेना ने एक बयान में कहा, इजरायली टैंकों और पैदल सेना ने गुरुवार को तड़के उत्तरी गाजा पट्टी में लक्षित हमला किया और उसके बाद वहां से हट गए।

समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने अपने बयान में कहा कि छापेमारी लड़ाई के अगले चरण की तैयारी का हिस्सा थी, इसमें यहूदी राष्ट्र गाजा में जमीनी हमले की योजना बना रहा है। आईडीएफ ने कहा, छापे के दौरान, सैनिकों ने कई आतंकवादियों, बुनियादी ढांचे और एंटी-टैंक मिसाइल लॉन्च पोस्टों पर हमला किया और युद्धक्षेत्र तैयार करने के लिए काम किया। बयान के अनुसार, सैनिक तब से क्षेत्र से बाहर निकल गए हैं और इजरायली क्षेत्र में लौट आए हैं।

इज़रायली पक्ष में किसी के हताहत होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। आईडीएफ द्वारा प्रकाशित वीडियो में बुलडोजर सहित टैंक और बख्तरबंद वाहनों को एक बाड़ के पास सड़क पर चलते हुए दिखाया गया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, टैंकों ने तोपें दागीं और आसपास कुछ विनाश देखा जा सकता है। आईडीएफ के प्रवक्ता पीटर लर्नर ने छापेमारी को बड़ा लेकिन सीमित दायरे वाला बताते हुए कहा कि यह एक स्पष्ट और व्यापक ऑपरेशन था, इसका उद्देश्य जमीनी संचालन के लिए बेहतर शर्तें बनाना था, जब भी ऐसा होता है। उन्होंने सीएनएन को बताया, हमने वास्तव में दुश्मन से मुकाबला किया, उन आतंकवादियों को मार गिराया,जो हमारे खिलाफ एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइलों से हमला करने की योजना बना रहे थे। इज़राइल ने 7 अक्टूबर के घातक आतंकवादी हमलों और अपहरण की घटनाओं के जवाब में गाजा को नियंत्रित करने वाले आतंकवादी समूह हमास को खत्म करने की कसम खाई है।



### गजा हमले में मारा गया अल जजीरा पत्रकार का परिवार

**गजा।** इस्लामिक प्रतिरोध आंदोलन हमास और इजरायली सेनाओं के बीच जारी सघंर्ष में गाजा पर इजरायली हमले में अल जज़ीरा पत्रकार का परिवार मारा गया है। अल जज़ीरा ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उसके अरबी भाषा चैनल के गाजा संवाददाता वाएल अल-दहदौह की पत्नी और दो बच्चे गाजा पट्टी में नुसीरत शरणार्थी शिविर पर हुए हमले में मारे गए। बयान में कहा गया, अल जज़ीरा मीडिया नेटवर्क अपने सहयोगी वाएल अल-दहदौह के प्रति इजरायली हवाई हमले में उनके परिवार के सदस्यों की मौत पर अपनी गंभीर संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता है।

### 'गजा में लोगों को निकलने से रोक रहा है हमास'

**तेल अवीव।** इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि हमास गाजा के नागरिकों को वहां से निकलने से रोक रहा है। आईडीएफ के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि सेना ने लोगों से गाजा पट्टी खाली करने की अपील की थी। लेकिन हमास के लोग लोगों को दक्षिण की ओर जाने से रोक रहा है। सेना ने कहा कि उसने गाजा पट्टी में रहने वाले लोगों से संपर्क किया लेकिन उन्होंने जवाब दिया कि सभी सड़कें अवरुद्ध हैं। संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल को चेतावनी दी थी कि गाजा की आधी आबादी को उत्तर से निकालना संभव नहीं है और अपील की थी कि गाजा पट्टी में सैन्य आक्रमण न करें क्योंकि यह घनी आबादी वाला क्षेत्र है। हालांकि इज़राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले ही घोषणा कर दी है कि हमास को नष्ट करने और क्षेत्र में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए गाजा पट्टी में जमीनी सैन्य आक्रमण जरूरी है।



## दैनिक पंचांग

mypandit.com
24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : शुक्रवार 27 अक्टूबर , 2023 आश्विन शुक्ल पक्ष 13**

### राशिफल

मेष -आज के दिन धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्ति में आपका समय व्यतीत होगा। अनिर्णायकता के कारण योग्य निर्णय नहीं ले सकेंगे। आज पैसे का लेन-देन टाल दें। तन-मन में भय अनुभव होगा। धार्मिक काम के पीछे पैसे खर्च होंगे।

वृषभ -आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही व्यापार के सम्बंध में सौदे लाभदायक सिद्ध होंगे। आपकी आय का स्रोत बढ़ेगा। मित्रों और बुजुर्गों से लाभ होगा। उनके साथ आनंद के पल गुजार सकेंगे।

मिथुन -आपकी शारीरिक और मानसिक खुशी बनी रहेगी। नौकरी या व्यवसाय में अपने परिश्रम का अच्छा फल प्राप्त कर सकेंगे। उच्च अधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपके उत्साह में वृद्धि होगी।

कर्क -आज आपका भाग्य चमकेगा और आकस्मिक आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। जो लोग विदेश जाने के इच्छुक हैं, वे सफलता पा सकेंगे। विदेश से अच्छे समाचार प्राप्त कर सकेंगे।

सिंह -आज आपको स्वास्थ्य का ध्यान रखना पड़ेगा। स्वास्थ्य की सुरक्षा के पीछे खर्च होने की संभावना है। गलत मार्ग की तरफ प्रेरित न हों इसका ध्यान रखें। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद हो सकता है।

कन्या -आज आप परिवार में आनंद के पल गुजार सकेंगे। भाग्य आपके साथ है। आप समाज और लोगों में आदर पा सकेंगे। मनोरंजन सम्बंधी मामलों में आप रुचि लेंगे। वाहन और आभूषणों की खरीदारी कर सकते हैं।

तुला -स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। बीमार व्यक्ति के स्वास्थ्य में भी सुधार होगा। पारिवारिक सुख- शांति बनी रहेगी। काम-काज में सफलता और प्रशंसा दोनों से उत्साह में वृद्धि होगी।

वृश्चिक -आज यात्रा करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। स्वास्थ्य भी चिंता का कारण बनेगा। संतान की चिंता रहेगी। अपमानित होने का योग है, इसलिए लोगों से बातचीत में ध्यान रखें।

धनु -आज भावनाओं का अतिरेक रहेगा और पारिवारिक चिंता से मानसिक तनाव की आशंका बनी रहेगी। बेचैनी का अनुभव करेंगे। स्वास्थ्य खराब होने की आशंका है। मां की तबीयत की चिंता हो सकती है।

मकर -आज आप अपने विरोधियों से विजय प्राप्त कर सकेंगे। नए काम की शुरुआत होगी। उसमें सफलता प्राप्त करेंगे। शारीरिक, मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। व्यापार में लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

कुंभ -आपको मानसिक समस्याएं और उलझन रहेगी। निर्णय लेने में तकलीफ होगी। वाणी पर संयम नहीं रख पाएं, तो परिजनों के साथ मतभेद होने की आशंका बनी रहेगी। धार्मिक कामों पर खर्च होगा। स्वास्थ्य खराब होगा।

मीन -आज आपको शारीरिक-मानसिक ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव होगा। उत्साह बढ़ेगा। नए काम की शुरुआत करेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक उद्देश्य से प्रवास होगा।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिलीपींस में भूस्खलन से चार लोगों की मौत



**मनीला,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। फिलीपींस के क्यूज़ोन प्रांत के एक दूरदराज के गांव में हुए भूस्खलन में चार लोगों की मौत हो गई है।

फिलीपीन वायु सेना के प्रवक्ता ने गुरुवार को यह जानकारी दी।


फिलीपीन वायु सेना के सार्वजनिक मामलों के कार्यालय के प्रमुख कर्नल मा् कॉन्सुएलो कैस्टिलो ने कहा कि मंगलवार रात गांव में हुए भूस्खलन में दबे चार लोगों के शव बुधवार को निकाले गए।

प्रांत के स्थानीय और सैन्य अधिकारियों ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि भूस्खलन से पहाड़ की तलहटी में पांच घर दब गए। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ितों में एक गर्भवती महिला, उसका पति और दो अन्य पुरुष, पहाड़ी किसान थे। अधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश के कारण भूस्खलन हुआ।

## अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी में 22 की मौत

### अधिकारियों ने कहा, संदिग्ध की पहचान हुई

**वाशिंगटन,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी राज्य मेन में सामूहिक गोलीबारी की दो घटनाओं में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा एक संदिग्ध की पहचान की गई है।



सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, लेविस्टन पुलिस विभाग ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि 40 वर्षीय संदिग्ध रॉबर्ट कार्ड फरार है। बयान में कहा गया है, पुलिस रॉबर्ट कार्ड का पता लगाने का प्रयास कर रही है, जो स्कीमेंजीस बार और स्पेयरटाइम रिक्रिएशन में गोलीबारी का संदिग्ध है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार दोनों घटनास्थल एक दूसरे से 6.5 किमी की दूरी पर हैं।


घटना की पुष्टि करते हुए, मेन स्टेट पुलिस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा- लेविस्टन में एक सक्रिय शूटर है। हम लोगों से जगह-जगह छिपने के लिए कहते हैं। कृपया दरवाजे बंद करके अपने घर के अंदर रहें। सेंट्रल मेन मेडिकल सेंटर ने यह भी कहा कि वह बड़े पैमाने पर हताहत, बड़े पैमाने पर गोलीबारी की घटना पर प्रतिक्रिया कर रहा था और घायलों के इलाज के लिए क्षेत्र के अन्य अस्पतालों के साथ समन्वय कर रहा है। रिपोर्टों से पता चला है कि कम से कम 50 से 60 लोग घटना मेंघायल हुए हैं।

इस बीच, एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने एक संदिग्ध की दो तस्वीरें जारी कीं, जिसमें भूरे रंग के स्वेटर में एक दाढ़ी वाला व्यक्ति बंदूक लेकर एक इमारत में प्रवेश कर रहा है।

कार्यालय ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा, एंड्रोस्कोगिन काउंटी में पुलिस दोनों घटनाओं की जांच कर रही है। पुलिस ने एक सफेद वाहन की तस्वीर भी साझा की, इसमें कहा गया कि ऐसा लगता है कि इसका अगला बम्पर काले रंग से रंगा हुआ है।

## पुनर्निर्मित फूलपुर स्टेशन पर समावेशिता और संचार उन्नयन

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भारतीय रेल द्वारा घोषित की गई अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत देश भर के 1308 स्टेशनों का पुनरूद्धार करने और यात्रियों की विविध श्रेणियों की आवश्यकतानुसार सुविधाओं को बढ़ाने और संशोधित करने की योजना है। इस योजना का उद्देश्य इन अमृत भारत स्टेशनों को सुविधा-संपन्न परिवहन केंद्रों में बदलने का है। इसके पहले चरण में 508 स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। इनमें से 71 स्टेशन उत्तर रेलवे के पांचों मण्डलों को आवंटित किए गए हैं। इनमें से एक लखनऊ मंडल के अंतर्गत आने वाला फूलपुर स्टेशन है, जिसके लिए 21.34 करोड़ का बजट स्वीकृत किया गया है । पुनर्विकास योजना में विभिन्न बुनियादी ढांचे में सुधार के अंतर्गत प्रमुख प्रवेश द्वार के साथ एक सर्कुलेशन एरिया का निर्माण और इसे यात्रियों के अनुकूल बनाने के लिए दूसरे प्रवेश द्वार का प्रावधान शामिल है। प्रमुख प्रवेश द्वार और दूसरे प्रवेश द्वार पर नए भवनों का निर्माण किया जाएगा । इस निर्माण में स्थानीय शिल्पकला के तत्वों के साथ एक आधुनिक प्रवेश द्वार और पोर्टिको का निर्माण किया जाएगा । एक 12 मीटर चौड़ा फिक्स्ड ऑफशोर प्लेटफॉर्म भी बनाया जाएगा जिसे आगे रूफ प्लाजा के रूप में विकसित किया जाएगा । यातायात के संचलन में सुधार के लिए स्टेशन सर्कुलेटिंग एरिया की सड़कों को चौड़ा करके हरित पट्टियां का विकास किया जाएगा। संचार की स्पष्टता सुनिश्चित करने के लिए मानक साइनेज और डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएंगे। दिव्यांग-जनों की आवश्यकताओं के अनुरूप यात्री सुविधाओं को विकसित किया जाएगा । सूचना की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सभी प्लेटफार्मों पर एलईडी-आधारित बोर्ड, ट्रेन सूचना डिस्प्ले सिस्टम, कोच मार्गदर्शन डिस्प्ले बोर्ड और जीपीएस घड़ियां लगाई जाएंगी। एक वाणिज्यिक ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा जिसमें एक फूड प्लाजा, कैफेटेरिया, खुदरा सुविधाएं और बेहतर शौचालय सुविधाएं होंगी। एक प्रतीक्षा क्षेत्र, एक कार्यकारी लाउंज का विकास करने के साथ-साथ 'एक स्टेशन और एक उत्पाद' योजना के लिए 2 कियोस्क भी लगाए जाएंगे।



रेलवे अमृत भारत स्टेशन योजना के साथ सूचना और सुविधाओं तक आसानी से पहुंच सुनिश्चित करना चाहती है। इसका मुख्य लक्ष्य इन स्टेशनों को सक्रिय पारगमन केंद्रों के रूप में बदलना है जो स्थिरता, दक्षता, सुरक्षा, पहुंच और समावेशन को प्राथमिकता देंगे। इसमें पर्यावरण-अनुकूल उपायों को अपनाना और सभी को निर्बाध यात्रा प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की सेवाओं को बढ़ावा देना शामिल है।

## आज का इतिहास

1795-अमेरिका और स्पेन ने सैन लोरेंजो की संधि पर हस्ताक्षर किए।
1806-फ्रांस की सेना बर्लिन में घुसी।
1920-भारत के पूर्व राष्ट्रपति के. आर. नारायणन का जन्म।
1947-जम्मू कश्मीर के राजा हरि सिंह ने भारत में जम्मू कश्मीर के विलय को स्वीकार कर लिया।
1959-पश्चिमी मेक्सिको में चक्रवाती तूफान से कम से कम 2000 लोग मरे।
1968-मेक्सिको सिटी में 19वें ओलंपिक खेलों का समापन हुआ।
1978-मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात और इजरायल के प्रधानमंत्री मेनाचेम को शांति का नोबेल पुरस्कार के लिए चुना गया।
1984-भारत के प्रतिभाशाली आल राउंडर क्रिकेटर इरफ़ान पठान का जन्म।
1995-यूक्रैन में कीव स्थित चेननोबिल परमाणु संयंत्र सुरक्षा संबंधी खामियों के कारण पूर्णत- बन्द किया गया।
1997-एडिनबर्ग (स्काटलैंड) में राष्ट्रकुल शिखर सम्मेलन सम्पन्न।
2001-हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता प्रदीप कुमार का निधन।
2003-चीन में भूकम्प से 50,000 से अधिक लोग प्रभावित, बगदाद में बम धमाकों से 40 लोगों की मृत्यु।
2004-चीन ने विशालकाय क्रेन का निर्माण किया।
2008-केन्द्र सरकार ने अख़बार उद्योग के पत्रकारों और ग़ैर पत्रकारों को अंतरिम राहत की अधिसूचना जारी की।
2018-दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मदन लाल खुराना का निधन।
2021-उच्चतम न्यायालय ने पेगासस जासूसी मामले में जांच के लिए विशेषज्ञ समिति बनाई।


**आयोजन** — *किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक को किया संबोधित*

## जयशंकर ने एससीओ देशों के बीच सहयोग बढ़ाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, 26 अक्टूबर ( एजेंसियां )। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के मद्देनजर शंघाई सहयोग संगठन ( एससीओ ) देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि पश्चिम एशियाई देशों के हितों के केंद्र में होना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।**

**किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ शासनाध्यक्षों की बैठक के उद्घाटन को संबोधित करते हुए, जयशंकर ने कहा, आज जब दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है, बढ़ती आर्थिक मंदी, टूटी आपूर्ति श्रृंखला, खाद्य और ऊर्जा असुरक्षा का सामना कर रही है तो एससीओ के साथ घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता है।**

संदर्भ में, मध्य एशियाई राज्यों के हितों की केंद्रीयता एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रस्तावित भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारे और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, विदेश मंत्री ने आगे कहा, हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि वैश्विक दक्षिण को अपारदर्शी पहलों से उत्पन्न होने वाले अव्यवहार्य ऋण के बोझ से नहीं दबाना चाहिए। मुझे विश्वास है कि भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा आर्थिक समृद्धि लाने में सहायक बन सकते हैं। क्षेत्र के लिए। एससीओ देशों के साथ संबंधों पर ध्यान केंद्रित करते हुए, उन्होंने कहा कि भारत स्थायी, पारस्परिक रूप से लाभप्रद और वित्तीय रूप से व्यवहार्य समाधानों के लिए सदस्य देशों के साथ साझेदारी करने का इच्छुक है। जैसा कि हम क्षेत्र के भीतर व्यापार में सुधार करने का प्रयास करते हैं, हमें मजबूत कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है। भारत ने अपनी विकास यात्रा में इन डोमेन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, साथ ही कनेक्टिविटी पहल को हमेशा सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए। जयशंकर ने आगे कहा। भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन पर ध्यान केंद्रित करते हुए, विदेश मंत्री ने कहा, विश्व बैंक के नवीनतम अपडेट के अनुसार, भारत एक चुनौतीपूर्ण वैश्विक वातावरण की पृष्ठभूमि के खिलाफ लचीलापन दिखा रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान 6.3 प्रतिशत है। एससीओ सदस्यों के साथ हमारे कुल व्यापार में बड़े पैमाने पर वृद्धि देखी गई है, खासकर रूस के साथ। पिछले साल एससीओ के सभी सदस्यों के साथ इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है...इसमें कई गुना बढ़ने की क्षमता है। इससे पहले बुधवार को बिश्केक पहुंचने के बाद जयशंकर ने किर्गिस्तान के राष्ट्रपति सादिर झापारोव से मुलाकात की थी और बैंकिंग, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की थी।



**'आज जब दुनिया चुनौतियों का सामना कर रही है, तो एससीओ के साथ घनिष्ठ सहयोग की आवश्यकता'**

## सुडोकू 6358

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6358

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | ■ |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
३. मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड, भ्रष्ट, हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का लिबास

**ऊपर से नीचे:-**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११. चमड़े-मांस, चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान, हाव-भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अत्यावश्यक, अटल
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6357

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | ह | २ मि | स | 3 त | ■ | ४ अ | व | ५ सा | न |
| भि | ■ | ली | ■ | ६ ब | धि | र | ■ | जिं | ■ |
| ७ प्रा | रं | भ | ■ | स्सु | ■ | ८ मा | ल | दा | ९ र |
| य | ■ | ग | ■ | १० म | का | न | ■ | ■ | क्ष |
| ■ | ११ अं | त | १२ स | ■ | ■ | ■ | १३ पा | व | क |
| ■ | ज | ■ | मी | ■ | १४ वै | भ | व | ■ | द |
| १५ व | न | १६ च | र | ■ | दे | ■ | १७ स | १८ ज | ल |
| नो | ■ | तु | ■ | १९ वि | ही | २० न | ■ | न्मां | ■ |
| २१ प | रा | स्त | ■ | रा | ■ | २२ य | शो | ध | २३ रा |
| ज | ■ | २४ ना | स | म | झ | ■ | ■ | ■ | ह |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### चीन ने शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान प्रक्षेपित किया

**जिउक्वान,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। चीन ने शेनझोउ-17 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान गुरुवार को प्रक्षेपित किया। इसमें सवार तीन अंतरिक्ष यात्रियों को एक अंतरिक्ष स्टेशन मिशन पर लगभग छह महीने तक कक्षा में रहने के लिए भेजा गया। चीन मानवयुक्त अंतरिक्ष एजेंसी (सीएमएसए) के अनुसार, लॉन्ग मार्च-2एफ वाहक रॉकेट के ऊपर अंतरिक्ष यान, उत्तर पश्चिम चीन में जिउक्वान उपग्रह प्रक्षेपण केन्द्र से प्रक्षेपित किया गया। सीएमएसए के उप निदेशक लिन ज़िकियांग ने बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यान में तांग होंगबो, तांग शेंगजी और जियांग शिनलिन अंतरिक्ष यात्री हैं। वे विभिन्न कक्षा में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुप्रयोग पेलोड परीक्षण तथा प्रयोग करेंगे।

श्री लिन ने कहा कि तीनों यात्री अतिरिक्त वाहन संबंधी गतिविधियां करेंगे, अतिरिक्त वाहन पेलोड स्थापित करेंगे और अंतरिक्ष स्टेशन के रखरखाव और अन्य कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि शेनझोउ-17 अंतरिक्ष यात्री पहली बार अतिरिक्त वाहन प्रायोगिक रखरखाव करेंगे, जो एक बहुत ही चुनौतीपूर्ण कार्य है। अंतरिक्ष में कचरा बढ़ने के साथ, दीर्घकालिक परिचालन अंतरिक्ष यान पर उनका प्रभाव अपरिहार्य है।

# प्रादेशिकी

## मासिक धर्म को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**अल्मोड़ा।** हवालबाग ब्लॉक के जीआईसी कमलेश्वर में शोध छात्र- छात्राओं द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें महिलाओं और लड़कियों को माहवारी के दौरान होने वाली परेशानी और उससे राहत पाने समेत समाज में फैली भ्रांतियों के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही कार्यक्रम में सोच संस्था की ओर से विद्यार्थियों को सेनेटरी पैड भी वितरित किए गए। मासिक धर्म एक प्राकृतिक प्रकिया है, लेकिन समाज में फैली भ्रांतियों के कारण आज भी इसे अछूता समझा जाता है। शहर हो या गांव लोग इस पर बात नहीं करना चाहते। पिछले कुछ सालों में माहवारी संबंधित कई फिल्में भी प्रसारित हुई हैं, लेकिन इसके बाद भी समाज में इसे लेकर चुप्पी जस की तस बनी हुई है। हर माह होने वाली मासिक धर्म से बालिकाएं परेशान रहती हैं।

# चेन्नई में उद्योगपतियों से मिले धामी

- उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023
- पार्थसारथी मंदिर में की पूजा अर्चना



**देहरादून,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के सिलसिले में चेन्नई पहुंचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि हमारी उत्तराखंड सरकार ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के सिलसिले में लगातार लोगों से संपर्क कर रही है। हमने पहले दिल्ली में और बाद में इंग्लैंड के लंदन, बर्मिंघम, अबू धाबी और दुबई में इसी तरह का एक शिखर सम्मेलन (इन्वेस्ट उत्तराखंड) आयोजित किया था। अब हम यहां (चेन्नई) आए हैं और हम ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को लेकर लोगों से संपर्क कर रहे हैं। यहां भी हम लोगों से मिले हैं। सभी लोगों ने निवेश के लिए उत्तराखंड आने की बात कही है। हम आज और लोगों से भी बात करेंगे। ट्रिप्लीकेन, चेन्नई में स्थित भगवान विष्णु के अलौकिक अवतार पार्थसारथी भगवान के पौराणिक मंदिर में पूजा अर्चना की और समस्त प्रदेश वासियों की उन्नति और कुशलक्षेम के लिए भगवान विष्णु से प्रार्थना की ।पार्थसारथी मंदिर में भगवान विष्णु के चार अवतारों कृष्ण, राम, नृसिंह और भगवान वराह की पूजा होती है। मंदिर का इतिहास सदियों पुराना है और इसकी वास्तुकला अद्भुत है।

आखिरकार दशकों से अधर में लटकी जमरानी बहुउददेश्यीय बांध परियोजना को केन्द्र सरकार की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति द्वारा मंजूरी दे ही दी गयी। इस परियोजना के पूरे होने पर उत्तराखण्ड और उत्तर प्रदेश को बडा फायदा मिलेगा। 14 मेगावाद बिजली उत्पादन क्षमता वाली इस परियोजना से सिर्फ ऊर्जा की स्थिति में सुधार नहीं आयेगा अपितु हल्द्वानी, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई संबंधी दिक्कत भी दूर हो जायेगी। वहीं उत्तर प्रदेश के कानपुर, बरेली आदि जिलों में सिंचाई संसाधन और अधिक सदृढ हो सकेंगे। इसमें कोई संदेह नहीं है कि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस परियोजना को मंजूरी दिलाने के भरपूर प्रयास किये। उन्होंने इसकी मंजूरी मिलने पर केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार भी व्यक्त किया है लेकिन यह विडम्बना ही है कि हमारे देश के नेताओं को हर महत्वपूर्ण काम की याद तभी आती है जब चुनाव सर पर होते हैं। केन्द्र में बीते दस सालों से भाजपा की सरकार को तथा राज्य में भी 6 साल से अधिक समय से भाजपा सत्ता में लेकिन उसे जमरानी बांध परियोजना को आगे बढाने ना तो याद आई और न ही उसने इसकी जरूरत समझी। अब 2024 के चुनाव जब सामने खडे हैं तब केन्द्रीय मंत्री मंडल समिति ने जमरानी बांध परियोजना पर काम शुरू करने की मंजूरी दी गयी है। दरअसल सत्ताधारी दलो द्वारा चुनावी साला के लिए तमाम ऐसे मामलों की सूची तैयार रखी जाती है जिन्हें अपनी उपलब्धियोंके तौर पर पेश किया जा सके। ऐसा नहीं है कि जमरानी बांध परियोजना कोई नई सोच है। 1960 से इसकी मांग की जा रही थी ऐसा भी नहीं है कि पुष्कर सिंह धामी ऐसे पहले मुख्यमंत्री है जिन्होंने इसकी पहल की है। राज्य की पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा भी इसकी भरपूर कोशिश की गयी लेकिन उन कोशिशों को अंजाम तक नहीं पहुंचाया गया क्योंकि वर्तमान दौर में सेवा की नहीं श्रेय की राजनीति सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो गयी है। अभी केन्द्र सरकार द्वारा नये संसद भवन में पहले सत्र के दौरानलाये महिला आरक्षण को हम एक उदाहरण के तौर पर ले सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बिल पर चर्चा के दौरान हमने अपनी पीठ खुद ही थपथपा दी थी। उनका कहना था उसनेइस बिल को लाने का प्रयास किया और इसने भी प्रयास किया किन्तु कुछ खास काम ऊपर वाले ने मेरे द्वारा किये जाने के लिए मुझे यहां भेजा है यह काम भी मेरे द्वारा ही होना था और अब काम को होने में 10 या 15 साल लग जाए लेकिन भाजपा व प्रधानमंत्री को इसका श्रेय लेने का जो काम करना वह जरूर उन्होंने 2024 से पहल ही करके दिखा दिया। प्रधानमंत्री मोदी इस महिला आरक्षण बिल और जमरानी बांध परियोजना को ले तो हर अच्छे काम के अवसर तय किये जाते है और श्रेय का लाभ कितना मिलेगा का मापदंड सामने रखकर ही हर काम किया जाता है।

# निवेशकों के लिए भूमि व आवास क्लीयरेंस में हो तेजी : एसीएस

- राधा रतूड़ी ने 500 करोड़ के एमओयू की ग्राउंडिंग की समीक्षा की
- लैंड क्लीयरेंस के लिए दिए ये निर्देश
- गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्वर को नोडल बनाने को कहा



देहरादून। उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियां जोरों पर है। आगामी 8 और 9 दिसंबर को यह मेगा इवेंट होने जा रहा है। इसी कड़ी अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने इन्वेस्टर्स समिट के लिए किए गए 500 करोड़ रुपए से ज्यादा के एमओयू की ग्राउंडिंग की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने निवेशकों के भूमि एवं आवास संबंधित मामलों के त्वरित क्लीयरेंस के लिए गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्वर को नोडल बनाने को कहा। साथ ही हर इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के फॉलोअप के लिए एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने के निर्देश दिए।

उत्तराखंड की अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निवेशकों के भूमि एवं आवास संबंधित मामलों के त्वरित क्लीयरेंस के लिए गढ़वाल और कुमाऊं आयुक्त को नोडल बनाने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत गढ़वाल और कुमाऊं कमिश्नर लैंड क्लीयरेंस संबंधित मामलों की नियमित समीक्षा के साथ ही हर 15 दिन में इसकी रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को देंगे। इसके साथ ही उन्होंने फॉरेस्ट एवं पॉल्यूशन क्लीयरेंस संबंधित मामलों के लिए प्रमुख सचिव वन और फायर क्लीयरेंस के लिए डीआईजी फायर को नोडल बनाने के निर्देश जारी किए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने हर इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के फॉलोअप के लिए एक-एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति के भी आदेश दिए हैं। यह नोडल अधिकारी उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए किए गए एमओयू के तहत हर प्रोजेक्ट का पटवारी स्तर से सचिव स्तर तक विभिन्न स्तरों के साथ विभागों में त्वरित क्लीयरेंस को सुनिश्चित करेंगे। आगामी 30 नवंबर को विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों के लिए एक इन्वेस्टमेंट ट्रैकिंग पोर्टल वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा। एसीएस रतूड़ी ने कहा कि सीएम धामी के विजन के अनुरूप इन्वेस्टर्स समिट से पहले सभी एमओयू की शत प्रतिशत ग्राउंडिंग की चुनौती का सामना सभी विभागों को कलेक्टिव ओनरशिप के साथ करना होगा।

## सार संक्षेप

### जमरानी बांध भावर क्षेत्र के पेयजल का एकमात्र विकल्प

**हल्द्वानी।** जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति के संयोजक नवीन वर्मा ने कहा कि जमरानी बांध के निर्माण हेतु आज केंद्रीय परियोजना घोषित करते हुए केंद्रीय कैबिनेट द्वारा वित्तीय मंजूरी मिलने का स्वागत किया है साथ ही उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि बांध निर्माण का अवरोध अब समाप्त होता प्रतीत हो रहा है। सन 1975 में तत्कालीन केंद्रीय मंत्री केसी पंत एवं के एल राव ने जमरानी बांध निर्माण हेतु पहल की थी। वित्तीय मंजूरी मिलने पर बांध निर्माण का द्वितीय चरण प्रारंभ हो गया था जिसमें फीडर कैनाल बननी शुरू हो गई थी काठगोदाम से गूलरभोज तक फीडर कैनल बनाने में सन् 1980 तक लगभग 27 करोड़ रुपया इस मद में खर्च किया गया। जमरानी बांध निर्माण संघर्ष समिति ने सन् 1991से 2009 तक कई बड़े आन्दोलन किए लेकिन जमरानी बांध निर्माण का कार्य राजनीति के भेंट चढ़ता रहा। सन् 2009 में संघर्ष समिति ने एक जनहित याचिका माननीय उच्च न्यायालय में लगाई जिसमें जनता के पैसों का दुरुपयोग करते हुए जमरानी बांध के द्वितीय चरण की फील्डर कैनालों को बनाने में करोड़ों रुपया लगा दिया गया बाद में इन इन कैनालों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए थे। वर्तमान में केन्द्रीय राज्यमंत्री मंत्री एवं नैनीताल के सांसद अजय भट्ट के अथक प्रयासों यह उपलब्धि हासिल हुई है इसके लिए समिति अजय भट्ट का आभार व्यक्त करती है। संघर्ष समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी एन सी तिवारी एवं मोहन सिंह बोरा ने जमरानी बात निर्माण हेतु वित्तीय स्वीकृति मिलने का स्वागत करते हुए कहा कि अब हमें बांध बनने की आशा जगी है। समिति सदस्य राम सिंह , लक्ष्मण सिंह रजवार,गोविंद सिंह बोरा, राहुल छिमवाल, हेमंत पाठक आदि ने भी केन्द्रीय वित्त मंजूरी का स्वागत किया है।

### पुरस्कार वितरण के साथ हुआ टिहरी नगर के एतिहासिक रामलीला का समापन

**देहरादून।** श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून द्वारा गढ़वाल की ऐतिहासिक राजधानी पुरानी टिहरी की 1952 से होने वाली प्राचीन रामलीला को टिहरी के जलमग्न होने के बाद देहरादून में 21 वर्षों बाद पुनर्जीवित करने का संकल्प लिया है और इस हेतु देहरादून के टिहरीकृनगर के आजाद मैदान, अजबपुर कलां, दून यूनिवर्सिटी रोड़, देहरादून में 11 दिन की भव्य रामलीला का आयोजन शारदीय नवरात्रों में 15 से 25 अक्टूबर 2023 तक सफल आयोजन हुआ ।श्री रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने बताया कि रामलीला के समापन दिवस में आज रामख्लक्ष्मण की रावण को युद्ध में हराकर अयोध्या वापस आने के साथ अयोध्या का राजतिलक हुआ।

### सुडोकू 6358 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 |

# बहुप्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना मंजूरी पर जश्न



**हल्द्वानी,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष प्रातप बिष्ट के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने मिष्ठान वितरण किया। जमरानी बांध को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट का धन्यवाद भी अदा किया गया कि उन सभी की प्रयासों से जमरानी बांध का निर्माण जल्द ही शुरू हो जाएगा।

बीजेपी जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने कहा लंबे समय से लाखों लोगों को पेयजल व सिंचाई के संकट को दूर करने वाली बहु प्रतीक्षित जमरानी बांध परियोजना को केंद्रीय कैबिनेट से मंजूरी मिली है काठगोदाम से 10 किलोमीटर अपस्ट्रीम में गौला नदी पर जमरानी बांध 130.6 मीटर की ऊंचाई पर निर्माण प्रस्तावित है। परियोजना से डेढ़ लाख हेक्टेयर कृषि योग्य क्षेत्र सिंचाई सुविधा से लाभान्वित होना है साथ ही हल्द्वानी शहर को वार्षिक 42 एमसीएम पेयजल उपलब्ध कराए जाने तथा 63 मिलियन यूनिट जल विद्युत उत्पादन का प्रावधान है, 90-10 के अनुपात में सबपरियोजना बनने मे शाहर्ष स्वीकृति दी गयी।

इस अवसर पर राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद् के उपाध्यक्ष सुरेश भट्ट जी,प्रदेश सह मीडिया प्रभारी चंदन बिष्ट जी,जिला महामंत्री रंजन सिंह बर्गली जी,जिला महामंत्री नवीन भट्ट जी, पूर्व दर्जा राज्यमंत्री प्रकाश हरबोला जी,जिला उपाध्यक्ष उपाध्यक्ष लाखन सिंह निगलतिया जी,जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा जोशी जिला मंत्री बहादुर नगदली, विजय बिष्ट, दिनेश आर्य, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कार्तिक हरबोला जी,भुवन भट्ट, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, प्रताप रैकवाल, कमलेश जोशी, गीता जोशी, राशि जैन, बॉबी आर्या, विशु शर्मा, रोहित श्रीवास्तव सहित सभी भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# मंडी के राजस्व में चोरी बर्दाश्त नहीं : डॉ. अनिल

- मंडी परिषद के अध्यक्ष ने हल्द्वानी में मारा छापा
- टैक्स चोरी करने वाले दो ट्रकों को पकड़ा
- चार गुना जुर्माना वसूला

**देहरादून,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष डॉ अनिल डब्बू अध्यक्ष का कार्यभार संभालते ही पूरी तरह एक्शन मूड में आ गए हैं। डब्बू मंडी की आय बढ़ाने की दिशा में तेजी से कम कर रहे हैं। दो दिन पूर्व उन्होंने अधिकारियों को वार्निंग दी थी कि मंडी में राजस्व चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इसी के तहत उन्होंने गुरुवार को हल्द्वानी मंडी में छापा मारा। छापेमारी में दो ट्रकों को पकड़ा गया। दोनों ट्रक बिना मंडी शुल्क दिए मंडी परिसर में प्रवेश कर रहे थे। मंडी के अध्यक्ष ने दोनों ट्रकों पर मंडी शुल्क के अलावा चार गुना जुर्माना वसूल करने का आदेश दिया। ट्रक चालकों को भविष्य के लिए चेतावनी दी कि अगली बार अगर पकड़े गए, तो ट्रक माल समेत जब्त कर लिए जायेंगे। टैक्स चोरी करने वालों को जेल भेजा जायेगा।

डॉ अनिल कुमार डब्बू ने कहा कि टैक्स चोरी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मंडी सचिव और एमडी को निर्देशित किया कि हर हालत में मंडी की आय को दोगुना कर किसानों के हित में काम किया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार यह प्रयास कर रहे हैं कि किसानों की आय दोगुनी कर किसानों को लाभ पहुंचाया जाय। किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य मिले। लेकिन शिकायत मिल रही थी कि मंडी में बिना टैक्स जमा किए किसानों की उपज लाई जा रही है।

### धोखाधड़ी बर्दाश्त नहीं

उत्तराखंड मंडी परिषद के अध्यक्ष ने कहा कि सरकार को राजस्व का चूना लगाने के साथ-साथ किसानों के साथ धोखाधड़ी की जा रही है। ऐसे में मंडी के सचिवों को निर्देशित किया गया है कि मंडी की टैक्स चोरी की गई, तो किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# हिमाचल प्रदेश कॉडर के आईएएस अधिकारियों का चुनाव ड्यूटी पर जाने का सिलसिला शुरू

**शिमला,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव के चलते हिमाचल प्रदेश कॉडर के आई.ए.एस. अधिकारियों का चुनाव ड्यूटी पर जाने का सिलसिला शुरू हो गया है। इस कड़ी के तहत 8 आई.ए.एस. अधिकारियों को चुनाव ड्यूटी पर जाने के आदेश हुए हैं। इन अधिकारियों के चुनाव ड्यूटी पर रहने के कारण 7 आई.ए.एस. व 2 एच.ए.एस. अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है। चुनाव ड्यूटी पर जाने वाले 8 आई.ए.एस. अधिकारियों में प्रियातु मंडल, डा. राजकृष्ण पुर्थी, रुगवेद मिलिंद ठाकुर, गोपाल चंद, कमल कांत सरोच, रोहित जम्वाल, डा. अश्विनी शर्मा व राम कुमार गौतम शामिल है। सरकार ने जिन 7 आई.ए.एस. अधिकारियों को अतिरिक्त जिम्मा सौंपा है, उसमें सचिव शिक्षा, पशुपालन, भाषा, कला एवं संस्कृति राकेश कंवर को ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के साथ मत्स्य व तकनीकी शिक्षा, एम.डी. एच.आर.टी.सी. रोहन चंद ठाकुर को सी.ई.ओ. व सचिव हिमुडा एवं हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर का मुख्य प्रशासक, आयुक्त आबकारी एवं कराधान युनूस को निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज एवं विशेष सचिव पंचायती राज के साथ एम.डी. एच.पी. पॉवर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड शिमला, सचिव हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग देवेंद्र कुमार रत्न को निदेशक शहरी विकास व मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं एम.डी. शिमला स्मार्ट सिटी लिमिटेड, मिशन डायरेक्टर एन.एच.एम. प्रियंका वर्मा को निदेशक टी.सी.पी., निदेशक डिजिटल टैक्नालॉजी एंड गवर्नेंस हिमाचल प्रदेश व एम.डी. एच.पी. इलैक्ट्रानिक डिवेल्पमैंट कॉरपोरेशन लिमिटेड शिमला मुकेश रीपासवाल को निदेशक खाद्य आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले का अतिरिक्त दायित्व सौंपा गया है। सरकार ने जिन 2 एच.एस. अधिकारियों को अतिरिक्त दायित्व सौंपा है, उसमें विशेष सचिव शहरी विकास एवं वित्त विनय कुमार को निदेशक पब्लिक फाइनैंस एंड पब्लिक इंटरप्राइजेज व विशेष सचिव वित्त तथा डायरेक्टर ट्रेजरी, एकाउंटस एंड लॉटरी तथा संयुक्त सचिव राजस्व अनिल कुमार को जल शक्ति विभाग का अतिरिक्त जिम्मा सौंपा गया है।

# नकली हर्बल दवाइयां बनाने वाले एसटीएफ ने दो दबोचे

- सितारगंज में घर के अंदर बना रहे थे नकली दवाइयां
- दो गिरफ्तार आरोपी उत्तर प्रदेश के रहने वाले



देहरादून, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तराखंड एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स), प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने एक बड़े मामले का खुलासा किया है। संयुक्त टीम ने उधमसिंह नगर जिले के सितारगंज में एक घर में छापा मारा, जहां नकली हर्बल दवाइयां बनाई जा रही थी। टीम ने बड़ी मात्रा में अलग-अलग मर्जों की नकली हर्बल दवाइयां के साथ रॉ-मैटेरियल और कुछ मशीने भी बरामद की है। हालांकि इस दौरान उत्तराखंड एसटीएफ के हाथ कोई आरोपी नहीं आया।

उत्तराखंड एसटीएफ एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि उनकी टीम को उधमसिंह नगर जिल के सितारगंज में अवैध दवा फैक्ट्री के बारे में सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर उत्तराखंड एसटीएफ की कुमाऊं यूनिट ने स्थानीय प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ सितारगंज के थारु गौरीखेड़ा क्षेत्र में स्थित एक घर में छापा मारा, जहां से टीम को हर्बल दवाओं के नाम पर भारी मात्रा में चूर्ण, कैप्सूल और पाउडर मिला। दवाइयों पर किसी ब्रांड के रैपर और टैग नहीं लगा था।

उत्तराखंड एसटीएफ के मुताबिक ताकत बढ़ाने समेत अलग-अलग बीमारियों की दवा बताकर ये दवाइयां ऑनलाइन बेची जा रही थी। उत्तराखंड एसटीएफ ने बताया कि मौके से टीम को कुछ चूर्ण मिला है, जिन्हें कैप्सूलों में भरा गया था। उत्तराखंड एसटीएफ से जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक जिस मकान में नकली दवा फैक्ट्री चल रही थी, उसे सलमान और फैजान निवासी पीलीभीत ने किराए पर लिया था। बीते चार महीने से इस मकान में बिना लाइसेंस के दोनों अवैध फैक्ट्री चला रहे थे।नकली हर्बल दवाई के एक डिब्बे की कीमत करीब 1575 रुपए वसूली जाती थी। सभी प्रकार की बीमारियों में एक ही प्रकार की दवा भेजी जाती थी। इन दवाओं के सम्बन्ध में फोरेसिंक जांच से ही वास्तविकता सामने आ पायेगी। फिलहाल बरामद दवाइयों और मकान को सील कर दिय गया है। वहीं आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# प्रशासनिक प्राधिकरण बहाल करने के संबंध में हिमाचल सरकार ने कदम उठाया

- 11 अक्टूबर को आयोजित मंत्रिमंडल बैठक अनौपचारिक चर्चा करके प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल करने का निर्णय लिया था



**शिमला,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को शीघ्रता से सेवा संबंधी मामलों में न्याय प्राप्त हो, इसके लिए राज्य सरकार ने एक बार फिर से राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल करने का निर्णय लिया है। प्रदेश में प्राधिकरण को बंद करने और खोलने का सिलसिला चलता रहा है। कांग्रेस नेतृत्व सरकार आने पर प्राधिकरण को खोला जाता रहा है, जबकि भाजपा सरकार के समय में प्राधिकरण के पास मौजूद सभी मामलों को उच्च न्यायालय भेजते हुए प्राधिकरण को भंग कर दिया जाता था। प्रशासनिक प्राधिकरण बंद करने और खोलने के संबंध में दोनों दलों की सरकारों की ओर से तर्क दिया जाता रहा है कि मामलों का निपटारा शीघ्रता से होता है, तो भाजपा का मत रहा है कि दोहरी न्यायिक व्यवस्था की आवश्यकता नहीं है। ऐसे में उच्च न्यायालय ही उपयुक्त है। 11 अक्टूबर को आयोजित मंत्रिमंडलीय बैठक में अनौपचारिक एजेंडा के तहत मंत्रिमंडल ने प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल करने का निर्णय लिया था। उसके बाद एक सप्ताह के भीतर कार्मिक विभाग ने सभी प्रकार की औपचारिकताओं को पूरा करके सरकार ने केंद्र सरकार से प्रशासनिक प्राधिकरण अधिनियम-1985 के प्रविधानों के तहत अनुमति मांगी है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय की ओर से प्रदेश सरकार से कर्मचारियों की सुविधा के लिए नियमों का ड्राफ्ट भेजने को कहा है। देखना ये है कि राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल करने के संबंध में केंद्र सरकार कब स्वीकृति प्रदान करती है।

जयराम सरकार ने 2019 में अध्यादेश लाकर प्रशासनिक प्राधिकरण को बंद करने का निर्णय लिया था। उस समय प्राधिकरण के पास इक्कीस हजार से मौजूद मामले उच्च न्यायालय भेजे गए थे। राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण कब-कब क्या हुआ

- वर्ष 1986 में सरकारी कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों का समाधान निकालने के लिए राज्य में पहली बार प्रशासनिक प्राधिकरण खोला गया था।
- वर्ष 2008 में धूमल सरकार ने 22 साल बाद राज्य प्रशासनिक प्राधिकरण को बंद कर दिया था। ऐसे में कर्मचारियों के सभी मामले प्रदेश उच्च न्यायालय भेजे गए थे।
- वर्ष 2014 में सत्ता परिवर्तन होने के बाद वीरभद्र सरकार ने छह साल के बाद प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल किया था। तब उच्च न्यायालय के विचाराधीन सभी मामले प्रशासनिक प्राधिकरण वापस पहुंचे थे।
- वर्ष 2019 में कांग्रेस सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद जयराम सरकार ने प्राधिकरण को बंद करने का निर्णय लिया था। इस दौरान कर्मचारियों के सेवा संबंधी मामलों का निपटारा प्रशासनिक प्राधिकरण से होता रहा।
- वर्ष 2023 में सुक्खू सरकार ने एक बार फिर से प्रशासनिक प्राधिकरण को बहाल करने का निर्णय लिया। अब चार साल बाद एक बार फिर से कर्मचारियों के मामलों का निपटारा प्राधिकरण से संभव हो पाएगा।

# पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप का शुभारम्भ

**शिमला,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष आर.एस. बाली आज यहां वर्चुअल माध्यम से जिला कांगड़ा के बीड़-बिलिंग में आयोजित पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप के शुभारम्भ अवसर पर सम्मिलित हुए। मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल ने बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडर को हरी झंडी दिखाकर इस आयोजन का शुभारम्भ किया। आर.एस. बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांगड़ा को पर्यटन राजधानी बनाने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। हिमाचल प्रदेश विश्व में पसंदीदा गंतव्य के रूप में प्रसिद्ध है। राज्य में अनेक मनोरम व लुभावने पर्यटक स्थल हैं। प्रदेश पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप की मेज़बानी कर रहा है जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। खेल प्रेमियों व प्रदेशवासियों में इस आयोजन को लेकर उत्साह देखने का मिल रहा है। 26 अक्तूबर से 2 नवम्बर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के 186 प्रतिभागियों ने पंजीकरण करवाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार प्रदेश में साहसिक खेलों को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए नए गंतव्य विकसित किए जा रहे हैं। हाल ही में शिमला ज़िला के जुन्गा में फ्लाइंग फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इससे पहले अप्रैल माह में भी बीड़-बिलिंग में पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप आयोजित करवाया गया था।

# प्रादेशिकी

## मवाना नगर पालिका ने अमृत कलश मेरठ भेजे

**मवाना**, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद् मवाना ने गुरुवार को मेरा माटी मेरा देश के अन्तर्गत अमृत कलश को तैयार कर सुसज्जित वाहन से जिला मुख्यालय मेरठ ले जाने के लिए नगर पालिका चयेरमैन अखिल कौशिक व अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार व सभासद ने रवाना किया। मेरठ से इन अमृत कलशों को लखनऊ भेजा जायेगा। वहां पर पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी के साथ सभासद सलीम, नीरज, पालिका अवर अभियंता मूलचन्द व डीपीएम अमरनाथ व पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा और समृद्धि के नये युग में प्रवेश कर चुका है यूपीः योगी

### मुख्यमंत्री ने बागपत में 351 करोड़ की 311 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास



- मुख्यमंत्री ने की घोषणा, जनता वैदिक कॉलेज को बनाएंगे विश्वविद्यालय, युवाओं को नहीं जाना होगा दिल्ली
- विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को टैबलेट, स्मार्ट फोन और प्रमाण पत्र का किया वितरण

**लखनऊ/बागपत,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश सुरक्षा और समृद्धि के नये युग में प्रवेश कर चुका है। यहां हर बहन सुरक्षित है, हर व्यापारी उत्पीड़न से मुक्त है। बिना भेदभाव के विकास की योजनाओं का लाभ हर तबके को दिया जा रहा है। आज कोई किसी किसान की जमीन पर जबरन कब्जा नहीं कर सकता है, कोई किसी युवा के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता, जो ऐसा करने की कोशिश भी करता है उसे सूद समेत अपने किये की कीमत चुकानी पड़ती है। ये बातें गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बागपत में 351 करोड़ की 311 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास समारोह के दौरान जनसभा को संबोधित करते हुए कही।

अपने उद्बोधन में मुख्यमंत्री ने जनता वैदिक कॉलेज को विश्वविद्यालय बनाने की बात कहते हुए जल्द से जल्द इसका प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बागपत विकास की नई ऊंचाई को छूने के लिए उतावला दिखाई दे रहा। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने भारत के विकास की अधारशिला भारत के गांव को बताया था और 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पीएम पद की शपथ लेने के साथ ही विकास की धुरी गांव, गरीब, युवा और महिलाओं को बनाने के लिए प्रयास शुरू कर दिया। आज उन्हीं प्रयासों का परिणाम है कि बिना भेदभाव के विकास की योजनाएं चल रही हैं। डबल इंजन की सरकार ने चौधरी साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छा लगता है जब बागपत का नौजवान सरकारी नौकरी प्राप्त करता है। ये अवसर पहले ही मिलना चाहिए था। सीएम योगी ने कहा कि 20-25 साल तक यहां के नौजवानों के साथ भेदभाव होता था। मगर डबल इंजन सरकार में भेदभाव किसी के साथ नहीं होता, विकास की योजना भी प्रभावी ढंग से लागू होती है और अराजकता और गुंडागर्दी फैलाने की छूट किसी को नहीं मिलती। सीएम ने कहा कि सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बागपत के युवा ऊर्जा से भरपूर हैं। इनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ देश और प्रदेश के विकास में दिखाई देता है, इसलिए युवा को अवसर मिलना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने छपरौली चीनी मिल का उद्धार करके चौधरी चरण सिंह साहब को सच्ची श्रद्धांजलि देने का कार्य किया है। जल्द ही बागपत चीनी मिल का एक्सपेंशन भी करेंगे। सीएम ने बताया कि 2017 में जब उन्होंने सत्ता संभाली थी तब 2010 से गन्ना किसानों को गन्ने के मूल्यों का भुगतान नहीं हुआ था। आज हर साल गन्ना के मूल्य का भुगतान हो रहा है। सीएम ने आश्वस्त किया कि गन्ना मूल्य का भुगतान हर हाल में होगा। किसी को चिंतित होने की आवश्यक्ता नहीं है। डबल इंजन की सरकार अन्नदाताओं की सरकार है।

## डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे प्रदेश के नागरिक

- लाभार्थियों को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने के लिए योगी सरकार की एक और पहल
- डिजीलॉकर पर लाइव हुआ फैमिली आईडी, रजिस्टर्ड इंडिविजुअल कर सकेंगे लॉगिन

लखनऊ। योगी सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं को डिजिटल टेक्नोलॉजी से जोड़ने पर फोकस कर रही है। इसी के तहत सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना %फैमिली आईडी: एक परिवार एक पहचान%को डिजिलॉकर पर लाइव कर दिया है। इसका मतलब ये कि अब प्रदेश के नागरिक डिजिलॉकर पर भी अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर सकेंगे। प्रदेश में वो सभी लोग जिनका फैमिली आईडी के लिए रजिस्ट्रेशन हो चुका है, वो डेस्कटॉप या मोबाइल फोन के जरिए डिजिलॉकर पर जाकर अपनी फैमिली आईडी को एक्सेस कर पाएंगे। उल्लेखनीय है कि फैमिली आईडी का उद्देश्य अप्रयुक्त योजनाओं में पात्र लाभार्थियों की पहचान के माध्यम से योजनाओं का बेहतर कवरेज देना, डुप्लीकेट और फर्जी लाभार्थियों को हटाना और प्रमाण के बोझ को कम करके नागरिकों के लिए योजनाओं में आवेदन का सरलीकरण करना है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष फैमिली आईडी को लेकर हुए प्रस्तुतिकरण में डिजिलॉकर पर फैमिली आईडी को लाइव किए जाने की जानकारी दी गई है। इसमें बताया गया कि प्रदेश के नागरिकों की सुविधा के लिए डिजीलॉकर पर फैमिली आईडी डिजिटल कार्ड उपलब्ध कराया गया है। इस कार्ड में लाभार्थी और उसके परिवार का पूरा डाटा उपलब्ध होगा। इसके साथ ही ये भी बताया गया कि विभिन्न योजनाओं और इनका लाभ प्राप्त करने के लिए फैमिली ई-पासबुक प्रदेश भर के सभी परिवारों के लिए तैयार है। फैमिली ई-पासबुक विजिबिलिटी और अवेयरनेस में सुधार के लिए विकसित की गई है। यह पात्र लाभार्थियों को संभावित योजनाओं को खोजने में मदद करेगी। फैमिली आईडी को आधार संख्या दर्ज कर लॉगिन किया जाएगा, जिसके बाद होम स्क्रीन सामने आ जाएगी। इसके बाद फैमिली डिटेल्स, स्कीम लेजर, बेनिफिट लेजर जैसे महत्वपूर्ण चीजों को एक्सेस कर सकेंगे।

## प्रभारी मंत्री ने किया प्यारे लाल अस्पताल का औचक निरीक्षण

**मेरठ,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्यारे लाल शर्मा जिला चिकित्सालय, नगर निगम कार्यालय तथा सुभाष बाजार स्थित कोतवाली का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने जिला



अस्पताल की विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा तथा उपस्थित मरीजों से बात कर समस्याओं को जाना। उन्होने डेंगू वार्ड, इमरजेंसी वार्ड का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर करने के निर्देश दिए। जिला अस्पताल में डॉक्टर यशवीर सिंह, डॉक्टर कौशलेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होने नालो का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को समुचित साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसी क्रम में उन्होने सुभाष बाजार स्थित कोतवाली का भी निरीक्षण किया। उन्होने कोतवाली के अभिलेख का अवलोकन किया तथा पुलिस अधिकारियों को आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सजग रहने के निर्देश दिए ताकि कोई भी अप्रिय घटना को घटित होने से बचाया जा सके। इस अवसर पर महापौर हरिकांत आहलुवालिया, मा0 एमएलसी सरोजिनी अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सामूहिकता में विश्वास करते हैं हम लोगः राज्यमंत्री ऊर्जा

**मेरठ,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। भामाशाह पार्क (विक्टोरिया पार्क) में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्मारक पर पुष्प अर्पित कर तथा जनप्रतिनिधियो द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा पुष्प भेंट कर जनप्रतिनिधियो का स्वागत किया गया। जनपद के सभी विकास खंड, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निगम से अमृत कलश ढोल-नगाडो के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे। कल औघडनाथ मंदिर से अमृत कलश यात्रा प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान करेगी। यह अमृत कलश लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम और नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। नीता गुप्ता द्वारा गायन प्रस्तुति दी गयी तथा सत्यकाम इंटरनेशनल स्कूल के छात्र-छात्राओ ने सांस्कृतिकध्देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि सांसद राज्यसभा लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि देश के प्रत्येक गांव की मिट्टी कर्तव्य पथ दिल्ली में अमृत वाटिका तक पहुंचेगी।



## बाग से पेड़ काटने वाले 4 दबोचे, दो आरोपी फरार

**मेरठ,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। विगत एक सप्ताह पूर्व किठौर थाना क्षेत्र के जड़ौदा वह माछरा अब्दुल्ला में चोरों ने आम व आड़ू के बागों से सागौन के पेड़ काट लिए अगले दिन जब बाग निवासी ने अपने बागों में जाकर देखा तो सागौन के पेड़ बाग से गायब थे इसी को लेकर पीड़ितों ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। आपको बताते चलें लगभग दो



सफ्ताह पूर्व जड़ौदा निवासी सारिक हुसैन पुत्र साजिद हुसैन तथा माछरा अब्दुल्ला निवासी रेखा शर्मा पत्नी सुबोध शर्मा ने थाने पहुंच कर पेड़ चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तत्परता से चोरों की तलाश शुरू कर दी पुलिस को सूचना मिली की कुछ अनजान व्यक्ति असिलपुर वाले रास्ते पर बाबू के खेत के पास खड़े हैं पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए लगभग 6:30 बजे के करीब जाल फैला कर चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया छानबीन और पूछताछ के बाद पुलिस ने उनके पास से 315 बोर तमंचा वह चोरी का माल भी बरामद क्या। चार अभियुक्त गणों में कासिम पुत्र रिजवान, सद्दाम पुत्र उम्मेद, शादाब पुत्र बाबू निवासी गण सौंदत थाना परीक्षितगढ़ जिला मेरठ, सोनू पुत्र जिल्लु निवासी ग्राम अजराड़ा थाना मुंडाली जिला मेरठ को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया। जबकि दो आरोपी मेराज पुत्र मुबारक निवासी ललियान पुत्र अख्तर निवासी ललियाना थाना किठौर फरार हो गए। पुलिस ने चारों अभियुक्त गणों से दो आदत 315 बर अवैध तमंचे दो जिंदा कारतूस एक आरी एक लोहे की कुल्हाड़ी एक प्लास्टिक की रस्सी 13 अदद छोटे बड़े सागौन की लकड़ी के घट्टे बरामद किए। पुलिस टीम में शामिल उप निरीक्षक मनोज कुमार हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र हुड्डा राजीव कुमार थे पुलिस ने चारों आरोपियों को जेल भेज दिया।

# डीएवी में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन



- अंतर्विद्यालयी द्वितीय स्तरीय प्रश्न मंच पर हुआ कार्यक्रम
- डीएवी प्रथम, एमपीएस द्वितीय तथा खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज को तीसरा स्थान मिला
- विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

**मेरठ,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। शास्त्रीनगर स्थित डी ए वी पब्लिक स्कूल में 26 अक्टूबर 2023 को भारत विकास परिषद, शास्त्री नगर शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता (शाखा स्तरीय मौखिक प्रश्न मंच) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अंतर्विद्यालयी प्रश्न मंच प्रतियोगिता को दो चरणों में विभाजित किया गया, जिसमें लगभग 12 स्कूलों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग में प्रत्येक विद्यालय के दो- दो छात्र प्रतिभागी बने।

प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रश्न मंच के कई चरण विद्यार्थियों को पूर्ण करने थे, जिसमें बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी, चित्र प्रश्नोत्तरी, त्वरित उत्तर प्रश्नोत्तरी आदि कई राउंड रखे गए। जूनियर वर्ग में सेंट जॉन्स को प्रथम, सी ए बी को द्वितीय तथा मेरठ पब्लिक स्कूल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। सीनियर वर्ग में डीएवी पब्लिक स्कूल को प्रथम, मेरठ पब्लिक स्कूल को द्वितीय तथा खालसा गर्ल्स इंटर कॉलेज को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। विजेता प्रतिभागियों को मोमेंटो तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। सीनियर वर्ग के डी ए वी पब्लिक स्कूल मेरठ के प्रतिभागियों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। प्रतियोगिता के दौरान प्रधानाचार्या अपर्णा जैन, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी विजय जंडियाल (अध्यक्ष), राकेश बिंदल (सचिव), राकेश कुमार भार्गव (कोषाध्यक्ष), रंजना करियाना (महिला संयोजिका), हस्तिनापुर प्रांतीय उपाध्यक्ष सरल माधव, प्रांतीय महासचिव मुकेश चंद्र शर्मा, प्रांतीय प्रकल्प सुधेश कुमार शर्मा, प्रांतीय मार्गदर्शन मेजर सत्य प्रकाश गौड़, कार्यक्रम संयोजक पी एन पालीवाल, कार्यक्रम संचालक संजय वर्मा उपस्थित थे। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने विजेताओं को शुभकामनाएं प्रेषित कीं तथा उनके भावी भविष्य के लिए उन्हें मंगल कामनाएं प्रदान की।


### नगर निगम, मेरठ
### ई-टेन्डर निविदा सूचना

शासनादेश सं0-3890/नौ०-5-19-149 सा०/2019 दिनांक 20.09.2019 के अनुपालन में सिविल कार्यों के ठेकेदारों से 04 कार्यो की निविदायें टू बिड-पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के माध्यम से दिनांक 27.10.2023 की प्रातः 11:00 बजे से दिनांक 01.11.2023 की दोपहर 03:00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आमन्त्रित की जाती है। उक्त कार्यों की तकनीकी बिड दिनांक 01.11.2023 को सायं 04:00 बजे से खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में अगले कार्यदिवस में पूर्व निर्धारित समय पर खोली जायेगी। विस्तृत शर्तें/विवरण एवं निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट वेबसाइट http://etender.up.nic.in से देखा व प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्य अभियन्ता, नगर निगम, मेरठ।


## विद्यार्थियों ने किया हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य का भ्रमण



**मेरठ,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के केरल वर्मा सुभारती कॉलेज ऑफसाइंस के बीएससी कृषि विज्ञान द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य का भ्रमण किया। साइंस कॉलेज की डीन प्रो. डॉ रेनू मावी ने छात्रों को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान दौरे का उद्देश्य छात्रों को जैव विविधता और वानिकी का व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना था। वन क्षेत्र में रेंजर संसार सिंह ने छात्र-छात्राओं को हस्तिनापुर वन्य जीव अभ्यारण्य के इतिहास के बारे में बताया और छात्रों को विभिन्न प्रकार के पौधों, जानवरों, पक्षियों और कीड़ों के बारे में भी जागरूक किया। छात्रों ने लकड़ी और गैर-लकड़ी सहित विभिन्न वन उत्पादों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शोधकर्ता नीरू चौधरी ने छात्रों को कछुए, डॉल्फिन और मगरमच्छ की विभिन्न किस्मों के बारे में बताया। छात्रों ने नर और मादा मगरमच्छों के बीच अंतर करने के लिए मगरमच्छों की विभिन्न रूपात्मक विशेषताओं के बारे में जानकारी इकट्ठा की। छात्रों ने वन विभाग के सभागार का भी दौरा किया और वानिकी और वन्य जीवन के बारे में विभिन्न नई चीजें सीखीं। हस्तिनापुर वन्यजीव अभयारण्य की पूरी टीम ने छात्रों को अभयारण्य में चल रहे वानिकी, वन्य जीवन और परियोजनाओं के बारे में मार्गदर्शन किया। यात्रा की योजना और प्रबंधन डॉ. अमित कुमार, डॉ. अनुज यादव और डॉ. फहीम अहमद द्वारा किया गया। यात्रा के दौरान डॉ. गंभीर सिंह और डॉ. पोपिन ने छात्रों के प्रबंधन में मदद की।

# हुकुमरानो पर पैनी नजर रखे नारियां : धर्मपाल सिंह

### मवाना के उत्सव मंडप में नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन आयोजित, अतिथियों का किया स्वागत



**सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के केदारनाथ जाने पर मंत्री धर्मपाल सिंह ने कसा तंज, बोले मन में राम बगल में ईंटे, मिल जाएं राम तो पेले ईंटे, ऐसे नाटक से नहीं होगा लाभ**

**मवाना,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। नगर के उत्सव मंडप में आयोजित नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन कार्यक्रम में पहुंचे कैबिनेट एवं मेरठ के प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह एवं जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, लोकसभा प्रभारी अरूण वशिष्ठ आदि का महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मंजू सेठी आदि नारियों ने पटका और माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनवाई। इस मौके पर कैबिनेट और प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के केदारनाथ दर्शन पर तंज कसते हुए कहा कि नाटक करने से कोई लाभ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मन में राम बगल में ईंट, मिल जाएं राम तो पेले ईंट ये नहीं चलेगा। उन्होंने 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर कहा कि पांच हजार साल बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कलमों से अयोध्या में श्रीराम मंदिर बनने का सपना पूरा हुआ है। आप सब भी श्रीराम मंदिर के दर्शन करने आए। मंत्री धर्मपाल सिंह ने ये भी कहा कि कांग्रेस और बाकी विपक्षी दलों ने महिला आरक्षण पर पाखंड और नाटक किया है। सपा-बसपा के राज में महिलाएं कांपती थी लेकिन बीजेपी में नारियों का वंदन किया जाता है। कैबिनेट और प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि जो लोग गाय पालने की स्थिति में हैं वो देसी गाय पालें और अपने घरों में तुलसी का एक पौधा जरूर लगाएं। इस दौरान दीपावली पर गाय के गोबर के पांच दीपक जलाएं क्योंकि देसी गाय के दूध में अमृत है और मूत्र में गंगा मैया बस्ती है। हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र के कस्बा मवाना में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन में प्रभारी मंत्री धर्मपाल सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर जमकर निशाना साधा। कहां कि सपा बसपा सरकार में महिला असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान के साथ सुरक्षित है। इस मौके पर महिलाओं से पीएम मोदी को 2024 में फिर से पीएम बनाने के लिया आशीर्वाद भी लिया। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने महिलाओं से आह्वान किया कि हुक्मरानों पर पैनी नजर रखें। सपा काल में पुलिस अपराधियों को कुर्सी पर बैठाने का काम करती थी लेकिन भाजपा सरकार में वहीं पुलिस एनकाउंटर कर रही है। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने जयश्री राम के नारे लगाकर कार्यक्रम का समापन भी किया।

### 67वीं तीन दिवसीय मंडलीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का दूसरा दिन

# मेरठ की दिया व बुलंदशहर की प्रियांशी रही आगे



- जूनियर में 3 हजार मीटर पैदल चाल में की थी प्रतिभागिता
- विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**मवाना,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। एएस इंटर कॉलेज मवाना में 67वीं तीन दिवसीय मंडलीय एथलेटिक्स बालक एवं बालिका क्रीड़ा प्रतियोगिता में दूसरे दिन जूनियर बालिका वर्ग में तीन हजार मीटर पैदल चाल में मेरठ की दिया सिंह प्रथम और बुलंदशहर की प्रियांशी शर्मा दूसरे स्थान पर रही। इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में परिणाम के अनुसार सीनियर बालिका वर्ग में 200 मीटर दौड़ में मेरठ की तन्वी मलिक प्रथम, गौतम बुद्ध नगर से काजल दूसरे स्थान पर रही, जबकि सब जूनियर वर्ग में ऊंची कूद में मेरठ की मानसी रानी प्रथम तथा बुलंदशहर की पायल कुमारी दूसरे स्थान पर रही। सीनियर बालक वर्ग में 200 मीटर दौड़ में मेरठ का सुमित प्रथम तथा गौतम बुद्धनगर का अमन द्वितीय स्थान पर रहा। 1500 मीटर दौड़ में अजय चौधरी बुलंदशहर से प्रथम हर्षित बुलंदशहर से दूसरे स्थान पर रहा, जूनियर बालक वर्ग में मेरठ से दीपांशु 1500 मीटर दौड़ में प्रथम बुलंदशहर से शुभम कुमार दूसरे स्थान पर रहे। सब जूनियर बालक वर्ग में ऊंची कूद में मेरठ से प्रिंस प्रथम, गाजियाबाद से लक्ष्मण दूसरे स्थान पर, डिसकस थ्रो में गौतम बुद्धनगर से दीपक प्रथम व बागपत से जुबेर दूसरे स्थान पर रहे। लंबी कूद में गौतमबुद्धनगर से मीत भाटी प्रथम तथा प्रिंस मेरठ दूसरे स्थान पर रहे।

उधर दूसरे दिन मुख्य अतिथि कैबिनेट दुग्ध मंत्री धर्मपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि उप जिलाधिकारी मवाना अखिलेश यादव व सीओ आशीष शर्मा ने छात्र-छात्राओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा कि मेरठ मंडल के छह जनपदों से आये छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहे हैं। प्रदेश व केन्द्र सरकार दिन प्रतिदिन खिलाड़ियों के लिए नए आयाम स्थापित कर रही है। इन सुविधाओं का लाभ उठाकर खिलाड़ियों को मंडल का नाम प्रदेश में रोशन करना है। खेल में जो छात्र-छात्राएं पहले दूसरे तथा तीसरे स्थान पर नहीं पाए हैं वह निराश ना हो, आने वाले समय के लिए और अधिक तैयारी पर जुट जाएं। अपनी कमियों को ढूंढने तथा उन्हें दूर करने का प्रयास करें। एक खिलाड़ी को निष्ठा, ईमानदारी एवं सच्चाई के साथ अंतिम क्षण तक अपने लक्ष्य को प्राप्त करना होता है, कभी भी हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देखकर सम्मानित किया। इससे पहले प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह एवं पूर्व प्रबंधक अनुराग दुबलिश, क्रीड़ा सचिव डॉ सुशील कुमार सिंह ने मंत्री को बुके भेंट कर स्वागत किया। छात्राओं ने तिलक एवं पुष्प वर्षा की। उसके उपरांत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह व पूर्व प्रबंधक अनुराग दुबलिश ने अंग वस्त्र, माला, प्रतीक चिन्ह, बुके देकर स्वागत किया। वहां पर जिलाध्यक्ष शिवकुमार राणा, वरिष्ठ नेता अरुण वशिष्ठ, अंकुर मुखिया, अमल खटीक, संजय शर्मा, मंजू सेठी उपस्थित रहे। संचालन निपेंद्र कुमार भटनागर ने किया।


### कार्यालय नगर पालिका परिषद, मवाना (मेरठ)

पत्रांक : 943/न0पा0परि0 मवाना/मेरठ/ई-निविदा/2023-24 दिनांक : 26.10.2023

**ई-टैण्डर निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मवाना जिला मेरठ समस्त ठेकेदारों से राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त धनराशि से कराए जाने वाले निर्माण कार्य हेतु ई-निविदाएं दिनांक 17-11-2023 को आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि कॉलम नंबर-4 में अंकित विवरणानुसार की FDR/NSC अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद मवाना के पदनाम बंधक कर व निविदा मूल्य (निविदा मूल्य +18% GST) कॉलम नंबर 7 में अंकित विवरणानुसार ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से पालिका के खाता संख्या 0317000109094318 IFSC Code : PUNB0031700 में जमा कर, दोनों की स्कैन कॉपी निविदा के साथ अपलोड करनी अनिवार्य होगी। सशर्त निविदा मान्य नही होगी। इसके अतिरिक्त निविदा बिना किसी कारण बताए निरम्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। ई-निविदा का विवरण एवं प्रपत्र उत्तर प्रदेश ई-प्रिक्योरमेंट की वेबसाईट : https://www.etender.up.nic.in से प्राप्त किए जा सकते हैं।

| | |
|---|---|
| कार्य की निविदा, धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं अन्य आवश्यक प्रपत्र स्कैन करने की अंतिम तिथि | 17-11-2023 को दोपहर 02:00 बजे तक। |
| कार्य की निविदा अपलोड करने की तिथि | 30-10-2023 से 17-11-2023 तक दोपहरण 02:00 बजे तक। |
| कार्य की निविदा खोलने की तिथि | 17-11-2023 को अपरान्ह 03:00 बजे के बाद। |
| धरोहर राशि, निविदा शुल्क जमा की रशीद मूल रूप में जमा करने की तिथि | तकनीकी एवं वित्तीय बिडस खोले जाने की उपरांत। |

(राजीव कमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद मवाना

(अखिल कुमार कौशिक)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद मवाना

### 100 मिलियन क्लब में शामिल हुआ नीलकमल सिंह का गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला

**मुंबई।** नीलकमल सिंह और शिल्पी राज का गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला ने 100 मिलियन क्लब एंट्री कर ली है। गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला को मई में टी-सीरीज हमार भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब से रिलीज किया गया था।गाने के म्यूजिक वीडियो में नम्रता मल्ला नजर आती हैं, वहीं नीलकमल सिंह भी इस गाने में जमकर मस्ती करते नज़र आये हैं। इस गाने को मिली सफलता के लिए टी-सीरिज हमार भोजपुरी के प्रोजेक्ट मैनेजर सोनू श्रीवास्तव ने खुशी जाहिर की और कहा कि 100 मिलियन का आंकड़ा छू लेना बड़ी बात है। गाना चढ़ल जवानी रसगुल्ला ने यह कर दिखाया। इससे साफ जाहिर होता है कि यदि गानों की प्रस्तुति संयमित और तरीके से हो तो गाना लोगों को खूब पसंद आएगा।

आईआईटी के शोधकर्ताओं ने की बायोकेमिकल प्रक्रिया की खोज

# डेंगू मच्छर के अंडे सह लेते हैं कठिनाई

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। आईआईटी मंडी के शोधकर्ताओं ने ऐसी बायोकेमिकल प्रक्रियाओं की खोज की है जो डेंगू पैदा करने वाले मच्छर के अंडों को कठिन परिस्थितियों में जीवित रहने और अनुकूल परिस्थितियों में फिर से जीवित होने में सक्षम बनाती हैं। इस रिसर्च में इंस्टीट्यूट फॉर स्टेम सेल साइंस एंड रीजनरेटिव मेडिसिन, बेंगलुरु आईआईटी मंडी का सहयोगी है।

आईआईटी का कहना है कि यह शोध मच्छरों द्वारा फैलाई जाने वाली बीमारियों के खिलाफ हमारी लड़ाई में एक महत्वपूर्ण कदम है जो अधिक प्रभावी वेक्टर नियंत्रण उपायों के लिए एक नई आशा प्रदान करता है। मच्छर विभिन्न बीमारियों के महत्वपूर्ण वाहक होते हैं। वो अपने अंडे पानी में देते हैं और जब वह फूटते तो लार्वा उत्पन्न होते हैं। डेंगू और जीका के अंडे एडीज मच्छर द्वारा दिए जाते हैं जोकि बिना पानी के लंबे समय तक रह सकते हैं। यह प्रक्रिया ठीक उसी प्रकार है जैसे पौधे के बीज नमी के अभाव में धैर्यपूर्वक अंकुरण की प्रतीक्षा करते हैं। इस घटना की जानकारी होने के बावजूद, शुष्कन सहनशीलता और पुनर्जलीकरण के बाद जीवित रहने के पीछे मौलिक कारण अब तक एक रहस्य बने हुए हैं।




**अनुकूल माहौल में हो जाते हैं पुनर्जीवित**

शोध टीम ने नए प्रयोगों की एक श्रृंखला के माध्यम से एडीज एजिप्टी मच्छरों को पाला और इसमें उनके अंडों का अध्ययन किया। इस दौरान पहले अंडों को निर्जलीकरण किया गया और उसके बाद उनका पुनर्जलीकरण किया गया। इस प्रक्रिया में टीम ने यह पाया कि विकासशील लार्वा जीवित रहने के लिए आवश्यक विशिष्ट मेटाबोलिक परिवर्तनों से गुजरते हैं।

इस सम्बन्ध में आईआईटी मंडी के प्रमुख शोधकर्ता डॉ. बास्कर बक्तवाचलू ने बताया कि मूल रूप से सभी का जीवन पानी पर निर्भर है। हालांकि, अत्यधिक पर्यावरणीय परिस्थितियों ने जीवों को पानी के बिना जीवित रहने के तरीके खोजने की अनुमति दी है। इस प्रक्रिया में प्रत्येक जीव ने पानी की कमी से उबरने का अपना अनूठा तरीका ढूंढा है। इस मूलभूत प्रक्रिया के बारे में हमारी समझ सीमित है। मच्छर के अंडे सूखे की स्थिति का सामना करने के लिए एक परिवर्तित मेटाबोलिक अवस्था में प्रवेश करते हैं जिससे पॉलीमाइन्स का उत्पादन काफी बढ़ जाता है। यह भ्रूण को पानी की कमी से होने वाले नुकसान का सामना करने में सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, वे पुनर्जलीकरण होने के बाद अपने विकास को पूरा करने के लिए ऊर्जा स्रोत के रूप में उच्च कैलोरी लिपिड का उपयोग करते हैं। इस शोध के दूरगामी परिणाम हैं। इन जीवन बचाने वाले प्रक्रियाओं को समझना नवीन मच्छर नियंत्रण रणनीतियों के लिए एक आधार प्रदान करता है। मच्छरों के अंडों की सूखे की सहनशीलता को बाधित कर शोधकर्ताओं ने मच्छरों की आबादी और रोग संचरण में उल्लेखनीय कमी का अनुमान लगाया है। इस शोध से प्राप्त जानकारी से संभावित रूप से मानसून की बारिश के बाद मच्छरों के पुन: प्रसार को रोका जा सकता है। यह वह अवधि है जो पारंपरिक रूप से रोग संचरण के जोखिमों में वृद्धि के साथ जुड़ी हुई है। इस शोध से प्राप्त जानकारी का रोग नियंत्रण से इतर भी प्रयोग हो सकता है। कृषि कीटों के मामले में भी इसी तरह के रास्ते मौजूद हैं, जो कृषि चुनौतियों के लिए संभावित समाधान सुझाते हैं। इन बायोकेमिकल प्रक्रियाओं को समझकर वैज्ञानिक स्थायी कृषि पद्धतियों को सुनिश्चित करते हुए पर्यावरण-अनुकूल, लक्षित कीट नियंत्रण उपायों का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं।

# स्कीजोफ्रेनिया, मनोविकृति के रोगियों में कोविड से मृत्यु का खतरा 50 प्रतिशत अधिक



**लंदन,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि स्कीजोफ्रेनिया (मेंटल डिसऑर्डर) और मनोविकृति (भ्रम), से पीड़ित लोगों में अन्य लोगों (बीमारी रहित) की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद मृत्यु का खतरा 50 प्रतिशत अधिक होता है।

ब्रिटिश जर्नल ऑफ साइकाइट्री में प्रकाशित शोध में पाया गया कि एक से अधिक दीर्घकालिक स्वास्थ्य स्थिति (मल्टीमॉर्बिडिटी) वाले लोगों में मृत्यु का खतरा अधिक था। गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए मृत्यु का जोखिम 6 प्रतिशत और बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए 16 प्रतिशत बढ़ गया। किंग्स कॉलेज लंदन की टीम ने फरवरी 2020 और अप्रैल 2021 के बीच यूके के 660,000 से अधिक रोगियों के डेटा का विश्लेषण किया। गंभीर मानसिक बीमारी वाले 7,146 लोगों में, बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद सभी कारणों से मृत्यु का जोखिम 50 प्रतिशत अधिक था।

कैरेबियन/अफ्रीका के रंग के लोगों में अन्य लोगों की तुलना में कोविड-19 संक्रमण के बाद मृत्यु का जोखिम 22 प्रतिशत अधिक था, और यह गंभीर मानसिक बीमारी वाले और बिना गंभीर मानसिक बीमारी वाले लोगों के लिए समान था। हालांकि, लगभग 30 प्रतिशत रोगी डेटा में जातीयता दर्ज नहीं की गई थी। अध्ययन किए गए अन्य जातीय समूह एक 'दक्षिण एशियाई' समूह थे जिसमें भारतीय, पाकिस्तानी, बांग्लादेशी और एशियाई 'अन्य' समूह और एक 'मिश्रित' जातीय समूह शामिल थे।

किंग्स में ईएसआरसी सेंटर फॉर सोसाइटी एंड मेंटल हेल्थ से मुख्य लेखिका डॉ. जयति दास मुंशी ने कहा कि ये स्पष्ट निष्कर्ष गंभीर मानसिक बीमारी से पीड़ित लोगों, नस्लीय समूहों के लोगों और देश के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों के लिए मौजूद स्वास्थ्य असमानताओं को उजागर करते हैं।

उन्होंने कहा कि हमें अभी भी इन समूहों के अनुभवों के बारे में और अधिक जानने की जरूरत है जो हम गहन साक्षात्कार अनुसंधान के माध्यम से कर रहे हैं। दास मुंशी ने कहा कि महामारी ने इन असमानताओं पर प्रकाश डाला और हमें नई नीतियां विकसित करने और सेवा प्रावधान में सुधार करने के लिए इससे सीखना चाहिए।

# जी सिनेमा एक शानदार अंदाज में लेकर आ रहा है 'गदर 2' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एक महायुद्ध, एक मेगा ब्लॉकबस्टर और एक ऐसी फिल्म, जिसने सारे देश को एकजुट कर दिया... अब फिर मचेगा गदर, क्योंकि ज़ी सिनेमा ने शनिवार 4 नवंबर को रात 8 बजे 'गदर 2' का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर दिखाने का ऐलान कर दिया है। लोगों के लिए बनाई गई और लोगों द्वारा बेहद पसंद की गई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस के सभी कलेक्शन्स से पार निकल गई और लोगों को थिएटर में वापस ले आई! 'गदर 2' एक फिल्म से कहीं ज्यादा बन गई है। यह एक जज़्बात, एक आंदोलन बन गई है। फिल्म के ग्रैंड टेलीविजन प्रीमियर से पहले ज़ी सिनेमा ने बड़े खास तरीके से 'गदर 2' की दुनिया को दर्शाया है। मुंबई के कार्टर रोड पर इस फिल्म की भव्यता की झलक दिखाता एक खास टैंक प्रदर्शित किया गया है, जो दर्शकों को इस फिल्म की आन, बान और शान से रूबरू करा रहा है। इस मौके पर उत्कर्ष शर्मा, सिमरत कौर और मनीष वाधवा जैसे DSDS सितारों की मौजूदगी ने दर्शकों का उत्साह और बढ़ा दिया। इस शानदार शाम में फैंस के बीच गज़ब का उत्साह था, जहां उन्होंने अपने पसंदीदा एक्टर्स को करीब से देखा। इस दौरान फैंस इस फिल्म के डायलॉग्स बोलते और फिल्म के स्टेप्स करते नजर आए। इस नज़ारे ने हमें उसे दीवानगी की याद दिला दी, जिसे हम 'गदर' के नाम से जानते हैं। लेकिन सिर्फ इतना ही नहीं! जब यह पूरी कास्ट टैंक पर सवार हुई तो माहौल में एक अलग तरह का जोश भर गया! इस कार्यक्रम ने उस खास अनुभव की झलक दिखाई, जो जी सिनेमा पर 'गदर 2' के प्रीमियर के साथ दर्शकों का इंतजार कर रहा है।



# कंगना रनौत ने की रामलला के दर्शन

**मंदिर के लिए शताब्दियों से हिंदुओं ने किया संघर्ष**




**अयोध्या,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड की प्रसिद्ध अदाकारा कंगना रनौत ने कहा कि अयोध्या में रामलला का मंदिर बन गया। यह हिंदुओं का सदियों पुराना संघर्ष है और हमारी पीढ़ी इस दिन को देख पा रही है। मैंने अयोध्या पर एक स्क्रिप्ट लिखी है और बनाई भी है। कंगना गुरुवार को अयोध्या पहुंची, जहां उन्होंने रामलला के दर्शन और पूजन किए। इस दौरान उन्होंने अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर के कामकाज को भी देखा। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आखिरकार रामलला का मंदिर बन गया। इसके लिए शताब्दियों से हिंदुओं ने संघर्ष किया। कंगना ने कहा कि मंदिर के लिए 600 वर्षों का लंबा संघर्ष रहा है। अगर यह आज संभव हुआ है तो मोदी और योगी सरकार की वजह से। जैसे ईसाईयों का सबसे बड़ा धर्मस्थल वेटिकन सिटी है, वैसे ही राम मंदिर हिंदुओं के लिए है। यह देश और सनातन धर्म के लिए विश्व के सामने सबसे बड़ा सिंबल होगा।

कंगना ने कहा कि यह पूरे विश्व में हमारे सनातन संस्कृति का प्रतीक बनेगा। यह दिन 22 जनवरी 2024 को आ रहा है जब प्रधानमंत्री जी यहां आएंगे। मेरी फिल्म 'तेजस' में भी राम मंदिर की भूमिका है, जो भारतीय वायुसेना पर आधारित है।

# एक्स पर ऑडियो और वीडियो कॉल की सुविधा शुरू

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सएप को टक्कर देने के लिए एलन मस्क के स्वामित्व वाली एक्स कॉर्प ने ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए समर्थन देना शुरू कर दिया है। कई एक्स यूजर्स को सोशल मीडिया ऐप खोलते समय एक सूचना मिली जिसमें लिखा था, 'ऑडियो और वीडियो कॉल यहां हैं।'

ऐप की सेटिंग में एक नया 'ऑडियो और वीडियो कॉलिंग सक्षम करें' टॉगल भी है। द वर्ज की रिपोर्ट में कहा गया है कि आप 'सुविधा को चालू कर सकते हैं और फिर चुन सकते हैं कि आप किसके साथ इसका उपयोग करने में सहज हैं।' मस्क ने पोस्ट किया, 'एक्स पर वीडियो और ऑडियो कॉलिंग का शुरुआती संस्करण।'



एक्स ने एक गूढ़ पोस्ट के साथ उपयोगकर्ताओं को कहा कि क्या आप इसके लिए तैयार हैं... ?

नई सुविधा आपकी एड्रेस बुक में मौजूद लोगों, आपके द्वारा फॉलो किए जाने वाले लोगों, वेरीफाइड यूजर्स सभी के लिए ऑडियो और वीडियो कॉल की अनुमति देती है। एक्स सीईओ लिंडा याकारिनो ने पिछले महीने पुष्टि की थी कि 'एवरीथिंग ऐप' में परिवर्तन के हिस्से के रूप में वीडियो कॉल प्लेटफॉर्म पर आएंगे। एक्स सीईओ ने कहा कि जल्द ही, 'आप प्लेटफॉर्म पर किसी को अपना फ़ोन नंबर दिए बिना वीडियो चैट कॉल करने में सक्षम होंगे'।

मस्क हमेशा चाहते थे कि ट्विटर चीन के वीचैट की तरह 'एक ऐप' बन जाए। एक्स जल्द ही दो नए भुगतान वाले प्रीमियम टियर लॉन्च करेगा और विज्ञापनों के साथ उस टियर में से एक की लागत मौजूदा 8 डॉलर प्रति माह से कम होगी। अरबपति ने कहा, दूसरा स्तर अधिक महंगा होगा, जो सभी विज्ञापनों को हटा देगा। एक्स मालिक ने पोस्ट किया, एक्स प्रीमियम सब्सक्रिप्शन के दो नए स्तर जल्द ही लॉन्च होंगे। एक तो सभी सुविधाओं के साथ कम लागत है, लेकिन विज्ञापनों में कोई कमी नहीं है, और दूसरा अधिक महंगा है, लेकिन कोई विज्ञापन नहीं है।

**अजब प्रेम की गजब कहानी**

# मामा ने कराई मामी-भांजे की शादी

**रांची,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। झारखंड के पलामू में 'अजब प्रेम की गजब कहानी' सामने आई है। एक व्यक्ति को जब पता चला कि उसकी पत्नी और उसके भांजे के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा है, तो उसने खुद दोनों की शादी करवा दी। बुधवार को उसने नम आंखों से पत्नी को भांजे के साथ विदा कर दिया।



**समाज के लोगों के सामने भांजे ने मामी की मांग में सिंदूर भरकर जयमाला पहनाई**

यह वाकया पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत पकरी गांव का है। गांव के सुबई भुइयां की शादी करीब छह साल पहले रीता कुमारी से हुई थी। इस बीच पिछले कुछ साल से उसका भांजा प्रिंस कुमार अपने मामा के घर आकर रहने लगा था। यहां रहते हुए प्रिंस और उसकी मामी के बीच प्रेम प्रसंग विकसित हो गया। तीन दिन पहले सुबई भुइयां ने दोनों को आपत्तिजनक स्थिति में देखा तो उसने पहले दोनों की जमकर पिटाई की। इसके बाद गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में प्रिंस और उसकी मामी ने परस्पर रिश्ते को स्वीकार किया और कहा कि वे हमेशा एक साथ रहना चाहते हैं। पंचायत ने सुबई भुइयां की राय जाननी चाही तो वह पहले इसके लिए तैयार नहीं हुआ, लेकिन अंतत: उसने दोनों की शादी पर रजामंदी दे दी। बुधवार को यज्ञ मंडप में दोनों की बकायदा शादी रचा दी गई। समाज के लोगों के सामने प्रिंस ने मामी की मांग में सिंदूर भरा और जयमाला पहनाई। इसके बाद वह मामी से पत्नी बनी रीता कुमारी को साथ लेकर अपने गांव के लिए रवाना हो गया।

# दिव्य कला मेला 2023 का उद्घाटन बेंगलुरु में होगा कल

**मेले का आयोजन 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक किया जाएगा**

■ **डॉ. कला अय्यर**

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। दिव्यांग उद्यमियों को सशक्त बनाने के प्रयासों को जारी रखने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग कर्नाटक के बेंगलुरु में दस दिवसीय दिव्य कला मेला आयोजित कर रहा है। 27 अक्टूबर से 5 नवम्बर, 2023 तक आयोजित कला मेले का उद्घाटन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, ए. नारायणस्वामी और सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री, के.एम. प्रतिमा भौमिक करेंगे। इस कार्यक्रम में लगभग 20 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 100 दिव्यांग कारीगर/कलाकार और उद्यमी बेंगलुरु में अपने उत्पाद और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जहां व्यापक श्रेणियों में उत्पाद प्रदर्शित किए जाएंगे। गृह सजावट और जीवन शैली, कपड़े, स्टेशनरी और पर्यावरण के अनुकूल उत्पाद, पैकेज्ड भोजन और जैविक उत्पाद, खिलौने और उपहार, व्यक्तिगत सहायक उपकरण - आभूषण, क्लच बैग पेंटिंग आदि होंगे। यह सभी के लिए 'वोकल फॉर लोकल' अपनाने का एक अवसर होगा और दिव्यांग कारीगरों द्वारा उनके अति दृढ़ संकल्प के साथ बनाए गए उत्पादों को देखा जा सकता है। 10 दिवसीय 'दिव्य कला मेला', बेंगलुरु, कर्नाटक में दिव्यांगजन कलाकारों और प्रसिद्ध पेशेवरों के प्रदर्शन सहित कई सांस्कृतिक गतिविधियां भी आयोजित होंगी। कार्यक्रम में पर्यटक देश के विभिन्न क्षेत्रों के अपने पसंदीदा भोजन का आनंद भी ले सकते हैं। यह दिव्यांगजनों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एक अनूठी पहल है। दिव्य कला मेला दिव्यांगजनों के उत्पादों और कौशल के विपणन और प्रदर्शन के लिए एक बड़ा मंच प्रस्तुत करता है। दिव्य कला मेला, बेंगलुरु 2022 से शुरू होने वाली श्रृंखला में नौवां मेला है। विभाग के पास इस अवधारणा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक योजनाएं हैं, जिसके हिस्से के रूप में देश भर में 'दिव्य कला मेला' का आयोजन किया जा रहा है। 2023-2024 के दौरान यह कार्यक्रम 12 शहरों में आयोजित किया जाएगा।

# गंवई मस्ती से सराबोर होगा रामनगरी का नौ दिवसीय भरतकुंड महोत्सव

■ **ओम प्रकाश सिंह**



**नंदीग्राम-अयोध्या,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। चंटई, प्रतिस्पर्धा से दूर गांव के मेलों में भारत की आत्मा का दर्शन होता है। कह सकते हैं कि भारत मेलों का महादेश है। बड़े मेलों में तीर्थराज प्रयागराज का कुंभ मेला, नासिक, उज्जैन हरिद्वार का कुंभ मेला व अयोध्या का सावन मेला दर्ज है। तमाम प्रदेशीय मेलों के साथ जनपदों में लगने वाले गंवई मेले भारत की सांस्कृतिक झलक के प्रतिनिधि होते हैं। रामनगरी के नंदीग्राम में होने वाला नौ दिवसीय भरतकुंड महोत्सव भी गंवई मस्ती से सराबोर रहता है। यह मेला एक नवम्बर से प्रारंभ हो रहा है।

इतना मेला और धार्मिक जुटान शायद ही दुनिया में कहीं होता हो, जितना भारत देश में होता है। इसका कारण भारतीय जन-मानस का उत्सव धर्मी होना है। वह अपने काम-धंधे, श्रम, रोजगार और व्यस्तता के बीच से सुकून के लिए कुछ समय निकल ही लेता है। ऐसी मान्यता और व्यवस्था इस संस्कृति में अन्तर्निहित है। सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से भी जनमानस को उल्लास और आनंद के पल कम न पड़े, ऐसी व्यवस्था हमारी धार्मिक और सांस्कृतिक संस्थाओं ने कर रखा है। हमारे यहां तो पशुओं तक का मेला लगता है। सोनपुर और बलिया का ददरी का मेला तो बहुत ही ऐतिहासिक और प्रसिद्ध हैं। जहां, राजनीतिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक तीनों तरह के जुटान होते रहे हैं। मेला के मंचों से सामाजिक संदेश भी दिए गए हैं।

यह मेले हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन की रुधिर हैं। जीवन प्रवाह हैं। मिलन और विछोह के माध्यम हैं। क्रय और विक्रय के बाजार हैं। प्रेमी-प्रेमिका, नैहर और पीहर के मिलन स्थल हैं। गांव और नगर की संस्कृतियों का मिलन केन्द्र हैं। उदास और थकी जिन्दगी के नए उल्लास और उत्साह के स्थल हैं। ये जिंदगी के मेले हैं, जिसे जिंदगी ही लगाती और जिंदगी ही विसर्जन करती है। जिंदगी में जीवन का उत्साह कम न हो जाए, इसलिए ये मेले बेहद जरूरी है। पशुओं और इंसानों दोनों के लिए। राम की नगरी विश्व के केंद्र बिंदु में है। अयोध्या परिक्षेत्र में भगवान राम के अनुज, महान तपस्वी, त्यागवान महात्मा भरत की तपोस्थली नंदीग्राम में भी नौ दिवसीय मेला एक नवम्बर से लग रहा है। भरतकुंड स्थित पौराणिक भरत सरोवर का बहुत विशेष महत्व है। प्रतिवर्ष चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी को यहां विशाल मेले का आयोजन होता है। लगभग पूरे देश से लाखों श्रद्धालु भरत सरोवर में स्नान करने तथा भरत जी की तपोस्थली एवं श्री राम चरण पादुका का दर्शन करने के लिए आते हैं।

इस बार महोत्सव का रजत जयंती वर्ष भी है। महोत्सव अध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार पाण्डेय ने बताया कि इस बार मेले की थीम नारी सशक्तिकरण पर आधारित है जो कि भरत की पत्नी माता मांडवी को समर्पित है। भरतकुंड महोत्सव में देश भर के कलाकार भित्ति चित्रण वर्कशाप, भव्य कला गांव, रंगोली, विविध कला प्रर्दशनी एवं विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी कला का जलवा बिखेरेंगे। स्थानीय लोक संस्कृति के साथ कठघोड़वा कठपुतली नृत्य, विशाल गरबा नृत्य, कलश व शोभा यात्रा, श्री राम भरत मिलाप यात्रा, भित्ति चित्रण वर्कशाप, भजन संध्या, दुर्दुरिया, खेल महोत्सव, भंडारा, भरतकुंड अवॉर्ड शो मेले का आकर्षण होंगे।

# युवा पीढ़ी में तेजी से बढ़ रहा ब्रेन स्ट्रोक

- **रफ्तार लाइफ स्टाइल और तनाव का कारण**
- **स्ट्रोक के लक्षण दिखते ही 4.5 घंटा गोल्डल पीरियड**

**नोएडा,** 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। स्ट्रोक के बारे में यह कहा जाता था कि यह बुजुर्गों को अपना शिकार बनता है, लेकिन हाल के मेडिकल ट्रेंड्स देखें तो युवा पीढ़ी भी तेजी से इसकी गिरफ्त में आ रही है। दुनियाभर में स्ट्रोक को मृत्यु का एक प्रमुख कारण माना जाता रहा है और पिछले एक-दो दशकों में भारत में इसके मामलों में बढ़ोतरी देखी गई है। इसका कारण तेज रफ्तार लाइफस्टाइल और उसके चलते पैदा होने वाला तनाव तथा अन्य कई परेशानियों से बचने के उपायों का अभाव बताया जाता है।



पहला मामला 25 साल की एक युवती का है जिन्हें तेज सिरदर्द और आंखों से धुंधला दिखाई देने की शिकायत के दो घंटे के भीतर अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती किया गया था। उनकी तत्काल जांच करने पर पाया गया कि उनका हीमोसिस्टिन लेवल काफी बढ़ गया था, जो कि स्ट्रोक के लिए कोलेस्ट्रॉल की तरह ही रिस्क फैक्टर है। डॉक्टरों ने मरीज की जांच करने पर यह भी पता लगाया कि उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इलाज के दौरान उन्हें खून के थक्कों (क्लॉट्स) को घुलाने में मददगार इंजेक्शन दिए गए जिसके बाद उनकी हालत में तत्काल सुधार हुआ।

दूसरा मामला 28 वर्षीय युवक का था जो गिरने के बाद बायीं तरफ लकवाग्रस्त हो गए थे। उनकी पत्नी ने मामले की गंभीरता को भांपकर उन्हें एक घंटे के अंदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनके ब्रेन की एमआरआई से स्ट्रोक का पता चला। उन्हें भी तुरंत क्लॉट्स को घुलाने वाले इंजेक्शन दिए गए, जिनसे उनकी हालत में सुधार आया और धीरे-धीरे उनके बाएं पैर और हाथ में ताकत भी लौट आयी।

तीसरा मामला 29 वर्षीय महिला का है जिन्होंने अचानक महसूस किया कि वह अपने शरीर के दाएं भाग को हिला नहीं पा रही थी। उन्हें फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया जहां उनके ब्रेन की एमआरआई से स्ट्रोक का पता चला। उन्हें भी तुरंत क्लॉट बस्टर इंजेक्शन दिया गया। धीरे-धीरे उनकी हालत में काफी हद तक सुधार हुआ और अब वह अपने सभी काम स्वयं करने लगी हैं।

चौथा मामला 48 वर्षीय एक महिला मरीज का था जिन्हें घर में काम करते हुए महसूस हुआ कि उनकी बायीं बाजू और पैर हिलाने में उन्हें तकलीफ हो रही थी और धुंधला दिखने लगा था। उनके पति उन्हें तुरंत फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा इलाज के लिए ले गए जहां तत्काल ब्रेन एमआरआई किया गया जिससे उन्हें स्ट्रोक होने की पुष्टि हुई। उन्हें डॉक्टरों ने क्लॉट घुलाने वाली दवाएं दी और उपचार शुरू हुआ, जिसके बाद धीरे-धीरे स्वास्थ्य लाभ शुरू हुआ।

डॉ. ज्योति बाला शर्मा, डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा, एक्यूट स्ट्रोक एक इमरजेंसी वाली स्थिति है और अगर किसी को भी अचानक बाजुओं, पैरों, चेहरे में कमजोरी महसूस हो या बोलने में परेशानी हो तो उन्हें (फेशियल डूपिंग यानी चेहरा लटकना, बाजू में कमजोरी, बोलने में कठिनाई, समय पर इलाज) के अनुरूप, लक्षणों के दिखाई देने के 4.5 घंटों के भीतर अस्पताल ले जाना चाहिए।

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]

## सर्वाधिक बढने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एक्सिस बैंक | 1.74 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.35 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 0.20 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 0.10 प्रतिशत |
| एनटीपीसी | 0.09 प्रतिशत |

## सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 4.06 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 3.54 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 3.36 प्रतिशत |
| बजाज फिनसर्व | 3.16 प्रतिशत |
| नेस्ले इंडिया | 2.81 प्रतिशत |

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# सहकारिता के माध्यम से प्रमाणिक बीजों का उत्पादन हो : शाह



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को सहकारी समितियों के माध्यम से वैज्ञानिक तरीके से फसलों के बीज उत्पादन पर जोर देते हुए कहा कि इससे देश की जरुरतों को पूरा किया जा सकेगा और दुनिया को इनका निर्यात भी किया जा सकेगा जिसका सबसे अधिक लाभ किसानों को मिलेगा।

श्री शाह ने भारतीय बीज सहकारी समिति द्वारा %सहकारी क्षेत्र में उन्नत एवं पारंपरिक बीजोत्पादन% पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश में वैज्ञानिक ढंग से तैयार बीज भरपूर मात्रा में किसानों को उपलब्ध नहीं है जिससे नुकसान हो रहा है। प्रमाणिक बीज किसानों तक उपलब्ध कराने के लिए इसका उत्पादन बढाना होगा। प्रमााणिक बीज से किसानों की पैदावार में 15 से 20 प्रतिशत की वृद्धि होती है।

उन्होंने कहा कि परम्परागत बीज के संरक्षण तथा इसके उत्पादन बढाने की जरुरत है क्योंकि इसमें भारी मात्रा में पोषक तत्व पाये जाते हैं जिसकी विश्व में भारी मांग है। उन्होंने कहा कि प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) के माध्यम से आसानी से वैज्ञानिक ढंग से बीज उत्पादन को बढावा दिया जा सकता है जिसका पूरा लाभ किसानों को मिलेगा। निजी क्षेत्र में जो बीज तैयार किया जाता है उसका लाभ छोटे और सीमांत किसानों को नहीं मिलता है।

उन्होंने कहा कि देश में सालाना करीब 465 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है जिसमें सरकारी क्षेत्र के बीजों का हिस्सा केवल 165 लाख क्विंटल ही है। सहकारिता के माध्यम से देश की जरुरतों का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही उपलब्ध हो पाता है। उन्होंने कहा कि तीन गुना अधिक बीज की जरुरत है जिसे सहकारिता समितियों से पूरा किया जा सकता है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि सहकारिता के माध्यम से देश में अनुसंधान एवं विकास के बल पर आधुनिक तकनीक से विश्व स्तरीय बीज तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए उपयुक्त तंत्र विकसित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में परम्परागत बीजों का उत्पादन किया जाता है लेकिन इसके बारे में लोगों को सही जानकारी नहीं है।

उन्होंने कहा कि बीजों के विकास में जलवायु परिवर्तन तथा आनुवांशिक का पूरा ध्यान रखा जा रहा है जिससे लोगों को स्वास्थ्यवर्धक खाद्यान्न मिल सके। उन्होंने कहा कि देश में परम्परागत किस्म के मोटे अनाजों के कुछ ऐसे बीज उपलब्ध हैं जिसकी आपूर्ति विश्व को की जा सकती है। इस अवसर पर सहकारिता क्षेत्र के नेता और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

**देश में सालाना करीब 465 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है जिसमें सरकारी क्षेत्र के बीजों का हिस्सा केवल 165 लाख क्विंटल ही है। सहकारिता के माध्यम से देश की जरुरतों का केवल एक प्रतिशत हिस्सा ही उपलब्ध हो पाता है। तीन गुना अधिक बीज की जरुरत है जिसे सहकारिता समितियों से पूरा किया जा सकता है। सहकारिता के माध्यम से देश में अनुसंधान एवं विकास के बल पर आधुनिक तकनीक से विश्व स्तरीय बीज तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए उपयुक्त तंत्र विकसित किया जायेगा :-**

**अमित शाह, केंद्रीय मंत्री, सहकारिता**

## एसपीडीए ने अपने ब्रांड को दी नई पहचान




**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर ,(एजेंसियां)। नवीकरणीय उर्जा को बढ़ावा देने वाले स्वतन्त्र संगठन एसपीडीए ने अपने ब्रांड को 'सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स डेवलपर्स एसोसिएशन' के रूप में नई पहचान दी है।

ब्रांड की यह नई पहचान नवीकरणीय उर्जा के डेवलपर से आगे बढ़कर विकार्बोनीकरण स्पैक्ट्रम में आधुनिक समाधान प्रदाता के रूप में संगठन के बदलाव के अनुरूप है। स्वच्छ उर्जा प्रणाली पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एसपीडीए- सस्टेनेबल प्रोजेक्ट्स डेवलपर्स एसोसिएशन उभरते विकार्बोनीकरण समाधानों जैसे हरित हाइड्रोजन एवं इसके व्युत्पन्न, पवन, सौर, हाइब्रिड समाधान, उर्जा संग्रहण जैसे पम्प्ड स्टोरेज एवं बैटरी, कार्बन मार्केट, सोलर मोड्यूल निर्माण एवं इलेक्ट्रोलाइज़र के निर्माण में अग्रणी रहा है। अब उर्जा रूपान्तरण से जुड़े मुद्दों पर नीतियों, चर्चाओं एवं आम सहमति को बढ़ावा देने के लिए तैयार है। एसोसिएशन हरित उर्जा की तरफ बदलाव को गति प्रदान करने और अपनी आउटरीच का लाभ उठाने में अग्रणी रहा है। साथ ही भारत में नवीकरणीय उर्जा एवं हरित ईंधन परियोजनाओं के लिए निवेश और नीतिगत सहयोग भी प्रदान करता रहा है। एसपीडीए की नई पहचान हरित सेवा क्षेत्र में इसकी स्थिति को और अधिक मजबूत बनाएगी तथा इसे विश्वस्तरीय संगठन के रूप में स्थापित कर विकार्बोनीकरण की दिशा में भारत के नेतृत्व को प्रोत्साहित करेगी। इस अवसर पर एसपीडीए के महानिदेशक एवं छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यपाल शेखर दत्त ने कहा, एसपीडीए का उद्देश्य देश में उर्जा रूपान्तरण में सक्रिय कंपनियों को एक निष्पक्ष मंच प्रदान करना और उनकी आवाज़ बनना है। यह नई पहचान एसपीडीए की विश्वस्तरीय पहुंच को बढ़ाने में कारगर होगी, जहां स्वच्छ उर्जा की दिशा में बदलाव सरकारों का नया मंत्र बन गया है। एसपीडीए भावी उर्जा के संदर्भ में विकार्बोनीकरण को समर्थन प्रदान करेगा।

संगठन के अध्यक्ष एवं अवादा ग्रुप के अध्यक्ष विनीत मित्तल ने कहा, जलवायु परिर्वन की समस्या को हल करना जल्द से जल्द ज़रूरी है। दुनिया भर की सरकारें एवं कारोबार सभी के लिए समृद्धि एवं आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए अधिक स्थायी दृष्टिकोण अपना रहे हैं।

## यूएनएकेडमी के ग्राफी ने पुनर्गठन के बीच लगभग 30 प्रतिशत नौकरियों में कटौती की : रिपोर्ट

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। एडटेक प्लेटफॉर्म यूएनएकेडमी के स्वामित्व वाले सॉफ्टवेयर-ए-ए-सर्विस प्लेटफॉर्म ग्राफी ने पुनर्गठन अभ्यास के क्रम में पिछले कुछ हफ्तों में अपने लगभग 20 से 30 प्रतिशत कार्यबल या लगभग 50 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। यह जानकारी गुरुवार को मीडिया रिपोर्ट में दी गई। इंक42 ने सूत्रों के हवाले से बताया कि ग्राफी, जो एडटेक रचनाकारों को शिक्षण प्रबंधन प्रणाली सेवाएं प्रदान करती है, राजस्व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रही है, जिससे कंपनी के भीतर पुनर्गठन हो रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यह स्पष्ट नहीं है कि ग्राफी की अधिग्रहीत कंपनियों - स्पायी और सीन्स में पुनर्गठन किया गया था या नहीं। यह खबर कुछ महीने पहले यूएनएकेडमी के सीईओ गौरव मुंजाल ने सोशल मीडिया पर ग्राफी की प्रशंसा करते हुए दावा किया था कि क्रिएटर्स ग्राफी पर पाठ्यक्रम बेचकर प्रतिमाह लगभग 30 लाख डॉलर (24 करोड़ रुपये) कमा रहे थे। जनवरी में ग्राफी के सीईओ सुमित जैन ने ट्वीट किया था कि कंपनी ने परिचालन लाभप्रदता हासिल कर ली है। वित्तवर्ष 22 में कंपनी का राजस्व 3.6 करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले 8.86 करोड़ रुपये रहा।

## भारत के तकनीकी क्षेत्र में तीसरी तिमाही के डील वैल्यू में 40 प्रतिशत की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (आईएएनएस)। भारतीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र में इस साल की तीसरी तिमाही में 1.4 अरब डॉलर मूल्य के 87 सौदे हुए, जो पिछली तिमाही की तुलना में मूल्य में 40 प्रतिशत की वृद्धि है। यह जानकारी गुरुवार को एक रिपोर्ट में दी गई। हालांकि, जुलाई-सितंबर की अवधि में सौदे की मात्रा में 13 प्रतिशत की गिरावट आई।

ग्रांट थॉर्नटन- भारत की रिपोर्ट में कहा गया है कि जेनेरिक एआई का उदय उद्योग को नया आकार दे रहा है, प्रमुख तकनीकी खिलाड़ी सक्रिय रूप से विभिन्न क्षेत्रों में दक्षता बढ़ाने के लिए इस तकनीक को अपना रहे हैं और इसका लाभ उठा रहे हैं।

ग्रांट थॉर्नटन-भारत के पार्टनर और टेक्नोलॉजी सेक्टर के लीडर राजा लाहिड़ी ने कहा, पिछले वर्ष की तुलना में सौदे के मूल्यों में 88 प्रतिशत की भारी कमी के साथ तकनीकी उद्योग को निवेश रणनीतियों का पुनर्मूल्यांकन करने पर विचार करना चाहिए। स्पेसटेक, सास, एआई और क्लाउड जैसे क्षेत्रों में नवाचार पर जोर देकर निवेशक उभरते परिदृश्य को नेविगेट कर सकते हैं। विलय और अधिग्रहण क्षेत्र में तीसरी तिमाही में 88.2 करोड़ डॉलर मूल्य के 20 सौदे हुए, जो पिछली तिमाही की तुलना में मात्रा में 9 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है, लेकिन सौदे के मूल्यों में 573 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।


मैपमाइइंडिया ने एआई-संचालित ट्रैवल सलाहकार, मैपल्स कोगो में 11 लाख डॉलर का निवेश किया। एग्रीटेक स्टार्ट-अप लीड्स कनेक्ट ने बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज से 6.02 करोड़ डॉलर हासिल किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रोक्सिमस ग्रुप द्वारा रूट मोबाइल में 72.1 करोड़ डॉलर में बहुमत हिस्सेदारी का अधिग्रहण सास बाजार में सबसे बड़ा सौदा है। निजी इक्विटी (पीई) परिदृश्य में प्रौद्योगिकी सौदों में मामूली गिरावट आई, जिसमें 67 लेनदेन कुल 56.4 करोड़ डॉलर थे, जो 2023 की दूसरी तिमाही की तुलना में मात्रा में 14 प्रतिशत की कमी और सौदा मूल्यों में 37 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। नाज़ारा टेक्नोलॉजीज ने प्रौद्योगिकी स्टार्टअप सेगमेंट में एसबीआई म्यूचुअल फंड योजनाओं से 6.22 करोड़ डॉलर की फंडिंग हासिल की। परफियोस को केदारा कैपिटल से 2.29 डॉलर का पर्याप्त निवेश प्राप्त हुआ, जो वर्ष के सबसे बड़े बी2बी सास सौदों में से एक है। इस अवधि में आईटी क्षेत्र में कुल मिलाकर 25.3 करोड़ डॉलर मूल्य के तीन आईपीओ आए।

# अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में तेजी से डूबा बाजार

**मुंबई** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के ग्यारह आधार अंक बढ़कर पांच प्रतिशत के करीब पहुंचने से फेड रिजर्व के ब्याज की दर को आगे भी उच्च स्तर पर बनाये रखने की आशंका में विश्व बाजार में आई गिरावट से हतोत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा बिकवाली से आज शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन हाहाकार रहा।

इसके अलावा टेक महिंद्रा के शुद्ध लाभ में पिछले सोलह साल में सबसे बड़ी गिरावट ने भी बाजार पर दबाव बनया। इससे बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 900.91 अंक अर्थात 1.41 प्रतिशत का गोता लगाकार चार महीने बाद 64 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 63148.15 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 264.90 अंक यानी 1.39 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 19 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 18857.25 अंक रहा गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों पर भी बिकवाली हावी रही। मिडकैप 1.06 प्रतिशत लुढ़ककर 30,591.65 अंक और स्मॉलकैप 0.32 प्रतिशत टूटकर 36,205.34 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3800 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2235 में गिरावट जबकि 1422 में तेजी रही वहीं 143 में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की 46 कंपनियां लाल जबकि शेष चार हरे निशान पर रही।

बीएसई में पावर और यूटिलिटीज समूह की 0.35 प्रतिशत तक की बढ़त को छोड़कर शेष 18 समूहों में 1.81 प्रतिशत तक की गिरावट रही। इस दौरान कमोडिटीज 1.18, सीडी 1.41, ऊर्जा 1.43, एफएमसीजी 0.38, वित्तीय सेवाएं 1.46, हेल्थकेयर 1.24, इंडस्ट्रियल्स 0.86, आईटी 0.83, दूरसंचार 1.25, ऑटो 1.81, बैंकिंग 1.00, कैपिटल गुड्स 1.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.41, धातु 1.54, तेल एवं गैस 1.54, रियल्टी 1.22, टेक 1.16 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.78 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गिरावट का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.46, जर्मनी का डैक्स 1.14, जापान का निक्केई 2.14 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.24 प्रतिशत टूट गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.48 प्रतिशत की बढ़त रही। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 275 अंक की गिरावट के साथ 63,774.16 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर भी रहा। वहीं, बिकवाली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 63,092.98 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 64,049.06 अंक के मुकाबले 1.41 प्रतिशत का गोता लगाकर 63,148.15 अंक पर रहा।

इसी तरह निफ्टी 95 अंक टूटकर 19,027.25 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,041.70 अंक के उच्चतम जबकि 18,837.85 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,122.15 अंक की तुलना में 1.39 प्रतिशत लुढ़ककर 18,857.25 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.06 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बजाज फाइनेंस 3.54, एशियन पेंट 3.36, बजाज फिनसर्व 3.16, नेस्ले इंडिया 2.81, टाइटन 2.76, जेएसडब्ल्यू स्टील 2.59, टेक महिंद्रा 2.25, एचडीएफसी बैंक 2.21, कोटक बैंक 2.00, मारुति 1.93, टाटा मोटर्स 1.79, एलटी 1.78, एसबीआई 1.65, टीसीएस 1.54, रिलायंस 1.41, टाटा स्टील 1.19, आईसीआईसीआई बैंक 0.75 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर भी 0.10 प्रतिशत टूटे। वहीं, एक्सिस बैंक 1.74, आईटीसी 0.35, एचसीएल टेक 0.20, इंडसइंड बैंक 0.10 और एनटीपीसी ने 0.09 प्रतिशत का मुनाफा कमाया।

## मेटा ने तीसरी तिमाही में 34 बिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित किया

**सैन फ्रांसिस्को,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। मेटा ने अपनी तीसरी तिमाही में 34 बिलियन डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल की समान अवधि से 23 प्रतिशत अधिक है। कुल लागत और व्यय 20.40 बिलियन डॉलर थाा तिमाही में शुद्ध आय एक साल पहले की तुलना में 164 प्रतिशत बढ़कर 11.58 बिलियन डॉलर हो गई। मेटा को उम्मीद है कि साल-दर-साल उसके परिचालन घाटे में सार्थक वृद्धि होगी। पिछले साल की शुरुआत से मेटा के एआर-वीआर डिवीजन को करीब 25 अरब डॉलर का नुकसान हुआ था। मेटा संस्थापक और सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा, हमारे समुदाय और व्यवसाय के लिए हमारे पास एक अच्छी तिमाही है। क्वेस्ट 3, रे-बैन मेटा स्मार्ट ग्लास और हमारे एआई स्टूडियो के लॉन्च के साथ हमारी टीमों ने एआई और मिश्रित वास्तविकता को आगे बढ़ाने के लिए जो काम किया है, उस पर मुझे गर्व है। मेटा स्टॉक शुरू में ऊपर गया, लेकिन फिर 3 प्रतिशत से अधिक गिर गया। कंपनी के पास सितंबर में औसतन 3.14 बिलियन पारिवारिक दैनिक सक्रिय लोग (डीएपी) थे, जो साल-दर-साल 7 प्रतिशत की वृद्धि है। सितंबर में फेसबुक के दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ता (डीएयू) औसतन 2.09 बिलियन थे, जो 5 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी ने कहा, हमें उम्मीद है कि 2023 की चौथी तिमाही में कुल राजस्व 36.5-40 अरब डॉलर के बीच रहेगा। मेटा के रियलिटी लैब्स डिवीजन, जो एआर-वीआर पर केंद्रित है, ने तिमाही के लिए परिचालन घाटे में 3.74 बिलियन डॉलर दर्ज किया। 30 सितंबर तक मेटा में 66,185 कर्मचारी थे, जो साल-दर-साल 24 प्रतिशत की कमी है।

## जिंसों में टिकाव



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त पड़ने से आज दिल्ली थोक बाजार में खाद्य तेल समेंत सभी जिंसों में टिकाव रहा।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में नवंबर का पाम ऑयल वायदा 78 रिंगिट उबलकर 3684 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह नवंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.78 सेंट की तेजी लेकर 53.38 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वह पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिकी रही।

**अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान चावल और गेहूं के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**दाल-दलहन :** चना 6150-6250, दाल चना 7150-7250, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 10200-10300, अरहर दाल 9000-9100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल : 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

# 800 क्लाइमेट रेजिलिएंट फसलों पर टिकी कृषि क्षेत्र की निगाह

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। बढ़ते तापमान के कारण खेती में संसाधनों की जरूरत और खपत बढ़ी है। इसे देखते हुए ग्लोबल साउथ के देशों को ऐसे कदम उठाने के लिए बाध्य होना पड़ा है, जिनसे कृषि क्षेत्र इस चुनौती से निपटने में सक्षम हो सके।

यद्यपि पर्यावरण की बदलती परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी ब्लूप्रिंट तैयार किए गए हैं, लेकिन मौसम के पैटर्न में तेजी से बदलाव ने फसल चक्र को पलट दिया है। इससे किसानों की पैदावार और आय पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

भारतीय कृषि क्षेत्र भी इन बदलावों से अछूता नहीं है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने जलवायु पैटर्न में बदलाव का सामना करने के लिए 800 से अधिक क्लाइमेट रेजिलिएंट किस्में विकसित की हैं। हालांकि केवल किस्में विकसित करना ही पर्याप्त नहीं है। इस संबंध में अधिक जागरूकता पैदा करने और इनकी आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित पक्षों को साथ आने की जरूरत है। इस सेक्टर को सरलता से आधुनिक प्रक्रियाएं अपनाने में मदद करने को लेकर क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के प्रबंध निदेशक अंकुर अग्रवाल कहते हैं कि कंपनी का प्रयास हमेशा यह सुनिश्चित करना रहा है कि भारतीय किसान पैदावार बढ़ाने की राह में कभी संसाधनों की कमी से परेशान न हों। उन्होंने कहा, भारतीय कृषि क्षेत्र जलवायु परिवर्तन के रूप में एक तूफान का सामना कर रहा है। हम खाद्य सुरक्षा पर स्थायी प्रभाव डालने वाले इस पर्यावरणीय बदलाव से निपटने के लिए नवीनतम आधुनिक प्रक्रियाएं अपनाने में मदद करने की जरूरत को समझते हैं।



भारत मुख्य रूप से एक कृषि प्रधान देश है और कृषक समुदाय देश की आर्थिक विकास की क्षमता का आधार है। हमारी कंपनी ने हमेशा ऐसे प्रोडक्ट्स एवं सॉल्यूशंस तैयार करने का प्रयास किया है, जो किसानों को उत्पादन एवं आय बढ़ाने में मदद करेंगे और उन्हें जलवायु परिवर्तन के कारण आने वाली चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाएंगे।

जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव का सामना करने के लिए एक संवेदनशील और उचित वैज्ञानिक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता ने कंपनियों को किसानों के लिए लीक से हटकर समाधान पेश करने के वास्ते बाध्य किया है। जलवायु परिवर्तन अब एक कठोर सच्चाई है,इससे निपटने के लिए एक ठोस दृष्टिकोण समय की मांग है। इसे देखते हुए कंपनियां अस्तित्व की इस लड़ाई में कृषि क्षेत्र की किस प्रकार सहायता करना चाह रही हैं।

होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड के महाप्रबंधक (बिजनेस स्ट्रेटजी एंड डेवलपमेंट) मोहित कुमार सिंह ने कहा, हम किसी भी तरह कृषि क्षेत्र पर पड़ रहे जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से इनकार नहीं कर सकते। भारतीय कृषि क्षेत्र ने हमेशा लचीलापन (रेजिलिएंस)दिखाया है और हम पिछले 38 वर्षों से इसकी विकास यात्रा में एक गौरवशाली भागीदार रहे हैं। भारतीय कृषि उद्योग की उत्पादकता एवं दक्षता बढ़ाने के लिए कृषि मशीनीकरण को अपनाना जरूरी है। होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स भारत में कृषि मशीनीकरण के महत्व को समझता है।

## सार संक्षेप

### रुपया नौ पैसे टूटा

**मुंबई।** अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड में जबरदस्त तेजी की बदौलत दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया नौ पैसे टूटकर 83.26 रुपये प्रति डॉलर रह गया। वहीं, इसके पिछले कारोबारी दिवस रुपया 83.17 रुपये प्रति डॉलर रहा था। कारोबार की शुरुआत में रुपया तीन पैसे फिसलकर 83.20 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और सत्र के दौरान आयातकों एवं बैंकरों की लिवाली के दबाव में 83.26 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। वहीं, बिकवाली होने से यह 83.19 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 83.17 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले नौ पैसे टूटकर 83.26 रुपये प्रति डॉलर रह गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी ट्रेजरी यील्ड के 11 आधार अंक बढ़कर पांच प्रतिशत होने से आज डॉलर में जबरदस्त तेजी रही और यह तीन सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दबाव में रुपया कमजोर पड़ गया। साथ ही घरेलू शेयर बाजार की करीब डेढ़ प्रतिशत की गिरावट का भी रुपये पर असर पड़ा।

### पंजाब नेशनल बैंक का शुद्ध लाभ 1,756.13 करोड़ रुपए

**चेन्नई।** भारत सरकार के स्वामित्व वाले पंजाब नेशनल बैंक ने गुरुवार को कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 1,756.13 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया। एक नियामक फाइलिंग में, पंजाब नेशनल बैंक ने कहा कि 30 सितंबर को समाप्त तिमाही के लिए उसने 26,354.92 करोड़ रुपये की कुल ब्याज आय और 1,756.13 करोड़ रुपये (411.27 करोड़ रुपये) का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस अवधि के दौरान, बैंक ने अन्य आय के रूप में 93.21 करोड़ रुपये (104.42 करोड़ रुपये) अर्जित किए, जिससे कुल आय 29,383.20 करोड़ रुपये (23,001.26 करोड़ रुपये) हो गई। 30 सितंबर को, पंजाब नेशनल बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (जीएनपीए) और शुद्ध एनपीए क्रमशः 65,563.12 करोड़ रुपये (87,034.79 करोड़ रुपये) और 13,114.12 करोड़ रुपये (29,348.16 करोड़ रुपये) थी।

### लुब्रिज़ोल और ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने सीपीवीसी रेजिन प्लांट की आधारशिला रखी

**नई दिल्ली।** लुब्रिज़ोल , विशेष रसायनों में वैश्विक अग्रणी और ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आदित्य बिड़ला समूह की प्रमुख कंपनी ने आज विलायत, गुजरात, भारत में 100,000 मीट्रिक टन सीपीवीसी रेजिन प्लांट के पहले चरण की आधारशिला रखी। ग्रासिम इंडस्ट्रीज की साइट पर स्थित सुविधा विश्व स्तर पर सीपीवीसी रेजिन उत्पादन के लिए सबसे बड़ी एकल-साइट क्षमता होगी, जिसे भारत के साथ-साथ नेपाल, बांग्लादेश और इंडोनेशिया जैसे पड़ोसी देशों में पाइपिंग अनुप्रयोगों के लिए बढ़ती सीपीवीसी मांग को पूरा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह रेज़िन प्लांट लुब्रिज़ोल की सबसे उन्नत सीपीवीसी रेज़िन निर्माण तकनीक का उपयोग करेगा। यह तकनीक, विश्वसनीय विनिर्माण में ग्रासिम की विशेषज्ञता के साथ मिलकर, उच्च गुणवत्ता वाली, स्थानीय रूप से निर्मित सीपीवीसी सामग्री तक पहुंच को सक्षम बनाएगी।

# खेल जगत

## पहली 20 गेंदों तक मैंने खुद को शांत रखा और फिर अटैक किया : मैक्सवेल

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के धुरंधर ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने स्वीकार किया कि विश्व कप इतिहास में सबसे तेज शतक जड़ने से पहले अपनी पारी की पहली 20 गेंदों में खुद को शांत रखना उनके लिए थोड़ा अजीब था। उन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में मैक्सवेल ने दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम के सबसे तेज़ वनडे विश्व कप शतक के रिकॉर्ड को तोड़ दिया, जो इस महीने की शुरुआत में इसी पिच पर केवल 49 गेंदों पर आया था। मैक्सवेल ने 44 गेंदों पर नौ चौकों और आठ छक्कों की मदद से 106 रन बनाए, जो अब कुल मिलाकर पुरुषों के एकदिवसीय क्रिकेट में चौथा सबसे तेज़ शतक है। मैक्सवेल ने कहा, यह थोड़ा अजीब है कि मुझे पहली 20 गेंदों के लिए खुद को शांत करना पड़ा और पुनर्निर्माण करना पड़ा।



# लाहिरू के गेंद से कमाल व निसंक की बेहतरीन पारी से श्रीलंका ने इंग्लैंड को दी आठ विकेट से शिकस्त

सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। तेज गेंदबाज लाहिरू कुमार (3/35) की गेंद से धार और सलामी बल्लेबाज पथुम निसंक की 77 रन की बेहतरीन पारी की बदौलत श्रीलंका ने मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड को बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में बृहस्पतिवार को आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप में आठ विकेट से हरा पांच मैचों की दूसरी जीत दर्ज कर पांचवें स्थान पर पहुंच गई। वहीं इंग्लैंड की टीम पांच मैचों में लगातार तीसरी और कुल चौथी हार और मात्र एक जीत से नौवें स्थान पर खिसक गई। मैन ऑफ द' मैच तेज गेंदबाज लाहिरू कुमार (3/35) की अगुआई में अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज (2/15) और कसुन रजिता (2/36) ने गेंदबाजी इकाई के रूप में श्रीलंका के लिए रफ्तार के साथ दिखा कर बेन स्टोक्स की 73 गेंदों छह चौकों की 43 रन की संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद इंग्लैंड कों 33.2 ओवर में मात्र 156 रन पर समेट दिया। डेविड विली 17 गेंद खेल एक छक्के और एक चौके की बदौलत 14 रन बनाकर अविजित रहे।





सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका(अविजित 77 रन,83 रन, दो छक्के और 7 चौके) और सदीरा समरविक्रम(अविजित 67, 54 गेंद,एक छक्का , सात चौके) की तीसरे विकेट की 137 रन की अटूट भागीदारी की बदौलत श्रीलंका ने 25.4 ओवर में मात्र दो विकेट खोकर 160 रन बनाकर मैच जीत लिया। निसंक ने लेग स्पिनर आदिल रशीद के पांचवें ओवर की चौथी गेंद पर छक्का जड़ श्रीलंका को शानदार जीत दिलाई। डेविड विली(2/30) से दिए दो शुरुआती झटकों से श्रीलंका को उबार कर जीत दिला दी। जब इंग्लैंड के तेज गेंदबाज डेविड विली ने अपने पहले ओवर में कुशल परेरा(4) को बेन स्टोक्स के हाथों कैच मिड ऑफ पर और तीसरे ओवर में कप्तान कुशल मेंडिस(11 रन, 12 गेंद,2 चौके) को आउट कर दो विकेट मात्र 23 रन पर निकाल दिए जब श्रीलंका की टीम गहरे संकट में लगी। सलामी बल्लेबाज निसंका बहुत समझबूझ से खेलते हुए सदीरा के साथ मिलकर श्रीलंका को जीत दिला कर दम लिया। इससे पहले डेविड मलान(28 रन, 25 गेंद, छह चौके) और जॉनी बैरिस्टो(30 रन, 31 गेंद, तीन चौके) की सलामी जोड़ी की 6.3 ओवर में 45 रन की तेज भागीदारी को अनुभवी ऑलराउंडर तेज मैथ्यूज ने विकेटकीपर मेंडिस के हाथों कैच करा तोड़ा। तीन ओवर बाद मैथ्यूज की गेंद पर एक रन चुराने के फेर में भरोसेमंद जो रूट(3) के रूप में इंग्लैंड ने दूसरा विकेट 57 रन पर क्या गंवाया कि फिर विकेटों की झड़ी ही लग गई। जॉनी बैरिस्टो ने रजिता की गेंद को उड़ाने की कोशिश में मिडऑन पर डिसिल्वा को कैच थमाया और इंग्लैंड ने तीसरा विकेट 68 रन पर गंवाया। अनुभवी बेन स्टोक्स ने एक छोर संभाल कर इंग्लैंड की पारी को संभालने की कोशिश की लेकिन दूसरे छोर से बराबर बल्लेबाज आते रहे और आउट होकर जाते रहे। तेज गेंदबाज कुमार ने कप्तान जोस बटलर (8) को विकेटकीपर कुशल मेंडिस के हाथों, लियाम लिविंगस्टन (1) को एलबीडब्ल्यू आउट कर इंग्लैंड का स्कोर 17 वें ओवर में पांच विकेट पर 85 रन कर दिया। बेन स्टोक्स ने मोइन अली (15 रन, 15 गेंद, एक चौका) के साथ छठे विकेट के लिए 37 रन जोड़ कर स्कोर को 122 रन पर पहुंचाया था कि तभी मोइन ने मैथ्यूज की गेंद को उड़ाने की कोशिश में परेरा के हाथों कैच करा इस भागीदारी को तोड़ा और टीम के स्कोर में एक रन ही जुड़ा था कि क्रिस वॉक्स (0)ने रजिता की गेंद पर बड़ा स्ट्रोक खेलने की कोशिश में पॉइंट पर समरविक्रमा को कैच थमा दिया। लाहिरु कुमार ने पारी के31 वें ओवर में स्टोक्स को स्थानापन्न फील्डर हेमंत के हाथों कैच करा अपना तीसरा विकेट लेकर इंग्लैंड का आठ विकेट पर 137 कर उसका सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने की उम्मीद पर पानी फेर दिया और टीम के स्कोर में दस और जुड़े थे कि आदिल रशीद (2) एक तेज रन दौडने् के फेर में रन आउट हो गए। ऑफ स्पिनर महिश तीक्ष्णा ने मार्क वुड(5) को विकेटकीपर मेंडिस के हाथों स्टंप कर इंग्लैंड की पारी 33 वें ओवर में समेट दी।

## थोड़ा हैरान हूं, लेकिन टीम के लिए जो करना होगा करूंगा : स्मिथ



**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के प्रमुख बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने स्वीकार किया कि जब उनसे कहा गया कि टीम में बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड की संभावित वापसी को समायोजित करने के लिए उन्हें निचले क्रम में बल्लेबाजी करने की जरूरत होगी तो उन्हें थोड़ा झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया का वर्ल्ड कप का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से शनिवार को धर्मशाला में होगा। बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में, स्मिथ ने नीदरलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के 399-8 के कुल स्कोर में 309 रन की विशाल जीत में तीसरे नंबर के बल्लेबाज के रूप में 68 गेंदों में 71 रन बनाए। लेकिन अगर हेड डेविड वार्नर और मिशेल मार्श के साथ बल्लेबाजी की शुरुआत करने के लिए वापस आते हैं और तीसरे नंबर पर आते हैं तो स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में एक स्थान नीचे चौथे नंबर पर आना पड़ सकता है।

क्रिकेट.कॉम.एयू ने स्मिथ के हवाले से कहा, मुझे लगता है कि जब आप तीन से चार पर आते हैं तो यह एक अलग तरह की मानसिकता होती है। तो हां, अगर ट्रैव खेल रहा होता तो मुझे बताया जाता कि मुझे चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करनी है। मैं वही करूंगा जो टीम चाहेगी। मैंने ऐसा किया है। तीसरे नंबर पर मेरा रिकॉर्ड काफी अच्छा है, इसलिए मैं एक तरह से थोड़ा हैरान था, लेकिन मुझे टीम के लिए जो करना होगा वह करूंगा। हालाँकि उन्होंने विश्व कप में अपनी बल्लेबाजी की स्थिति में फेरबदल पर आश्चर्य व्यक्त किया, स्मिथ प्रतियोगिता में अपने बढ़ते फॉर्म से खुश थे क्योंकि ऑस्ट्रेलिया ने अब तीन जीत हासिल की हैं - श्रीलंका, पाकिस्तान और नीदरलैंड के खिलाफ - भारत और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दो हार के साथ अपने अभियान की शुरुआत करने के बाद।

आप सब कुछ एक साथ लाने की कोशिश करना चाहते हैं और (टूर्नामेंट के) बैक-एंड की ओर जितना संभव हो सके लगातार खेलना चाहते हैं। एक बल्लेबाज के दृष्टिकोण से, आप एक दिवसीय क्रिकेट में स्कोर बना सकते हैं।

उन्होंने आगे कहा, मैंने ऐसा पहले 2015 में किया है (विश्व कप, लगातार पांच 50 से अधिक स्कोर के साथ), मैंने इसे 2019 में थोड़ा सा किया है (विश्व कप, चार पारियों में तीन 50+ स्कोर के साथ), और एक बार जब आप वह लय हासिल कर लेते हैं और खेलने के उस तरह के क्षेत्र में, जिस तरह से आप खेलना चाहते हैं - मुझे लगता है कि डेवी (वार्नर) इस समय उसी तरह के पैच में हैं - आप उछाल पर कुछ स्कोर प्राप्त कर सकते हैं, और जाहिर है जब आपका शीर्ष क्रम अच्छा स्कोर कर रहा हो चलता है, आपने खुद को अच्छी तरह से स्थापित कर लिया है।

## हम महिला एशियन चैंपियंस में हर मैच जीतना चाहते हैं : सविता

■ ओलंपिक क्वॉलिफायर की तैयारियों को आंकने लिए अहम है एशियन चैंपियंस ट्रॉफी



सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (देशबन्धु)। गोलरक्षक सविता पूनिया की अगुआई में भारत की निगाहें रांची में शुक्रवार से शुरू हो रही झारखंड महिला एशियन चैंपियन ट्रॉफी हॉकी, रांची 2023 में दूसरी बार खिताब जीतने पर लगी हैं। भारतीय महिला टीम अपने अभियान का आगाज थाईलैंड के खिलाफ मैच से शुक्रवार को करेगी।ारतीय महिला हॉ टीम रने इससे पहले 2016 में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में खिताब जीता था और 2013 और 2018 के संस्करण में उपविजेता और 2010 में उपविजेता रही थी।

भारत की कप्तान सविता ने महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी मैचों की अहमियत की बाबत कहा, % इस तरह के टूर्नामेंट में आप किसी भी टीम को हल्के नहीं ले सकते हैं। हमारी निगाहें इस टूर्नामेंट के मैचों पर लगी है क्योंकि इन मैचों से हमें एशिया कुछ बेहद मजबूत टीमों के खिलाफ खुद को आंकने का मौका मिलेगा। हम रांची में ही हाशेने वाले 2024 के ओलंपिक क्वॉलिफायर्स की तैयारियों में जुटे हैं और इसीलिए हम रांची में महिला एशियन चैंपियंस में हर मैच जीत इसमें अच्छा प्रदर्शन करना चाहते हैं। हमारे लिए यह टूर्नामेंट खुद ओलंपिक में स्थान पाने के ओलंपिक क्वॉलिफायर की अपनी तैयारियों को आंकने के लिहाज से बेहद अहम हैं।।'

कप्तान सविता की राय से इत्तफाक जताते हुए भारतीय हॉकी टीम की चीफ कोच यांकी शॉपमैन ने कहा, %ओलंपिक क्वॉलिफायर से पहले हमारे लिए एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के मैच खेलना अन्य टीमों को आंकने के साथ यह भी जानने का मौका है कि खिलाडियों को जो रोल दिया गया है उसे वे कैसे निभाती हैं। एशियाई खेलों में हमारा प्रदर्शन उत्साहवर्द्धक रहा और अब अपनी टीम को रांची में एशियन चैंपियिंस में खेलते देखने को बेताब हूं।'

दस दिन तक चलने वाली इस टूर्नामेंट में रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम में भारत, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया ,मलयेशिया और थाईलैंड सहित छह टीमें राउंड रॉबिन लीग आधार पर चलेंगी। अंकों के आधार शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेगी। मौजूदा चैंपियन जापान और अपने घर में 19 वें हांगजू एशियाई खेलों स्वर्ण पदक जीतने वाली चीन के प्रदर्शन पर सभी की निगाहें रहेंगी। चीन और जापान के साथ एशियाई खेलों में कांसा जीतने वाली भारतीय टीम भी रांची में खिताब की प्रमुख दावेदारों में से एक है। गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम मजबूत ढंग से अपने अभियान का आगाज करने को बेताब है।

# हार पर आलोचना के बीच पीसीबी ने क्रिकेट जगत, प्रशंसकों से पाकिस्तान टीम के लिए मांगा समर्थन

**नई दिल्ली,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। लगातार तीन हार पर आलोचना के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को क्रिकेट जगत और प्रशंसकों से मौजूदा विश्व कप में बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम का समर्थन करने का आग्रह किया है। पाकिस्तान, 1992 का चैंपियन, वर्ल्ड कप 2023 में पांच मैच खेलने के बाद वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और केवल दो बार जीत हासिल की है। उसका वर्तमान नेट रन रेट नेगेटिव है।

वहीं पाकिस्तान का आगे मुकाबला दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और बांग्लादेश से होगा। पीसीबी आईसीसी विश्व कप 2023 में राष्ट्रीय टीम को मिली लगातार तीन हार के बाद क्रिकेट प्रशंसकों की भावनाओं और संवेदनाओं को स्वीकार करता है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में बोर्ड को उम्मीद है कि क्रिकेट बिरादरी और प्रशंसक कप्तान बाबर आजम का समर्थन करना जारी रखेंगे। गुरुवार को एक बयान में पीसीबी ने कहा, राष्ट्रीय टीम के पास अभी भी राउंड-रॉबिन चरण में चार महत्वपूर्ण मैच शेष हैं और पीसीबी आशावादी है कि टीम फिर से संगठित होगी, असफलताओं से उबरेगी और आगामी मुकाबलों में सकारात्मक और प्रभावी प्रदर्शन करेगी। प्रतियोगिता में लगातार तीन हार झेलने के बाद पाकिस्तान टीम को अपने अप्रभावी प्रदर्शन और रणनीतियों के कारण भारी आलोचना का सामना करना पड़ा था। विशेषकर पीसीबी प्रमुख जका अशरफ द्वारा विश्व कप के बाद राष्ट्रीय टीम की योजना की रूपरेखा तैयार करने के लिए कई पूर्व क्रिकेटरों से मुलाकात करने की खबरें आने के बाद आलोचना और अधिक बढ़ने लगी।

2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में पाकिस्तान का अगला मैच शुक्रवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होगा।

PCB
Pakistan Cricket Board

विश्व कप 2023 में राष्ट्रीय टीम को मिली लगातार तीन हार के बाद क्रिकेट प्रशंसकों की भावनाओं और संवेदनाओं को स्वीकार करता है। इस चुनौतीपूर्ण माहौल में बोर्ड को उम्मीद है कि क्रिकेट बिरादरी और प्रशंसक कप्तान बाबर आजम का समर्थन करना जारी रखेंगे। राष्ट्रीय टीम असफलताओं से उबरेगी और आगामी मुकाबलों में सकारात्मक और प्रभावी प्रदर्शन करेगी : पीसीबी

## पाकिस्तान सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर सकता है : मिकी आर्थर

चेन्नई। पाकिस्तान टीम के निदेशक मिकी आर्थर को उम्मीद है कि उनकी टीम शुक्रवार को विश्व कप 2023 के अपने छठे मैच में दक्षिण अफ्रीका से खेलकर अपने अभियान को पटरी पर लाएगी। टीम ने हैदराबाद में नीदरलैंड और श्रीलंका पर जीत के साथ अपने अभियान की शानदार शुरुआत की थी, लेकिन जब उन्हें लगातार तीन हार का सामना करना पड़ा तो उनके प्रदर्शन में भारी गिरावट आई जिससे टीम को काफी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। पाकिस्तान को एमए चिदंबरम स्टेडियम में अफगानिस्तान से करारी हार का सामना करना पड़ा। आर्थर ने कहा, हमें विश्व कप जीतने के लिए छह मैच मिले हैं। हमें लय में बने रहना होगा और लगातार छह मैच जीतने होंगे। हम जानते हैं कि एक टीम के रूप में हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपनी रणनीति पर शत-प्रतिशत अमल करें और अगर हम ऐसा करते हैं, तो ऐसा कोई कारण नहीं है कि हम विश्व कप नहीं जीत सकें। मुझे नहीं लगता कि पिछले तीन मैचों में हमारा कौशल वहां रहा है जहां उन्हें होना चाहिए था, लेकिन इन खिलाड़ियों के पास कौशल है। मिकी आर्थर का मानना है कि पाकिस्तान को सेमीफाइनल के लिए क्वालीफिकेशन की अपनी संभावनाओं को मजबूत करने के लिए खेल के तीनों पहलुओं पर ध्यान देना होगा।

## सार संक्षेप

### अच्छा टीम वर्क रहेगा तो परफॉर्मेंस भी अच्छी होगी : रोहित

**नई दिल्ली।** भारत के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए अब तक विश्व कप 2023 शानदार रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने अपने सभी पांच लीग मैच जीते हैं, जिसमें कप्तान की बल्ले से भी अहम भूमिका रही है। भारत अपने अगले मैच में 29 अक्टूबर को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है। रोहित ने टूर्नामेंट में मेजबान टीम का नेतृत्व करने पर अपने विचार साझा किए और बताया कि वह टीम में सभी को कैसे मैनेज कर रहे हैं। भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि जब खिलाड़ियों को प्रबंधित करने की बात आती है, तो यह काफी महत्वपूर्ण है कि आप पहले व्यक्ति और उनकी आवश्यकता को समझें, उस विशेष व्यक्ति की पसंद और नापसंद क्या है क्योंकि आप जानते हैं कि टीम के खेल में यह सिर्फ एक या दो व्यक्तियों या कुछ के बारे में नहीं है। यह हर किसी के बारे में है। हम यह भी समझते हैं कि जब आप चैंपियनशिप, बड़े टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं, तो हर किसी को पार्टी में आना होगा और अपनी भूमिका निभानी होगी। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखें। इसलिए, हर किसी की बात सुनना, यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि वे क्या चाहते हैं, वे कैसे काम करना चाहते हैं और इस तरह की चीजें और फिर आप हर चीज को ध्यान में रखते हैं और आगे बढ़ते हैं और यह कुछ ऐसा है जो मैं हमेशा करता हूं।

### ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड को हुआ 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर का घाटा : रिपोर्ट

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को 2022 पुरुष टी20 विश्व कप की मेजबानी के माध्यम से 43 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई के बावजूद 2022-23 वित्तीय वर्ष के लिए 16.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर के नुकसान की सूचना दी है। एक बयान में कहा गया कि गैर-एशेज वर्ष के दौरान कम मीडिया अधिकारों और मैच राजस्व के साथ राजस्व चक्र में अपेक्षित कम अंक के कारण नुकसान हुआ। हालांकि पुरुषों के टी 20 विश्व कप में स्टेडियमों में भारी भीड़ देखी गई। जिसमें एमसीजी में भारत और पाकिस्तान के बीच मैच के लिए 92,000 फैंस शामिल थे। बयान में कहा गया, खिलाड़ियों के भुगतान को छोड़कर कुल खर्च में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वित्तीय वर्ष के दौरान, सीए ने 2024-31 तक ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट के प्रसारण के लिए फॉक्सटेल ग्रुप और सेवन वेस्ट मीडिया के साथ 1.512 बिलियन डॉलर के सात-वर्षीय मीडिया अधिकार समझौते पर हस्ताक्षर किए और ऑस्ट्रेलियाई प्रसारण के अधिकार के लिए डिज़नी स्टार के साथ एक नया सात-वर्षीय समझौता किया।

# भारत की गेंदबाजी लाइन-अप सबसे संतुलित : बद्रीनाथ



नई दिल्ली, 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेटर से कमेंटेटर बने सुब्रमण्यम बद्रीनाथ ने मौजूदा क्रिकेट विश्व कप में भारत के प्रभावशाली प्रदर्शन पर अपनी अंतर्दृष्टि साझा की, विशेष रूप से टीम के प्रभावशाली प्रदर्शन और रोहित शर्मा के नेतृत्व पर प्रकाश डाला। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा मौजूदा आईसीसी विश्व कप में अपने आक्रामक और हमलावर इरादे के साथ शानदार लय में दिख रहे हैं। उन्होंने 5 पारियों में कई रिकॉर्ड तोड़ते हुए 311 रन बनाए हैं। 11 अक्टूबर को दिल्ली में अफगानिस्तान के खिलाफ 131 रनों की पारी के दौरान उन्होंने पांच छक्के लगाए, जिससे उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के 553 छक्कों के सर्वाधिक अंतरराष्ट्रीय छक्कों के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। वह वनडे विश्व कप में डेविड वार्नर के साथ संयुक्त रूप से सबसे तेज 1000 रन बनाने वाले खिलाड़ी भी बन गए।

शर्मा की कप्तानी और एक सलामी बल्लेबाज के रूप में प्रभाव के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, बद्रीनाथ ने कहा, सबसे पहले, उनकी कप्तानी बहुत अच्छी रही है। वह प्रक्रिया पर अड़े रहे और सही खिलाड़ियों का समर्थन किया। विशेष रूप से, वह शार्दुल ठाकुर पर बहुत भरोसा दिखा रहे हैं और शायद उस कदम का फल मिलने का समय आ गया है। मुझे लगता है कि उनके बीच कप्तान-खिलाड़ी का रिश्ता वास्तव में मजबूत है। कुल मिलाकर, मुझे लगता है कि रोहित एक बड़े भाई प्रकार के कप्तान हैं। वह सहज स्वभाव का है और लड़कों के साथ उसके अच्छे संबंध हैं। इसलिए, मुझे लगता है कि वह काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और उसकी बल्लेबाजी फॉर्म जबरदस्त है। उन्होंने पहले भी इस बारे में बात की है और कहा है कि वह शुरू से ही सकारात्मक रूप से खेलेंगे और वह यही कर रहे हैं। बद्रीनाथ ने स्पिनर कुलदीप यादव के पुनरुत्थान और भारत की गेंदबाजी लाइनअप में संतुलन पर भी चर्चा की।

बद्रीनाथ ने कहा, दो बातें। यदि आप तकनीकी दृष्टिकोण से इस पर विचार करते हैं, तो उन्होंने अपने रन-अप पर काम किया है, इसे अधिक सीधा बनाया है, जिससे उनकी गेंदबाजी को और अधिक गति मिलती है। इसके अलावा, उन्होंने अपनी गैर-गेंदबाजी भुजा में सुधार किया है, जो अब और अधिक सीधा हो गया है। इन दो तकनीकी समायोजनों से उनकी हवाई गति बढ़ गई है। बद्रीनाथ ने हार्दिक पांड्या की चोट के कारण अनुपस्थिति के बारे में भी बात की और उनका मानना है कि टीम को इंग्लैंड के खिलाफ मैच को उनकी अनुपस्थिति में अपनाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, बद्रीनाथ ने अपरीक्षित मध्यक्रम और भारत के विश्व कप अभियान को लेकर सतर्क आशावाद पर प्रकाश डाला।

हार्दिक एक बड़ी कमी है, वह प्रमुख खिलाड़ी है जो रोहित और टीम इंडिया के लिए संतुलन प्रदान करता है। लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से एक गेंदबाज को खिलाना चाहूँगा, चाहे वह शमी हो या अश्विन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मैं एक ऐसा गेंदबाज चाहता हूँ जो 10 ओवर गेंदबाजी कर सके क्योंकि मैं शार्दुल को मैच में 10 ओवर गेंदबाजी करते हुए नहीं देखता क्योंकि वह ऐसा करेगा। मुश्किल हो सकता है। भारत के मध्यक्रम का परीक्षण नहीं किया गया है, लेकिन यह चिंता की बात नहीं है, क्योंकि भारत हावी रहा है और शीर्ष क्रम रन बना रहा है इसलिए इसे चिंता का विषय नहीं कहा जा सकता, लेकिन यह एक सच्चाई है। लेकिन ये चीजें खेल में होती हैं, आप बहुत अच्छा क्रिकेट खेलने की कीमत नहीं चुका सकते। मुझे उम्मीद है कि 2019 के राक्षस आकर भारत को परेशान नहीं करेंगे, यही मेरी एकमात्र चिंता है। भारत रविवार को लखनऊ के एकाना स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगा।

## वेनेजुएला शीर्ष 50 में लौटा, अर्जेंटीना की बढ़त बरकरार



**ज्यूरिख,** 26 अक्टूबर (एजेंसियां)। इस महीने की शुरुआत में 165 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गए, जिनमें फीफा विश्व कप के 26 क्वालीफायर, महाद्वीपीय प्रतियोगिताओं के प्रारंभिक दौर के मुकाबले और कॉनकाकाफ नेशंस लीग के मुकाबले मुख्य आकर्षण रहे। इन फिक्स्चर ने निश्चित रूप से एक छाप छोड़ी, जिसमें फीफा विश्व रैंकिंग का नवीनतम संस्करण भी शामिल है।

हालांकि, शीर्ष तीन में कोई बदलाव नहीं हुआ है। अर्जेंटीना (प्रथम) ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी फ्रांस पर अच्छी बढ़त (8.18 अंक) बनाए रखी है। इस बीच, लेस ब्लेस ने दूसरे स्थान पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, जिससे उनके और ब्राजील (तीसरे) के बीच का अंतर (जो अब 40.91 अंक है) बढ़ गया है। वेनेजुएला से घरेलू मैदान पर 1-1 से बराबरी पर छूटने और उरुग्वे से 2-0 से हार के बावजूद इंग्लैंड (चौथे) अपने स्थान पर बना हुआ है। बेल्जियम शीर्ष 5 में बना हुआ है, लेकिन पुर्तगाल (6वें, 2वें स्थान ऊपर) दरवाजे पर दस्तक दे रहा है और बेल्जियम की नजरें भी पुर्तगाल पर होंगी। अपने इबेरियन पड़ोसियों की तरह, स्पेन (8वें, 2वें स्थान ऊपर) ने भी प्रगति की है - वे अब नीदरलैंड्स (7वें) के बाद अगले स्थान पर हैं। इसके बाद इटली (9वें) और क्रोएशिया (4 स्थान नीचे, 10वें) आते हैं, 2018 फीफा विश्व कप के उपविजेता रूस ने हाल की असफलताओं के बावजूद शीर्ष दस में अपना स्थान बरकरार रखा है।